RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 14 अंक 322
लखनऊ, मंगलवार, 17 सितंबर, 2024
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ
नगर संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



सिर्फ कड़े कानून से न्यायपूर्ण समाज नहीं बनता
राष्ट्रीय-9

# मोदी सरकार के 100 दिनों में लगी परियोजनाओं की झड़ी











**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री नरेंद्र** मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के ऐतिहासिक तीसरे कार्यकाल के पहले 100 दिनों में 15 लाख करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाएं शुरू की गई हैं। एक सरकारी बयान के अनुसार, ये परियोजनाएं बुनियादी ढांचे, किसानों, मध्यम वर्ग, महिलाओं और अल्पसंख्यकों सहित अन्य पर केंद्रित हैं। यह संयोग की बात है कि मंगलवार को प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर केंद्र सरकार के 100 दिन पूरे हो रहे हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए प्रचार अभियान शुरू करने से पहले अधिकारियों को तीसरी एनडीए सरकार के पहले 100 दिनों में कई काम पूरा करने की जिम्मेदारी दी थी।

बयान में कहा गया कि केंद्र सरकार ने 100 दिनों में 3 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाओं को मंजूरी दी है, जिसमें मुख्य रूप से सड़क, रेलवे, बंदरगाह और हवाई मार्ग पर ध्यान केंद्रित किया गया है। इसमें 900 किलोमीटर से अधिक लंबी आठ राष्ट्रीय हाई-स्पीड रोड कॉरिडोर परियोजनाओं को मंजूरी शामिल है। इसमें महाराष्ट्र में 76,200 करोड़ रुपये की लागत से वधावन मेगा पोर्ट को मंजूरी देना भी शामिल है, जो दुनिया के शीर्ष 10 बंदरगाहों में से एक होगा। सरकार ने लद्दाख को हिमाचल प्रदेश से जोड़ने के लिए शिंखुन-ला सुरंग की आधारशिला भी रखी है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त जारी की गई। किस्त के तहत 9.3 करोड़ किसानों को 20,000 करोड़ रुपये वितरित किए गए हैं। बयान में कहा गया है, अब तक कुल 12 करोड़ 33 लाख किसानों को 3 लाख करोड़ रुपये वितरित किए गए हैं। इसके अलावा, 2024-25 के लिए खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि की गई है, जिससे 12 करोड़ किसानों को लगभग 2 लाख करोड़ रुपये का लाभ हुआ है। सरकार के बयान में कहा गया है कि मध्यम वर्ग को राहत देते हुए एनडीए सरकार ने 7 लाख रुपये तक की आय पर कोई कर नहीं लगाने की घोषणा की, जिससे वेतनभोगी व्यक्तियों को करों में 17,500 रुपये तक की बचत करने में मदद मिली। बयान में कहा गया है, मानक कटौती बढ़ाकर 75,000 रुपये कर दी गई है और पारिवारिक पेंशन के लिए छूट सीमा बढ़ाकर 25,000 रुपये कर दी गई है। आयकर नियमों की व्यापक समीक्षा छह महीन ( शेष पृष्ठ 9 )



# एलजी से आज मिलेंगे अरविंद केजरीवाल, दे सकते हैं त्यागपत्र

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल द्वारा दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने की घोषणा के एक दिन बाद, मंगलवार को शाम 4.30 बजे उपराज्यपाल (एलजी) विनय कुमार सक्सेना से मुलाकात करेंगे, जिस दौरान उनके इस्तीफा देने की संभावना है। सक्सेना ने उन्हें मंगलवार शाम 4:30 बजे बैठक के लिए समय दिया है। आप ने पहले कहा था कि केजरीवाल ने उपराज्यपाल से बैठक के लिए समय मांगा है। दिल्ली के नए सीएम पर अंतिम फैसले के संबंध में आप विधायक दल की बैठक मंगलवार को सीएम आवास पर होगी।

इस बीच, आप की राजनीतिक मामलों की समिति (पीएसी) ने मुख्यमंत्री आवास पर अगले मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार के चयन और दिल्ली मंत्रिमंडल की संरचना पर विचार-विमर्श किया। समिति ने आगामी हरियाणा विधानसभा चुनावों के लिए रणनीतियों की भी समीक्षा की, क्योंकि पार्टी का लक्ष्य पड़ोसी राज्य में अपनी राजनीतिक उपस्थिति को व्यापक बनाना है। केजरीवाल ने आम आदमी पार्टी (आप) की जनसंपर्क समिति के नेताओं के साथ आमने-सामने बातचीत की और राष्ट्रीय राजधानी का अगला मुख्यमंत्री कौन होना चाहिए, इस पर उनकी प्रतिक्रिया ली। बैठक के बाद भारद्वाज ने कहा, बैठक के दौरान उन्होंने (केजरीवाल) प्रत्येक नेता से उनके प्रतिस्थापन पर एक-एक करके फीडबैक मांगा। कल विधायक दल की बैठक है और यह चर्चा दूसरे दौर में जाएगी। पीएसी की बैठक में शामिल होने वालों में केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, राज्यसभा सांसद संजय सिंह और राघव चड्ढा और शहर के पांच कैबिनेट मंत्री शामिल थे। ( शेष पृष्ठ 9 )

# एमसीडी ने वेक्टर जनित बीमारियों से निपटने के प्रयास किए तेज

**सौम्या शुक्ला।** नई दिल्ली

**राष्ट्रीय राजधानी** दिल्ली में एक बार फिर डेंगू डराने लगा है। इस मानसून में मच्छर जनित बीमारी के मामलों में तेजी से इजाफे के संकेत मिलने लगे हैं। सोमवार (15 सितंबर) को सफदरजंग अस्पताल में डेंगू से एक मरीज की मौत की दूसरी घटना सामने आई। इससे पहले रविवार (14 सितंबर) को लोक नायक जय प्रकाश नारायण अस्पताल में डेंगू से पहली मौत दर्ज की गई थी। लोक नायक जय प्रकाश नारायण अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि अस्पताल में डेंगू के कारण 54 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हुई थी। इस बीच मच्छरों से होने वाली बीमारियों से निपटने की कवायद दिल्ली नगर निगम ने तेज कर दी है, जिसमें 4.20 लाख से अधिक घरों में कीटनाशकों का छिड़काव और फॉगिंग शामिल है।

डेंगू के सबसे ज्यादा मामले नजफगढ़ जोन में 103 मामले सामने आए, इसके बाद शाहदरा नॉर्थ जोन में 84 मामले, साउथ जोन में 71 मामले, सेंट्रल जोन में 67 मामले, करोल बाग जोन में 60 मामले, रोहिणी जोन में 56 मामले, शाहदरा साउथ जोन में 50 मामले, वेस्ट जोन में 45 मामले, नरेला जोन में 42 मामले, सिविल लाइंस जोन में 40 मामले और सिटी एसपी जोन में 33 मामले सामने आए। सबसे कम 24 मामले केशमपुरम जोन में दर्ज किए गए।

दिल्ली के कई अस्पतालों में वेक्टर जनित बीमारी के मामलों में वृद्धि के बीच, नगर निगम मच्छरों का प्रकोप कम करने के लिए कीटनाशकों का छिड़काव तेज कर दिया है। जिसके तहत अधिकारी 2.59 लाख से ज्यादा घरों का दौरा कर किया हैं। जिनमें से 1,56,932 घरों में मच्छरों के पनपने के स्थान पाए गए हैं। एमसीडी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, मच्छरों के पनपने के स्थानों पर मौके पर ही नष्ट कर दिया जाता है और घर के मालिकों को स्वास्थ्य और स्वच्छता के बारे में जागरूक किया जाता है। उन्होंने कहा कि नालों, जल निकायों और सतही जल




संग्रहों में मैनुअल और मोटर चालित स्प्रेयर का उपयोग करके साप्ताहिक से छिड़काव किया जाता है और स्वच्छ जल संग्रह में 213 स्थानों पर लार्वा खाने वाली मछलियाँ डाली गई हैं। पुलिस स्टेशन, निर्माण स्थल, पार्क, अस्पताल, स्कूल, सरकारी कार्यालय और डीटीसी डिपो जैसे संवेदनशील क्षेत्रों को कवर करने के लिए 23 विशेष अभियान चलाए गए हैं। इसके अतिरिक्त, एमसीडी ने कावड़ शिविरों, कृष्ण जन्माष्टमी पंडालों और मंदिरों और लाल किला में विशेष फॉगिंग अभियान भी चलाए हैं। नागरिक निकाय ने यह भी बताया कि रेलवे ट्रैक के किनारे निचले इलाकों में रेलवे वैगनों पर लगे पावर स्प्रे टैंकरों से छिड़काव किया जा रहा है। महापौर शैली ओबेरॉय और निगमायुक्त अश्विनी कुमार की अध्यक्षता में नगर निगम ने मुख्यालय और क्षेत्रीय स्तर पर मेयर और कमिश्नर की अध्यक्षता में 28 अंतर-क्षेत्रीय समन्वय समिति की बैठकें हुई हैं, जिसमें दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए), दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी), दिल्ली पुलिस, लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी), केंद्रीय लोक निर्माण विभाग (सीपीडब्ल्यूडी), बागवानी, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई), शिक्षा और सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण जैसे प्रमुख हितधारकों को शामिल किया गया है, ताकि नियंत्रण उपायों का प्रभावी समन्वय और कार्यान्वयन सुनिश्चित किया जा सके। ( शेष पृष्ठ 9 )



# विधायक ने किया ऐलान, राहुल गांधी की जीभ काटने वाले को देंगे 11 लाख इनाम

**टीएन रघुनाथ।** मुंबई

**महाराष्ट्र में** सोमवार को एकनाथ शिंदे की अगुवाई शिवसेना के एक विधायक के बयान से उस समय हड़कंप मच गया, जिसमें उन्होंने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की जीभ काटने वाले को 11 लाख रुपये का ईनाम देने की घोषणा की।

एक वायरल वीडियो क्लिप में भाजपा के नेतृत्व वाली महायुति सरकार को शर्मनाक स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। शिवसेना (शिंदे) विधायक संजय गायकवाड़ ने कहा विदेशी धरती पर राहुल गांधी ने कहा कि वह भारत में आरक्षण खत्म करना चाहते हैं। इससे कांग्रेस का असली चेहरा सामने आ गया है। गांधी के बयान से उनकी पार्टी की मानसिकता का पता चलता है जो स्वाभाविक रूप से आरक्षण के खिलाफ है। वह राहुल गांधी की जीभ काटने वाले को 11 लाख रुपये का इनाम देंगे। बुलढाणा से विधायक गायकवाड़ ने कहा, लोकसभा चुनाव में उन्होंने (कांग्रेस ने) झूठ फैलाकर वोट हासिल किए कि संविधान खतरे में है, भाजपा संविधान बदल देगी और आज अमेरिका में उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी स्वर्गीय डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर द्वारा दिए गए आरक्षण को खत्म कर देगी। कांग्रेस के नेतृत्व वाली महाविकास अघाड़ी (एमवीए) ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री भाजपा के देवेंद्र फडणवीस और एनसीपी के अजीत पवार पर निशाना साधा। खुद को रक्षात्मक स्थिति में पाकर शिंदे, फडणवीस और अजीत पवार ने गायकवाड़ के बयान से खुद को अलग कर लिया। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा कि वे गायकवाड़ के बयान का समर्थन नहीं करते। हालांकि, बावनकुले ने कहा कि उन्होंने कहा कि भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने ( शेष पृष्ठ 9 )

# सकारात्मक रही ममता और डॉक्टरों के बीच वार्ता राज्य सरकार आज ले सकती है कुछ अहम फैसले

**सौगर सेनगुप्ता।** कोलकाता

**बंगाल की** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और आंदोलनकारी जूनियर डॉक्टरों के बीच ढाई घंटे चली महत्वपूर्ण बैठक के सकारात्मक नतीजे सामने आने के बाद सूत्रों की मानें तो राज्य सरकार मंगलवार को डॉक्टरों की मांगों से संबंधित कुछ महत्वपूर्ण फैसले ले सकती है। आंदोलनकारी डॉक्टर आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की महिला डॉक्टर के लिए न्याय की मांग कर रहे थे, जिसका 8 अगस्त की सुबह बलात्कार कर हत्या कर दी गई थी और कुछ शीर्ष अधिकारियों ने कथित तौर पर सबूत नष्ट करने की कोशिश की थी। हालांकि डॉक्टर बैठक स्थल से बाहर नहीं आए थे, क्योंकि अभी भी बैठक की कार्यवाही के बारे में जानकारी नहीं दी जा रही थी, लेकिन कार्यवाही से जुड़े सूत्रों ने बताया कि डॉक्टरों ने स्वास्थ्य सचिव और दो स्वास्थ्य निदेशकों के अलावा कोलकाता पुलिस आयुक्त विनीत गोयल सहित स्वास्थ्य विभाग के दोषी अधिकारियों के खिलाफ प्रशासनिक कार्रवाई सहित अपनी मांगों के बारे में मुख्यमंत्री को स्पष्ट रूप से बताया।

सरकारी पक्ष ने डॉक्टरों से कहा कि चूंकि वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ प्रशासनिक कार्रवाई सहित कुछ निर्णय कुछ प्रक्रियाओं के बाद ही लिए जा सकते हैं, इसलिए ऐसे मुद्दों पर बाद में विचार किया जा सकता है। क्या डॉक्टर जो हड़ताल पर हैं, वे तुरंत काम पर लौटेंगे या नहीं, यह स्पष्ट नहीं हो पाया है, क्योंकि डॉक्टरों की ओर से सूत्रों ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल मध्य रात्रि के आसपास स्वास्थ्य भवन सरकार के पास धरना स्थल पर होने वाली आम सभा की बैठक के बाद मीडिया से बात करेगा। हालांकि, उन्होंने कहा कि बैठक बहुत ही सौहार्दपूर्ण माहौल में हुई है और दोनों पक्ष सहयोग करने के लिए उत्सुक हैं।

इससे पहले दिन में कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में पिछले महीने बलात्कार और हत्या की शिकार पोस्टग्रेजुएट महिला डॉक्टर अभया के लिए न्याय की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे जूनियर डॉक्टर सोमवार शाम को मुख्यमंत्री के आवास पर पहुंचे। ममता बनर्जी सरकार ने 36 दिनों से चल रहे गतिरोध को खत्म को समाप्त करते हुए रचनात्मक बातचीत की पेशकश की।

जिसके बाद बैठक शुरू हुई। रिपोर्ट में कहा गया कि डॉक्टरों ने मुख्यमंत्री को अपनी पांच सूत्री मांगें सौंपी। पांच सूत्री मांगों में मेडिकल स्टाफ 9 अगस्त की गुंडागर्दी और सबूतों को नष्ट करने के लिए जिम्मेदार लोगों को सजा देने की मांग, गिरफ्तार पूर्व आरजी कर प्रिंसिपल संदीप घोष के खिलाफ विभागीय कार्रवाई, कोलकाता पुलिस आयुक्त विनीत गोयल और स्वास्थ्य सचिव एनएस निगम का इस्तीफा और स्वास्थ्य कर्मियों के लिए बेहतर सुरक्षा, सरकारी अस्पतालों में कथित तौर पर राजनीतिक लॉबी द्वारा फैलाई गई 'धमकी संस्कृति' का उन्मूलन, जो सामूहिक धोखाधड़ी, निकासी, उत्पीड़न, शवों की तस्करी, भ्रष्टाचार आदि में लिप्त है। ( शेष पृष्ठ 9 )



**कोलकाता में सोमवार को जूनियर डॉक्टरों का एक प्रतिनिधिमंडल पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से उनके कालीघाट स्थित आवास पर मिलने के लिए स्वास्थ्य भवन के पास अपने धरना स्थल से बस में सवार होने के लिए आगे बढ़ता हुआ।**



**प्रयागराज में सोमवार को ईद-ए-मिलाद-उन-नबी के जुलूस में मुस्लिमों ने हिस्सा लिया।**

# इंडिया गुट अनुच्छेद 370 पर एकमत नहीं : गृहमंत्री

**मोहित कंधारी।** जम्मू

**केंद्रीय गृह** मंत्री अमित शाह जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में एक चुनावी सभा में चुनाव पूर्व सहयोगी गठबंधन कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस पर तीखा हमला बोलते हुए सोमवार को क्षेत्र के मतदाताओं से अपील की कि वे भाजपा के पक्ष में मतदान करके इन पार्टियों को दंडित करें क्योंकि उन्होंने (कांग्रेस-नेशनल कॉन्फ्रेंस) हमेशा आतंकवाद का पालन और पोषण किया। शाह ने कहा कि आतंकवाद को इतनी गहराई में दफना देंगे कि वह फिर से अपना सिर नहीं उठा सके।

क्षेत्र में लगातार तीन चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि कांग्रेस-नेशनल कॉन्फ्रेंस गठबंधन और भाजपा के बीच स्पष्ट मुकाबला है। एक अनुच्छेद 370 को वापस लाना चाहता है, जबकि दूसरा इसे रोकने के लिए प्रतिबद्ध है। शाह ने दोहराया कि संविधान का अनुच्छेद 370, जो जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देता था, इतिहास बन चुका है और कभी वापस नहीं आएगा। गृह मंत्री ने आतंकवाद से जुड़ी घटनाओं में मारे गए सभी लोगों को श्रद्धांजलि भी दी और विशेष रूप से भाजपा नेता अनिल परिहार, अजीत परिहार और आरएसएस नेता चंद्रकांत शर्मा की मौत का जिक्र किया।

भाजपा ने पूर्व मंत्री सुनील शर्मा को पद्दर-नागसेनी और अजीत परिहार की बेटी शगुन परिहार को किश्तवाड़ विधानसभा क्षेत्र से मैदान में उतारा है। गठबंधन सहयोगियों द्वारा अपने चुनावी भाषणों और पार्टी घोषणापत्रों में किए गए वादों के बारे में मतदाताओं को याद दिलाते हुए केंद्रीय गृह मंत्री ने जोर देकर कहा, एनसी और कांग्रेस कहती हैं कि अगर वे सत्ता में आती हैं, तो वे अनुच्छेद 370 को वापस लाएंगे। मोदी ने अनुच्छेद 370 को रद्द कर दिया और यह इतिहास बन गया है। भारतीय संविधान में इसका कोई स्थान नहीं है। शाह ने कहा कि वे एनसी-कांग्रेस को गुज्जरों और पहाड़ियों से आरक्षण छीनने की भी अनुमति नहीं देंगे। एक ही संविधान, एक प्रधानमंत्री और एक झंडा होगा जो हमारा प्रिय तिरंगा है।

भाजपा उम्मीदवारों के लिए प्रचार करते हुए शाह ने कहा कि वर्ष 1990 के दशक जैसी स्थिति को वापस लाने और आतंकवाद फैलाने का प्रयास किया जा रहा है। एनसी और कांग्रेस ने वादा किया था कि उनकी सरकार आतंकवादियों को रिहा करेगी। लेकिन यह नरेंद्र मोदी की सरकार है और किसी में भी आतंकवाद फैलाने की हिम्मत नहीं है। शाह ने एनसी प्रमुख फारूक अब्दुल्ला पर भी निशाना साधा और उनसे पूछा कि जब किश्तवाड़ में आतंकी हमले हो रहे थे तो वे कहां थे। शाह ने कहा, उनसे पूछा जाना चाहिए कि वे यहां आते हैं या नहीं। लेकिन मैं जानता हूं कि वे कहां थे। वे लंदन में गर्मी की छुट्टियां मना रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने आतंकवाद को खत्म करने का संकल्प लिया है और कुछ उपाय शुरू किए हैं। हमने ग्राम रक्षा गार्ड और विशेष पुलिस अधिकारियों को मजबूत किया है। उनकी पुरानी राइफलों को बदल दिया है और उन्हें सेल्फ-लोडिंग राइफलों से लैस किया जा रहा है। शाह ने कहा कि वह एक सुरक्षा ग्रिड बना रहे हैं जहां आतंकवादी आ सकते हैं, लेकिन उनका सफाया हो जाएगा। उन्होंने दावा किया कि एनसी और कांग्रेस ने कहा था कि अगर वे सत्ता में आए तो वे पहाड़ी और गुज्जरों को आरक्षण देने पर पुनर्विचार करेंगे। उन्होंने कहा, सबसे पहले, अगर अनुच्छेद 370 यहां रहता तो आरक्षण संभव नहीं होता। दूसरी बात, वह कश्मीर की स्थिति पर नजर रख रहे हैं।

शाह ने कहा कि वह आपको बता दूं कि न तो फारूक अब्दुल्ला और न ही राहुल गांधी सरकार बनाने जा रहे हैं। जम्मू-कश्मीर के अंतिम राजा महाराजा हरि सिंह का जिक्र किया और कहा कि उन्हें उनके राज्य से भगा दिया गया था। इन पार्टियों (एनसी और कांग्रेस) ने न केवल महाराजा हरि का अपमान किया, बल्कि उन्हें घर लौटने भी नहीं दिया। उनकी अस्थियां वापस आईं। महाराजा हरि सिंह का अपमान करने वाली ये पार्टियां पंडितों के पलायन, महिलाओं को अधिकारों से वंचित करने और हाशिए पर पड़े वर्गों को आरक्षण देने के लिए जिम्मेदार हैं। ( शेष पृष्ठ 9 )



**जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव से पहले किश्तवाड़ जिले में सोमवार को एक जनसभा को संबोधित करते केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह।**

# हमले की कोशिश के बाद ट्रंप बोले, कभी हार नहीं मानूंगा

**एजेंसी।** वाशिंगटन

**अमेरिका** के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की हत्या की फ्लोरिडा के वेस्ट पाम बीच में रविवार को उस समय कोशिश की गई जब वह अपने गोल्फ क्लब में खेल रहे थे। संघीय जांच ब्यूरो के अधिकारियों ने इस कोशिश को विफल कर दिया और संदिग्ध को हिरासत में ले लिया। अधिकारियों ने बताया कि ट्रंप पूरी तरह सुरक्षित हैं।

इस घटना से मात्र नौ सप्ताह पहले ही एक बंदूकधारी ने पेंसिल्वेनिया में 13 जुलाई को एक चुनावी रैली के दौरान ट्रंप को निशाना बनाकर गोलीबारी की थी। इस हमले में एक गोली ट्रंप के दाहिने कान को छूकर निकल गई थी। मियामी में प्रभारी विशेष एजेंट राफेल बैरोस ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सीक्रेट सर्विस के एजेंट ने वेस्ट पाम बीच में ट्रंप इंटरनेशनल गोल्फ क्लब की सीमा के पास मौजूद एक बंदूकधारी पर गोलियां चलाईं। उन्होंने कहा कि एजेंसी अभी यह निश्चित तौर पर नहीं कह सकती कि हिरासत में लिए गए आरोपी ने भी हमारे एजेंट पर गोली चलाई या नहीं।



ट्रंप जहां गोल्फ खेल रहे थे, वहां से कुछ दूरी पर छिपकर बैठे अमेरिकी सीक्रेट सर्विस के एजेंट ने देखा कि लगभग 400 गज की दूरी पर झाड़ियों के बीच से एक राइफल की नाल दिख रही है। पाम बीच काउंटी के शेरिफ रिक ब्रैडशॉ ने बताया कि एक एजेंट ने गोली चलाई जिसके बाद वहां मौजूद संदिग्ध भाग गया। ट्रंप के प्रचार अभियान के संचार निदेशक स्टीवन चेउंग ने इसके तुरंत बाद जारी एक बयान में कहा, राष्ट्रपति ट्रंप के पास गोलियां चलीं लेकिन वह सुरक्षित हैं। इस समय कोई और जानकारी नहीं दी जा सकती। ट्रंप ने अपने समर्थकों को भेजे एक संदेश में कहा, मेरे आस-पास गोलीबारी की आवाजें आ रही थीं, लेकिन इससे पहले कि अफवाहें नियंत्रण से बाहर हो जाएं, मैं आपको बताना चाहता हूं कि मैं सुरक्षित और ठीक हूं। मुझे कोई चीज नहीं रोक सकती। कानून प्रवर्तन विभाग से जुड़े तीन सूत्रों के अनुसार, हवाई स्थित एक छोटी निर्माण कंपनी के 58 वर्षीय मालिक रयान वेस्ले राउथ को रविवार की घटना के सिलसिले में हिरासत में लिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि एक एजेंट ने गोली चलाई, जिसके बाद राउथ ने राइफल गिरा दी और एक एसयूवी में भाग गया। उन्होंने बताया कि राउथ ने भागते वक्त बंदूक के साथ दो बैकपैक, निशाना लगाने के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला एक स्कोप और एक कैमरा भी मौके पर छोड़ दिया था।

# मानवता का कैंसर है पाकिस्तान, बिना ऑपरेशन इलाज संभव नहीं: मुख्यमंत्री

## सीएम योगी ने त्रिपुरा के मुख्यमंत्री डॉ. माणिक साहा के साथ सिद्धेश्वरी मंदिर का किया उद्घाटन

● बोले, आरएसएस-विश्व हिंदू परिषद सेवा का प्रोपेगेंडा और सौदेबाजी नहीं करते

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/ वेस्ट त्रिपुरा

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पाकिस्तान मानवता का कैंसर है, जो पूरी दुनिया के लिए नासूर बन चुका है। आजादी के समय का कांग्रेस नेतृत्व और जोगेंद्र नाथ मंडल अगर मिलकर मुस्लिम लीग की साजिश को विफल कर देते तो यह नासूर अस्तित्व में नहीं होता। उन्होंने कहा कि जब तक पाकिस्तान का ऑपरेशन नहीं होगा, तब तक इलाज संभव नहीं है। पाकिस्तान का उपचार शुरू हो चुका है। अब पाक अधिकृत कश्मीर के लोग भारत में शामिल होना चाहते हैं। बलूचिस्तान भी पाकिस्तान से अलग होना चाहता है।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को त्रिपुरा के मुख्यमंत्री डॉ. माणिक साहा के साथ सिद्धेश्वरी मंदिर का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि संत ईश्वरीय सत्ता के प्रतिनिधि के रूप में इस धराधाम पर आकर कार्य कर रहे हैं। इतनी बड़ी संख्या में संत अगर किसी कार्य में जुड़ जाएंगे तो उसे सफल होना ही है। संतों के सानिध्य में हमें धर्म जागरण के अभियान को आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। सीएम योगी ने कहा कि हमें मिलकर कार्य करना होगा और इस बात का ध्यान रखना है कि विधर्मियों को अवसर नहीं देना है। बांग्लादेश जैसे स्थिति की पुनरावृत्ति यहां न होने पाए, इसके लिए ऐसी शक्तियों को हमें समाप्त करना है। हमें देश और धर्म को सुरक्षित रखना है।

सीएम योगी ने कहा कि यहां के राजा में शक्ति एवं सामर्थ्य था, इसलिए त्रिपुरा स्वतंत्र एवं सुरक्षित रहा। यहां के राजा ने जनता को एकजुट करके त्रिपुरा को विधर्मियों एवं विदेशी आक्रांताओं से बचाए रखा। उन्होंने कहा कि जो सामर्थ्यवान होगा और ताकत का एहसास अपने दुश्मनों को कराएगा, वो हमेशा सुरक्षित रहेगा। लेकिन जो अपनी ताकत खोकर अपने दुश्मन और मित्र को समझने में भूल करेगा, उसी प्रकार का खामियाजा भुगतेगा जैसा आज बांग्लादेश में हो रहा है। सीएम योगी ने कहा कि बांग्लादेश के हालात पर हमें चिंतन करने की आवश्यकता है कि इसके लिए कौन लोग जिम्मेदार हैं।

सीएम योगी ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ इस बात को जानता था कि अगर हम कांग्रेस के द्वारा चलाई गई दुर्वयसंधि का शिकार होते रहेंगे तो कांग्रेस देश का विभाजन कराएगी, हिंदुओं का कत्लेआम कराएगी, उन्हें जातियों में बांटकर लड़ाएगी और भारत की परंपरा-संस्कृति को नष्ट एवं भ्रष्ट कर देगी। आरएसएस की बात सच साबित हुई और कांग्रेस ने अपने स्वार्थ के लिए देश का विभाजन कराया। उन्होंने कहा कि 1905 में बंगभंग आंदोलन के दौरान अगर बंगाल विरोध नहीं करता तो सबको पता है कि उस समय देश में क्या होता। सीएम योगी ने कहा कि आरएसएस-विश्व हिंदू परिषद अपनी सेवा का प्रोपेगेंडा और सौदेबाजी नहीं करते हैं।

सीएम योगी ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयं संघ आज केवल भारत ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में विद्याभारती के माध्यम से हजारों शिक्षण संस्थानों एवं सेवा के प्रकल्पों का संचालन कर रहा है। विश्व हिंदू परिषद पूरे देश में जनजातीय क्षेत्रों में एक लाख से अधिक गांवों में एकल विद्यालय का संचालन कर रहा है। श्रीराम वनवासी कल्याण आश्रम के माध्यम से विश्व हिंदू परिषद ने 1984 में गोरखपुर में जनजातीय छात्रावास प्रारंभ किया था, जिसमें नॉर्थ ईस्ट के बच्चे जाकर शिक्षा प्राप्त करते थे। उन्होंने कहा कि अब भारत का समय है इसलिए आज हम लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत को दुनिया की एक बड़ी ताकत बनाने की ओर अग्रसर हैं।

सीएम योगी ने कहा कि अयोध्या में प्रभु श्रीराम का भव्य मंदिर बनने से पांच सदी का इंतजार समाप्त हुआ है। कुछ लोगों को मंदिर के बन जाने से बुरा लग रहा है, जिन्हें बुरा लग रहा है उनका हम क्या कर सकते हैं। हम भारत की बहुसंख्यक जनता की आस्था को सम्मान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि अयोध्या, मथुरा और काशी सनातन धर्म की आस्था के तीन प्रमुख स्तंभ हैं। ये तीनों स्थल जैसे आज पूज्य हैं, उसी रूप में आगे भी बढ़ते हुए दिखाई देंगे। इसमें कोई संदेह नहीं है। सीएम योगी ने कहा कि सनातन धर्म सर्वे भवन्तु सुखिनः की बात करता है, लेकिन ये तभी संभव है, जब हम सुरक्षित रहेंगे।

सीएम योगी ने कहा कि पीएम मोदी के कुशल नेतृत्व में आज पूरा देश एक भारत श्रेष्ठ भारत के लिए कार्य कर रहा है। आज त्रिपुरा में सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण माहौल है। आज से सात-आठ वर्ष पहले यह संभव नहीं था। उन्होंने कहा कि एक ओर यहां की डबल इंजन की सरकार त्रिपुरा के सर्वांगीण विकास के लिए डबल स्पीड से कार्य कर रही है तो वहीं दूसरी ओर त्रिपुरा में धार्मिक क्षेत्र में भी प्रगति हो रही है। सीएम योगी ने कहा कि त्रिपुरा और उत्तर प्रदेश में पहले पर्व और त्योहार के दौरान दंगे होते थे। आज हमने उत्तर प्रदेश में दंगाइयों के लिए बुल्डोजर और भक्तों को प्रभु श्रीराम का मंदिर दे दिया है।

# प्रदेश में पहली अक्टूबर से शुरू होगी 'मोटे अनाज' की खरीद

## चल रहा पंजीकरण, 31 दिसंबर तक सीधे किसानों से खरीदा जाएगा मोटा अनाज

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**डबल** इंजन सरकार श्रीअन्न के फायदों के प्रति एक तरफ जहां आमजन को प्रेरित कर रही है, वहीं किसानों को भी इसकी खेती के फायदे से जोड़ रही है। वर्ष 2024-25 के लिए मोटे अनाजों की खरीद पहली अक्टूबर से प्रारंभ होगी, जो 31 दिसंबर तक चलेगी। 'मोटे अनाज' में शामिल मक्का, बाजरा व ज्वार की खरीद के लिए किसानों का पंजीकरण व नवीनीकरण चल रहा है। खाद्य व रसद विभाग के मुताबिक इसके लिए किसानों को एफसीएस.यूपी.जीओवी.इन या एप यूपी किसान पर पंजीकरण/ नवीनीकरण कराना अनिवार्य है। खरीद पंजीकृत किसानों से ही की जाएगी।



किसान अपनी किसी भी समस्या के लिए पूर्व में जारी टोल फ्री नंबर 18001800150 से मदद ले सकते हैं। इसके अलावा वे जिला खाद्य विपणन अधिकारी, क्षेत्रीय विपणन अधिकारी, विपणन निरीक्षक से भी संपर्क साध सकते हैं। किसानों को जिस बैंक खाते में भुगतान होगा, उसका आधार से जुड़ा होना आवश्यक है। भुगतान सीधे किसानों के बैंक खाते में किया जाएगा। वहीं बिचौलियों को रोकने व पारदर्शिता बरतते हुए क्रय केंद्रों पर मोटे अनाज की खरीद ई-पॉप (इलेक्ट्रॉनिक प्वॉइंट ऑफ परचेज) डिवाइस के माध्यम से पहले की भांति किसानों का बायोमीट्रिक सत्यापन के जरिए ही होगी। श्रीअन्न को बढ़ावा देने के साथ ही सरकार ने इसका न्यूनतम समर्थन मूल्य भी बढ़ाया है। मक्का का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2225 रुपये प्रति कुंतल, बाजरा का 2625 रुपये प्रति कुंतल, ज्वार (हाइब्रिड) का 3371 व ज्वार (मालवांडी) का 3421 रुपये प्रति कुंतल निर्धारित किया गया है। प्रदेश के बदायूं, बुलंदशहर, अलीगढ़, एटा, कासगंज, फिरोजाबाद, मैनपुरी, हरदोई, उन्नाव, कानपुर नगर-देहात, कन्नौज, इटावा, बहराइच, बलिया, फर्रुखाबाद, मीरजापुर, सोनभद्र व ललितपुर में मक्का की खरीद की जाएगी। बदायूं, बुलंदशहर, बरेली, शाहजहांपुर, रामपुर, संभल, अमरोहा, अलीगढ़, कासगंज, एटा, हाथरस, आगरा, मथुरा, मैनपुरी, फिरोजाबाद, हरदोई, उन्नाव, कानपुर नगर-देहात, इटावा, औरैया, कन्नौज, फर्रुखाबाद, गाजीपुर, बलिया, मीरजापुर, जालौन, चित्रकूट, प्रयागराज, कौशांबी, जौनपुर, फतेहपुर में बाजरा की खरीद होगी। बांदा, चित्रकूट, हमीरपुर, महोबा, कानपुर नगर-देहात, फतेहपुर, उन्नाव, हरदोई, मीरजापुर व जालौन में ज्वार की खरीद होगी।

# प्रत्येक फरियादी की समस्या का त्वरित व संतुष्टिपरक समाधान किया जाए: केशव

● उप मुख्यमंत्री ने जनता दर्शन कार्यक्रम में सुनीं समस्याएं

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उप** मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सोमवार कोअपने कैम्प कार्यालय पर आयोजित जनता दर्शन में आये फरियादियों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि हर व्यक्ति को हर समस्या का हर सम्भव निदान किया जायेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक फरियादी की समस्या का त्वरित व संतुष्टिपरक समाधान किया जाए। निर्देश दिए कि समस्याओं का सम्पूर्ण समाधान किया जाय और समस्याओं के समाधान हेतु सम्बन्धित की जवाबदेही तय होनी चाहिये। निर्देश दिए कि जन समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि उत्पीड़न, भूमि पर अवैध कब्जों के मामलों को बेहद गंभीरता व संवेदनशीलता के साथ हल किया जाय और जहां जरूरत हो, कठोर कार्यवाही की जाय।



उन्होंने जनसुनवाई के दौरान एक-एक व्यक्ति की समस्या को पूरी गम्भीरता से सुना तथा समस्याओं के निराकरण हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए हैं कि समस्याओं का निराकरण इस प्रकार किया जाय कि समस्याग्रस्त व्यक्ति पूरी तरह से संतुष्ट रहें और उन्हें दुबारा कहीं भटकना न पड़े और बार -बार चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने महिलाओं, दिव्यांग जनो, बुजुर्गों आदि की समस्याओं व शिकायतों को सुना और उन्हें प्राथमिकता के आधार पर संबंधित अधिकारियों को त्वरित गति से निदान करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जनता दर्शन में भूमि विवाद, दुर्घटनाओं से संबंधित ,अवैध कब्जे, शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास आवंटन, भूमि पर कब्जा दिलाने, अतिक्रमण हटाने, सड़क बनवाने, विद्युत, अभियुक्तों की गिरफ्तारी कराने, उत्पीड़न आदि से संबंधित विभिन्न समस्याएं प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए लोगों ने रखी। उप मुख्यमंत्री फरियादियों के पास खुद चलकर गये और एक एक व्यक्ति की समस्या को उनसे सीधे संवाद करते हुए सुना।

जनता दर्शन मे लगभग 2 दर्जन से अधिक ज़िलों से कई सैकड़ा लोगों ने आकर अपनी समस्याएं रखीं। उप मुख्यमंत्री ने समस्याओं के निस्तारण के बावत कई जिलों के वरिष्ठ अधिकारियों व शासन के उच्चाधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता करते हुए यथोचित दिशा निर्देश दिए।

# शहरी क्षेत्रों को हरा-भरा करने के लिए शुरू होगी 'उपवन योजना'

● पीएम मोदी के 74वें जन्मदिन पर पौधरोपण कर योजन का आगाज कर सकते हैं सीएम योगी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/ वाराणसी

**शहरीकरण** और विकास के चलते शहरों में कम हुई हरियाली को योगी सरकार बढ़ा रही है। बीते 20 जुलाई को एक दिन में 36.51 करोड़ से अधिक पौधरोपण करने वाली योगी सरकार नगर निगम के क्षेत्रों को हरा भरा करने के लिए अब 'उपवन योजना' की शुरुआत करने जा रही है। वाराणसी नगर निगम कंचनपुर और सारंग तालाब के पास 148 पौधे लगाकर 'उपवन योजना' का शुभारंभ होगा। इन दोनों स्थानों पर लम्बी आयु वाले पौधों को लगाया जाएगा। इन स्थलों पर 1 एकड़ भूमि पर मियावाकी तकनीक से पौधरोपण व शेष स्थानों पर ओपन जिम वाकिंग ट्रैक ,व्यायाम स्थल आदि का निर्माण होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 74वें जन्मदिन पर उनके संसदीय क्षेत्र में पौधरोपण कर 'उपवन योजना' की शुरुआत कर सकते हैं। नगर आयुक्त अक्षत वर्मा ने बताया कि नगर निगम द्वारा 'उपवन योजना' के अंतर्गत कंचनपुर पार्क में 74 पौधे एवं सारंग तालाब के पास 74 बड़े पौधे लगाकर शुभारंभ होगा। इन दोनों स्थानों पर लम्बी आयु वाले पौधे लगाए जाएंगे। इसमें नीम, बरगद, पाकड़, पीपल आदि के पौधे होंगे।

# भाजपा बेइमानी न करती तो यूपी में और अधिक लोकसभा सीटें जीतता इंडिया गठबंधन: अखिलेश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि लोकसभा चुनाव में भाजपा ने बेईमानी नहीं की होती तो उत्तर प्रदेश में इंडिया गठबंधन 50 सीटों से भी ज्यादा सीटें जीतता। भाजपा सरकार के इशारे पर प्रशासन ने कई सीटों पर बेईमानी की। प्रशासन निष्पक्ष रहता तो इंडिया गठबंधन ने जितनी सीटों पर जीत हासिल की है, उससे भी ज्यादा सीटें आती।



अखिलेश यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी और इंडिया गठबंधन की जीत के लिए मैं पीडीए परिवार का धन्यवाद करता हूं। पीडीए हमारे लिए सिर्फ नारा नही है। पीडीए का नारा भावना बनकर उभरा है। इस चुनाव में भी हमने देखा कि रामपुर, बदायूं, साथ-साथ हमारे लोकसभा क्षेत्र कन्नौज में भाजपा के नेताओं ने बूथों पर जाकर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं, वोटरों को परेशान किया। अखिलेश यादव ने कहा कि इस चुनाव में समाजवादियों को अयोध्या की जनता का आशीर्वाद मिला। अयोध्या में भाजपा सरकार ने लूट और भ्रष्टाचार किया। अयोध्या में भाजपा की हार उसकी नाकामी है। जनता ने वहां समाजवादियों का साथ दिया। भाजपा सरकार में अयोध्या जैसी पावन धरती पर भारी भ्रष्टाचार हुआ। सरकार ने किसानों को मार्केट रेट पर मुआवजा नहीं दिया। सदियों से व्यापारियों की दुकानें थी, उन्हें तोड़ दिया गया। उन्हें मार्केट वैल्यू से मुआवजा क्यों नहीं दिया? सोचिए जब अयोध्या में इतना भ्रष्टाचार और लूट किया तो बाकी जिलों में क्या हाल होगा? कल्पना नहीं की जा सकती है। भाजपा सरकार ने संविधान और आरक्षण के साथ खिलवाड़ किया। लेटरल एंट्री के जरिए इसी सरकार ने पहले तमाम भर्तियां की, उसमें आरक्षण का पालन नहीं किया। कई विभागों में लेटरल एंट्री से भर्ती हुई लेकिन आरक्षण का पालन नहीं हुआ। कृषि विभाग में न जाने कितने लोग लेटरल एंट्री से आये थे क्या उसमें आरक्षण दिया गया था? समाजवादियों ने पहले भी कहा था भाजपा आरक्षण का नुकसान करती है। वाइस चांसलर की नियुक्तियों में पीडीए परिवार के लोग कहां है? वाइस चांसलर ने जिन लोगों की नियुक्ति की क्या उसमें पीडीए परिवार के लोग हैं? अखिलेश यादव ने कहा कि आरक्षण की लड़ाई बहुत लम्बी है। आरक्षण तब मिला जब बहुत लड़ना पड़ा। श्री यादव ने कहा कि भाजपा सरकार भेदभाव करती है। सुल्तानपुर मामले में मुख्य आरोपी पर ज्यादा मुकदमे है, वह सरेण्डर करता है और मंगेश यादव को पुलिस 2 सितम्बर को घर से उठाती है और 5 सितम्बर 2024 को मार दिया जाता है। बता दिया एनकाउण्टर हुआ। सरकार बताए की जो कांड का मुख्य कर्ताधर्ता है, उसका क्या किया? सरकार ने सरेण्डर करा दिया।

# सरकार की महिला सुरक्षा नीति की पोल खोल रही हैं लगातार हो रही घटनाएं: अजय राय



● प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने अयोध्या जाकर गैंगरेप पीड़ित युवती के परिजनों से की मुलाकात

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि अयोध्या के राम मंदिर में सफाई कर्मी के रूप में कार्य करने वाली एक 20 वर्षीय युवती (जो कि बीए अंतिम वर्ष की छात्रा भी है) से अपराधियों द्वारा तीन अलग-अलग स्थानों पर ले जाकर सामूहिक दुष्कर्म किया गया। उक्त घटना ने पूरे प्रदेश को झकझोर कर रख दिया है।

घटना को गंभीरता से लेते हुए अजय राय के नेतृत्व में कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार को अयोध्या के रौनही थाना अंतर्गत गांव गोपीनाथपुर पहुंचकर पीड़िता के परिजनों से मिला ओर घटना की वस्तुस्थिति की जानकारी ली। राय ने पार्टी की ओर से आर्थिक सहायता के रूप में 25000 रुपए का चेक दिया और पीड़िता को न्याय दिलाने के लिए सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष करने का आश्वासन दिया ।

अजय राय ने कहा उत्तर प्रदेश ही नहीं बल्कि भाजपा शासित सभी राज्यों की कानून व्यवस्था ध्वस्त हो गई है। प्रदेश में आए दिन महिलाओं एवं बच्चियों के खिलाफ अपराधिक घटनाएं हो रही हैं जो भाजपा सरकार की महिला सुरक्षा नीति की पोल खोल रही है। उन्होंने कहा कि योगी सरकार महिलाओं के प्रति अपराधों को रोक पाने में विफल हो चुकी है। अपराधियों द्वारा निरंकुश होकर घटनाओं को अंजाम देना प्रशासन की नाकामी का परिणाम है। प्रदेश में पनपता असुरक्षित वातावरण हमारी बहन-बेटियों की स्वतंत्रता एवं उनकी आकांक्षाओं पर बंदिश लगा रहा है।

राय ने कहा कि शासन प्रशासन में बैठे लोग शर्मिंदा हों और गंभीरता से विचार करें कि देश की आधी आबादी की सुरक्षा की ज़िम्मेदारी किसकी है और वह कब अपनी आंख खोलेंगे।

इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के साथ पूर्व विधायक इंदल रावत, प्रदेश उपाध्यक्ष आलोक प्रसाद, प्रदेश महासचिव मनोज गौतम, जय कारण वर्मा, प्रदेश सचिव सुरेंद्र कुशवाहा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता अनुसूईया शर्मा, महिला कांग्रेस की उपाध्यक्ष सुशील शर्मा, प्रदेश सचिव अनामिका यादव, जिलाध्यक्ष अखिलेश यादव, महानगर अध्यक्ष वेद सिंह कमल, जिला प्रवक्ता सुनील कृष्ण गौतम पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष रामदास वर्मा ,महिला जिला अध्यक्ष रेनू राय, ब्लॉक अध्यक्ष इंद्रधान यादव ,लाल मोहम्मद, एससी एसटी जिला अध्यक्ष रामसागर रावत ,आजाद चौधरी ,रिशु सिंह, रमोट पासी सहित भारी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद रहे।

पायनियर वर्गीकृत

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अभिलेखों में मेरी पत्नी का नाम शांति व पुत्र का नाम मयंक अंकित है जो कि गलत और अशुद्ध है। मेरी पत्नी व पुत्र का शुद्ध व सही नाम शांति तिवारी व मयंक तिवारी है एवं पत्नी की जन्मतिथि 1 जुलाई 1974 दर्ज है जो कि गलत व अशुद्ध है। वास्तविक व शुद्ध अभिलेखीय जन्मतिथि 15 जनवरी 1971 है। इसी को शुद्ध व सही माना जाए। मनोज कुमार तिवारी पुत्र राम खेलावन तिवारी निवासी – II/149, एनटीपीसी कॉलोनी, ऊंचाहार, जनपद–रायबरेली, उत्तर प्रदेश।

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सम्पत्ति आराजी नंबर 249 मौजा भैरोपुर शहरी क्षेत्र, परगना केवाई, तहसील इंडिया, जनपद प्रयागराज जिसका क्षेत्रफल 42 वर्ग मीटर है व जिसकी चौहद्दी पूरब प्लाट चन्द्रभान, पश्चिम प्लाट भगवान दास, उत्तर खेत नन्हे यादव व दक्षिण सड़क दस फीट के भूमिधर चन्द्रभान पुत्र राम खेलावन जो कि शकुन्तला देवी पत्नी सूर्य बली गुप्ता को विक्रय कर रहे हैं। जिसका एप्लीकेशन नंबर 300767547 है। अगर किसी को आपत्ति हो तो निम्न पते और मोबाइल नम्बर पर सूचित करें। सोमिल श्रीवास्तव एडवोकेट मोबाइल 8299703468, सतीश मिश्रा समक्ष अधिकारी आधार हाउसिंग फाइनेन्स कम्पनी इलाहाबाद। मोबाइल 9109763899

# अति गंभीर मरीजों की सारथी बनी एएलएस एंबुलेंस सेवा

## साढ़े तीन लाख मरीजों को दी निशुल्क सुविधा

● वर्ष 2021 में एडवांस लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस सेवा की सीएम योगी ने की थी शुरुआत

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**दुनिया** भर के डॉक्टर्स का मानना है कि यदि आपातकाल के दौरान मरीज को सही समय पर इलाज मिल जाए तो लाखों मरीजों की जान बचायी जा सकती है। इसमें सबसे अहम रोल अति गंभीर मरीज को एबुंलेंस सेवा का होता है। इस महत्वपूर्ण तथ्य को योगी सरकार ने आत्मसात करते हुए प्रदेशवासियों को बेहतर और त्वरित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए वर्ष 2021 में एडवांस लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस (एएलएस) सेवा की शुरुआत की। इसके जरिये प्रदेश के विभिन्न जिलों के अब तक साढ़े तीन लाख से अधिक मरीजों को




इलाज के लिए बड़े संस्थानों में शिफ्ट कर उनकी जान बचायी जा चुकी है। इसमें अति गंभीर, रेस्पिरेटरी मरीज और एक्सीडेंट से प्रभावित पेशेंट्स भी हैं।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की मिशन निदेशक डॉ. पिंकी जोवल ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश की सत्ता संभालते ही लचर स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए कई बड़े कदम उठाये। आज उसके परिणाम हम सबके सामने हैं। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के छोटे जिले और सुदूर इलाकों के अति गंभीर, रेस्पिरेटरी मरीज और एक्सीडेंट अफेक्टेड पेशेंट्स को गोल्डन ऑवर में बड़े संस्थान में शिफ्ट करके समुचित इलाज उपलब्ध कराने के लिए अगस्त वर्ष 2021 में एडवांस लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस सेवा की शुरुआत की थी। आज प्रदेश में 250 एएलएस एंबुलेंस सेवा के जरिये अति गंभीर मरीजों को इलाज के लिए विभिन्न जिलों से बड़े संस्थान जैसे एसजीपीजीआई, एम्स, केजीएमयू और लोहिया संस्थान में सुमचित इलाज के लिए शिफ्ट किया जा रहा है। पिछले तीन साल में ऐसे 3,60,584 मरीजों को इलाज के लिए गोल्डन ऑवर में बड़े संस्थान में शिफ्ट कर इलाज मुहैया कराया गया। एएलएस एंबुलेंस सेवा के जरिये व्हीकल एक्सीडेंट के 63,448 गंभीर पीड़ितों, 17,218 गर्भवती महिलाओं और रेस्पिरेटरी के 71,238 मरीजों को सुविधा उपलब्ध करायी गयी। इसके लिए अलावा अन्य कैटेगरी जैसे वन्य जीव संघर्ष में घायल, विषैले जीव- जन्तु के काटने से जहर से प्रभावित समेत आदि को भी सुविधा का लाभ दिया गया। वहीं, 108 और 102 एंबुलेंस सेवा के जरिये भी मरीजों को निशुल्क एंबुलेंस की सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है। इन दोनों एंबुलेंस सेवा के जरिये प्रतिदिन 57 हजार से अधिक मरीजों को लाभ उपलब्ध कराया जा रहा है।

### ये हैं एडवांस लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस के फायदे

- एएलएस एंबुलेंस आधुनिक चिकित्सा उपकरण से लैस होती है।
- अति गंभीर मरीज की देखरेख के लिए अनुभवी पैरामेडिकल स्टाफ की तैनाती होती है।
- टेलीमेडिसिन के जरिये आवश्यकता पड़ने पर ऑनलाइन डॉक्टर्स से कंसल्टेशन की सुविधा से होती है लेस
- वेंटीलेटर की सुविधा से लैस होती है, हार्ट मॉनिटर और पंप भी रहता है मौजूद
- ईसीजी समेत अन्य आधुनिक उपकरण से लैस है एएलएस

## पर्यावरण जागरूकता के संदेश के साथ संपन्न हुआ लखनऊ विश्वविद्यालय का दीक्षान्त समारोह

# अर्जित ज्ञान को सार्थक रूप से समाज को वापस करें विद्यार्थी: आनंदीबेन पटेल

- विद्यार्थियों को कुल 106306 उपाधियां व 105 मेधावियों को 196 पदक प्रदान किए गए
- लविवि के शिक्षकों की लिखी 14 पुस्तकों का राज्यपाल ने किया विमोचन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रदेश** की राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में सोमवार को लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ का 67 वां दीक्षांत समारोह सम्पन्न हुआ। समारोह में विद्यार्थियों को कुल 1,06,306 उपाधियां एवं 105 मेधावियों को 196 पदक प्रदान किए गए। सर्वाधिक 13 पदक शैलजा चौरसिया को प्रदान किया गया, जिसमें 10 स्वर्ण पदक शामिल थे। सभी उपाधियों को डिजिलॉकर पर अपलोड किया गया। इस अवसर समारोह में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अंतरिक्ष अनुप्रयोग केन्द्र, अहमदाबाद के निदेशक, नीलेश एम देसाई को कुलाधिपति द्वारा मानद उपाधि प्रदान की गई।

पर्यावरण जागरूकता के संदेश के साथ शुरू हुए दीक्षान्त समारोह में राज्यपाल ने उपस्थित सभी उपाधि एवं पदक प्राप्तकर्ता विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी तथा सर्वाधिक पदक बेटियों को प्राप्त होने पर कहा कि इससे यह विश्वास पैदा होता है कि भारत एक दिन विश्वगुरु जरूर बनेगा। आज पदक प्राप्तकर्ता के अभिभावकों में शिक्षक अभिभावकों की संख्या ज्यादा होने पर उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय एवं घर में शिक्षक के होने से बच्चे की नींव मजबूत होती है। इस अवसर पर कुलाधिपति ने अपने सम्बोधन में लखनऊ विश्वविद्यालय में आए सकारात्मक बदलाव की चर्चा करते हुए कहा कि प्रतिबद्धता, लक्ष्य निर्धारण एवं एक दूसरे के सहयोग से सुन्दर परिणाम की प्राप्ति होती है तथा इससे परिवर्तन लाया जा सकता है। विश्वविद्यालय के द्वारा समर्थ पोर्टल लागू करने, डिजिलॉकर में डिग्री के साथ-साथ अंक तालिका के अपलोड करने, राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को लागू करने, नैक में 'ए प्लस प्लस' ग्रेडिंग हासिल करने एवं एन.आई.आर.एफ. में भी अच्छी रैंकिंग प्राप्त करने की उन्होंने सराहना की। राज्यपाल ने दीक्षांत समारोह को विद्यार्थियों के लिए एक विशिष्ट अवसर बताया जब वे शिक्षा ग्रहण करने के पश्चात् व्यवहारिक ज्ञान और वास्तविक जीवन में प्रवेश करते हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों का यह नैतिक दायित्व है कि अर्जित ज्ञान को सार्थक एवं सकारात्मक रूप से समाज को वापस करें। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण, आपदा सरंक्षण, प्रदूषण की रोकथाम, सतत् विकास के लक्ष्य की प्राप्ति के समाधान की दिशा में हमे आगे बढ़ना है। राज्यपाल ने वर्तमान युग को विज्ञान एवं तकनीक का युग बताते हुए कहा कि शिक्षण व्यवस्था को तकनीक के साथ जोड़कर बदलना होगा। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय यह प्रयास करे कि विद्यार्थी क्लास रूम शिक्षण के साथ-साथ डिजिटल रूप से भी जुड़ें, विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को खेलकूद के लिए प्रोत्साहित करे तथा ऐसे खिलाड़ी तैयार करे जो देश-प्रदेश का शीश गर्व से ऊँचा कर सके, विद्यार्थियों के सम्पूर्ण विकास पर बल दे एवं ऐसे विद्यार्थी समुदाय की रचना करें जो न केवल वर्तमान युग बल्कि अपनी सांस्कृतिक विरासत का भी वाहक बने। कुलाधिपति ने अपने सम्बोधन में कहा कि शिक्षण एक महान कार्य है, जो एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी को ज्ञान प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय आंगनबाड़ी केन्द्रों के विकास के लिए सेतु का कार्य करे और बच्चों को प्रेरित करे। उन्होंने कहा कि यही बच्चे कल का भविष्य होंगे और प्रधानमंत्री जी के विकसित भारत-2047 की संकल्पना को मूर्त रूप देने वाले आधार होंगे। उन्होंने कहा कि लोगों में सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना होना जरूरी है। राज्यपाल ने समारोह में उपस्थित लोगों का जलवायु परिवर्तन की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए अधिक से अधिक पौधरोपण, जल संरक्षण और प्रदूषण को कम करने की अपील करते हुए कहा कि उन्हें विश्वास है कि भारत इस क्षेत्र में भी विश्व का नेतृत्व करेगा। इस अवसर पर राज्यपाल ने आज विश्वविद्यालय तथा जिला प्रशासन सीतापुर के सौजन्य से आंगनबाड़ी केन्द्रों को समृद्ध बनाए जाने हेतु 200 आंगनबाड़ी किट प्रदान किए। इन किटों में 100 किट विश्वविद्यालय एवं 100 किट जिला प्रशासन सीतापुर के सहयोग से वितरित किए गए। बता दें कि राज्यपाल की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन में प्रदेश भर में आंगनबाड़ी केन्द्रों को समृद्ध बनाने के प्रयास के तहत अबतक 17,226 आंगनबाड़ी किटों का वितरण किया जा चुका है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए 5 गांव के परिषदीय विद्यालयों में चित्रकला, भाषण, कहानी, कथन एवं खेलकूद प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया तथा राजभवन की ओर से प्राथमिक विद्यालय के बच्चों हेतु शिक्षकों को पुस्तकें भी प्रदान की गई। विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गांव के बच्चों के बीच आयोजित प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसी प्रतिस्पर्धाएं होनी चाहिए, जिससे बच्चों में स्वस्थ, सकारात्मक एवं सहयोगी भावना का विकास होता है। इस अवसर पर लखनऊ विश्वविद्यालय की उपलब्धियों पर आधारित पुस्तिका एवं विश्वविद्यालय के शिक्षकों द्वारा लिखित 14 पुस्तकों का राज्यपाल द्वारा विमोचन किया गया। समारोह में सी.डी.ओ. सीतापुर को राज्यपाल द्वारा स्वास्थ्य किट भी प्रदान किया गया तथा मुख्य अतिथि व मंचासीन अतिथिगणों को राज्यपाल ने 'हमारा राजभवन' पुस्तक भेंट की।




### फेल का मतलब होता है सीखना : निलेश एम देसाई

**अंतरिक्ष** अनुप्रयोग केंद्र (एसएसी) अहमदाबाद के निदेशक व प्रतिष्ठित वैज्ञानिक निलेश एम देसाई ने अपने संबोधन में कहा कि मैं स्पेस साइंटिस्ट और इंजीनियर हूं। मैने 13 फरवरी 1986 को एसएसी इसरो को ज्वाइन किया था। उन्होंने कहा कि आज जो छात्र यहां से डिग्री प्राप्त कर रहे हैं उनके सामने एक बेहतर अपॉर्चुनिटी उनके भविष्य के लिए खड़ी है। उनके सामने एक ऐसा वातावरण है, जो उन्हें बहुत से ऐसे मौके प्रदान कर रहा है। जो उनको उनके पैशन को पूरा करने और सपनों को जीने का पूरा मौका देगा। उन्होंने कहा कि आप ऐसे देश के नागरिक है जहां पर सबसे तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था है। ऐसे में आज आपको जो डिग्री मिली है उसको भविष्य में किस फील्ड में आप जा रहे हैं, उससे सब कुछ अचीव करने का मौका मिलेगा। देसाई ने कहा कि जब हम इसरो में शामिल हुए तो वहां पर मुझे एक मूल मंत्र सिखाया गया जो आज मैं आप लोगों को बता रहा हूं। उन्होंने कहा कि हम इसरो में जब भी कोई प्रोजेक्ट पर काम करते हैं और उसमें अगर हमें असफलता हाथ लगती है तो वह हमारे लिए एक मौके के तौर पर होता है। उन्होंने कहा कि फेल होने का मतलब यह नहीं होता कि आगे कुछ नहीं कर सकते बल्कि इसरो में बताया गया है कि फेल (फर्स्ट अटेम्प्ट इज लर्निंग) से आप आगे बढ़ने के लिए दोबारा से इस अनुभव का प्रयोग कर सकते हैं। इसके अलावा नो मतलब ना नहीं होता इसरो में नो का मतलब (नेक्स्ट अपॉर्चुनिटी) होता है अगर आपको कहीं से निराशा हाथ लगी है तो आप यह सोचे कि आपके लिए एक अगला मौका फिर मिलने वाला है। इसी तरह एंड का मतलब (एफर्ट नेवर डाई) आप अपने जीवन में कभी कुछ भी समाप्त न समझे और अपने प्रयासों को लगातार जारी रखें।

### जो राष्ट्र नए-नए अनुसंधान करेगा वही आगे जाएगा: डॉ भटकर

**समारोह** के मुख्य अतिथि भारतीय कंप्यूटर वैज्ञानिक आईटी लीडर और शिक्षाविद पद्मश्री डॉ विजय पी. भटकर ने कहा कि आगे की दुनिया जो होगी, वह हमारी यात्राओं की होगी। भारत दुनिया में उच्चतम राष्ट्र के तौर पर सामने आएगा, उसमें सबसे आगे हमारी महिलाएं और बच्चियां होंगी। सभी डिग्री प्राप्त करने वाले छात्राओं को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। जो आज यहां से डिग्री प्राप्त करके जा रहे हैं, अपने अकादमी और रिसर्च के फील्ड में उत्कृष्ट के साथ आगे जाएंगे। आज से आगे आने वाली जो दुनिया होगी वह आपके बच्चों की होगी। इसलिए हम ज्यादा से ज्यादा विद्यार्थियों सिखाए और उन्हें तैयार करें। उन्होंने कहा कि हमने जो सुपर कंप्यूटर बनाया था, वह अथक प्रयत्न और क्रिएटिविटी के माध्यम से बना सके। आगे जो भारत उभरेगा का उसका उसके पीछे ग्रेट इमेजिनेशन सबसे बड़ा कारण होगा। जो कोई सोच नहीं सकता वह आप सोचे, यही इमेजिनेशन हमारे देश को आगे बढ़ाने में मदद करेगा। उन्होंने कहा कि लखनऊ विश्वविद्यालय जैसे विद्यापीठ को बड़ा योगदान होता है। अगर किसी देश को डेवलप करना है तो ऐसे विद्यापीठों को अपने काम को प्रमुखता से करना होगा। यहां पर रिसर्च, इनोवेशन, इमेजिनेशन जैसे चीजों को बढ़ावा देना होगा। डॉ. भटकर ने कहा कि जो राष्ट्र नए-नए अनुसंधान करेगा वही आगे जाएगा, उद्योग के निर्माण में इनोवेशन और रिसर्च का बड़ा महत्व है।

### शिक्षा वही सफल, जो ईमानदारी व राष्ट्र सेवा को प्रेरित करे: योगेंद्र उपाध्याय

**प्रदेश** के उच्च शिक्षा मंत्री, योगेन्द्र उपाध्याय ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस मुकाम की प्राप्ति हेतु अपने माता-पिता एवं गुरुजनों के प्रति कृतज्ञता जाहिर करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के विकसित भारत की संकल्पना को विद्यार्थियों को अपनी भूमिका से पूरा करना होगा। उन्होंने कहा कि वही शिक्षा सफल है, जो ईमानदारी और राष्ट्र सेवा को प्रेरित करें। समारोह में राज्य मंत्री उच्च शिक्षा रजनी तिवारी ने उपाधि/पदक प्राप्त विद्यार्थियों व उनके माता-पिता को बधाई दी एवं दीक्षांत समारोह को अनुष्ठान मात्र नहीं, बल्कि शिक्षा और ज्ञान के प्रति प्रतिबद्धता का परिणाम बताया। उन्होंने विद्यार्थियों से आत्मविश्वास और जुनून के साथ आगे बढ़ने को तथा राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया।

## मेधावियों से बातचीत

### सिविल सेवा में जाने का लक्ष्य



**मूलतः** लखीमपुर खीरी की रहने वाली हूं। हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की पढ़ाई लखीमपुर से ही की है। यहां कैलाश छात्रावास में रहती थी। पिता आशीष कुमार चौरसिया बिजनेसमैन और माता रीता नाग शिक्षिका हैं। एलयू से बीएससी पीसीएम और एमएससी गणित किया है। बीएससी में भी गणित में सबसे ज्यादा अंक लाने के लिए एक गोल्ड मेडल प्राप्त हुआ था। अभी आरबीआई और एसएससी परीक्षा की तैयारी कर रही हूं। आगे चलकर सिविल सेवा में जाने का इरादा है।

■ **शैलजा चौरसिया, 13 मेडल**

### जज बनकर न्यायिक क्षेत्र में लाना है बदलाव



**सिटी** लॉ कॉलेज के जानकीपुरम ब्रांच की छात्रा हूं। गोंडा की रहने वाली हूं। यहीं के धानेपुर कस्बे से हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की पढ़ाई की है। अवध विश्वविद्यालय से संबद्ध एलबीएस पीजी कॉलेज से बीए किया है। कॉलेज में भी दो गोल्ड और सिल्वर मेडल प्राप्त हुआ है। पिता प्रभाकर मिश्रा रजिस्ट्री ऑफिस में कार्यरत हैं। माता सुनीता मिश्रा गृहिणी हैं। आगे चलकर जज बनना है। इसलिए पीसीएस-जे की तैयारी कर रही हूं। मेरा मानना है कि न्याय मिलने में बहुत समय लग जाता है। इसको लेकर बदलाव लाना चाहूंगी।

■ **वैष्णवी मिश्रा, नौ गोल्ड मेडल**

### पुरानी धरोहरों को अस्तित्व में लाना मकसद



**शहर** के तेलीबाग क्षेत्र की हने वाली हूं। एलयू से एमए एआईएच से किया है। हाईस्कूल सेंट पॉल कॉलेज और इंटरमीडिएट लॉरेटों कॉन्वेंट से किया है। पिता अभिजीत चौधरी नॉर्दन रेलेवे से रिटायर्ड हैं। माता रीता चौधरी दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग में कार्यरत हैं। अभी सिविल सेवा की तैयारी कर रही हूं। आगे रिसर्च के क्षेत्र में भी आगे बढ़ने के लिए पीएचडी करूंगी। मैं पुरानी धरोहरों को लेकर कार्य करना चाहूंगी। उनके अस्तित्व को पुनर्जीवित करना चाहती हूं।

■ **रीमा चौधरी, नौ गोल्ड मेडल**

### देश के लिए मेडल लाना सपना



**लविवि** से एमपीएड की छात्रा रही हूं। वियतनाम में हुई मार्शल आर्ट में प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर पांचवी रैंक हासिल की थी। आगे इसी में करियर बनाना है और देश के लिए खेल कर मेडल लाना है। पिता सुरेश कुमार ड्राइवर हैं मां सुनीता देवी गृहिणी हैं।

■ **रागिनी गौतम, पेरी मेमोरियल गोल्ड मेडल**

### सिविल सर्विसेज में जाकर लाना है बदलाव

**चक्रवर्ती** गोल्ड मेडल फॉर सर्विस-2024 के लिए चुने गए कुंडा प्रतापगढ़ निवासी आयुष चौहान सिविल सर्विसेज में जाकर बदलाव लाना चाहते हैं। उन्होंने बताया कि यदि वह अपना लक्ष्य हासिल करने में कामयाब रहे तो सिविल एसोसिएशन बनाकर पढ़ाई करने वाले छात्रों के लिए सुलभ लाइब्रेरी की निशुल्क व्यवस्था की जाएगी। तैयारी करने वाले प्रत्येक जरूरतमंद युवाओं का सपना पूरा कराने हर संभव मदद करूंगा। कोशिश रहेगी कि किसी की पढ़ाई में आर्थिक तंगी रूकावट न बनें, हमने एनसीसी भी की हुई है। वर्ष 2021 में सीएम गोल्ड मेडल का सम्मान मिल चुका है। पिता जीतेन्द्र सिंह जूनियर इंजीनियर और मां कृष्णा सिंह गृहणी हैं। बड़ा भाई इंद्रेश व्यवसायी है।

### इन्हें मिला मेडल

**अनुष्का** जैन को चांसलर गोल्ड मेडल-2024, आयुष चौहान को चक्रवर्ती गोल्ड मेडल फॉर सर्विस-2024 और कैडेट अंशिका तिवारी को वाइस चांसलर गोल्ड मेडल (एनसीसी) दिया गया। दीक्षांत में कुल 198 मेडल के लिए मेधावियों दिए गए। वहीं मेडलों की सूची में शैलजा चौरसिया को 10 गोल्ड, दो सिल्वर और एक ब्रोंज मेडल दिया गया। जबकि वैष्णवी मिश्रा व रीमा चौधरी को नौ-नौ गोल्ड, जूली पटेल व हार्दिक गुप्ता को छह-छह गोल्ड, अर्पिता गोडिन, अर्पन शुक्ला, अनुराग सिंह को चार गोल्ड और निखिल सिंह, अर्शी श्रीवास्तव, जान्हवी पटेल, अदिति बाजपेयी, दिव्यांशी मिश्रा, शशांक शेखर पांडेय, प्रियांशी गुप्ता, श्रुति गुप्ता, प्रिया मिश्रा, शिखर भारती को तीन-तीन गोल्ड मेडल दिए गए।

### कुल 106306 डिग्री प्रदान की गईं

**इस** बार के दीक्षांत समारोह में कुल 106306 डिग्री दिए गए हैं जिसमें 62111 डिग्रीयां छात्राओं को, जबकि 44195 डिग्रीयां छात्रों को प्रदान की गई है. लविवि परिसर के 7049 छात्रों को डिग्रियां प्रदान की गई हैं। जिसमें 3418 डिग्रीयां छात्राओं को, जबकि 3611 डिग्रीयां छात्रों को प्रदान की गई है। जबकि लखनऊ जिले के डिग्री कॉलेज में कुल 36877 छात्रों को डिग्री प्रदान की गई है। जिसमें 23122 डिग्रीयां छात्राओं को, जबकि 13745 डिग्रियां छात्रों को प्रदान की गई है। लखनऊ विश्वविद्यालय से संबंध हरदोई जिले के डिग्री कॉलेज के कुल 19039 डिग्रियां प्रदान डिग्रियां प्रदान की। जिसमें 8753 डिग्रियां छात्राओं को, जबकि 10286 डिग्रियां छात्रों को प्रदान की गई है। लखीमपुर जिले के डिग्री कॉलेज के कुल 13019 डिग्रियां प्रदान डिग्रियां प्रदान की। जिसमें 8059 डिग्रियां छात्राओं को, जबकि 4970 डिग्रियां छात्रों को प्रदान की गई है। रायबरेली जिले के डिग्री कॉलेज के कुल 15171 डिग्रियां प्रदान डिग्रियां प्रदान की। जिसमें 9351 डिग्रियां छात्राओं को, जबकि 5820 डिग्रीयां छात्रों को प्रदान की गई है। वहीं सीतापुर जिले के डिग्री कॉलेज के कुल 15151 डिग्रियां प्रदान डिग्रियां प्रदान की। जिसमें 9445 डिग्रियां छात्राओं को, जबकि 5706 डिग्रीयां छात्रों को प्रदान की गई है।

# हिंदनगर कालोनी अवैध बस्ती की सूची में शामिल होने पर बढ़ी लोगों की मुश्किलें

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**हिंदनगर** कालोनी को अवैध बस्ती की लिस्ट से न हटाने से लोगों की परेशानी कम नहीं हो रही हैं। मास्टर प्लान मे लगी सूची में कालोनी का नाम भी अवैध कालोनियों में डाल रखा है। ऐसे में एलडीए बोर्ड के सदस्य द्वारा प्रस्ताव रखे जाने के बाद भी हिंदनगर को लिस्ट से न हटाने पर कड़ी नाराजगी जताई हैं। वहीं जनभावनाओं के रोष को देखते हुए हटाने की मांगी जा रही है।

कानपुर रोड स्थित हिंदनगर को अवैध बस्तियों में शामिल करने पर यहां के निवासियों को भारी कीमत चुकानी पड़ रही है। लोगों को मकान बनाने के लिए बैंकों से लोन नहीं मिल पा रहा है। नक्शे नहीं पास हो पा रहे हैं। इससे लोग परेशान हैं। हिन्दनगर कालोनी का ले आउट पास होने तथा ले आउट के अनुसार विकसित होने की जानकारी के बाद पूर्व में एलडीए की बोर्ड बैठक में इसका नाम अवैध कालोनी की सूची से हटाने के लिए रखा गया था। लेकिन आज तक इसे नहीं हटाया जा सका है।

12 सितम्बर को हुई बोर्ड बैठक में फिर इसका मामला उठा था। बोर्ड के सदस्य पुष्कर शुक्ला ने जब इस सम्बंध में अधिकारियों से जानकारी मांगी तो पता चला कि अभी यह कालोनी अवैध की श्रेणी में ही है। मास्टर प्लान में लगी सूची में इस कालोनी का नाम भी अभी अवैध में पड़ा है। इसको लेकर उन्होंने नाराजगी जतायी थी। इसे लापरवाही बताया।

### सूची से नाम न हटने की वजह से नक्शे भी नहीं हो पा रहे हैं पास

**सूची** से नाम न हटने की वजह से हिन्दनगर में मकान बनवाने वालों के नक्शे भी नहीं पास हो पा रहे हैं। मास्टर प्लान में लगी सूची में इसका नाम होने की वजह से प्राधिकरण खुद ही नक्शा नहीं पास कर रहा है। इससे भी लोग परेशान हैं। उधर बैंक भी बिना एलडीए से नक्शा पास हुए लोन भी देने को तैयार नहीं हैं।

**हिन्दनगर** कालोनी का ले आउट नगर निगम से पास है। हमने पूरी रिपोर्ट दी थी लेकिन अभी तक इसका नाम अवैध कालोनी की सूची से नहीं हटाया गया है। बोर्ड में हमने आपत्ति की है। अब इसे अगली बोर्ड बैठक में रखने का कमिश्नर ने निर्देश दिया है।

**पुष्कर शुक्ला, सदस्यए एलडी, बोर्ड**

# बीबीएयू में स्नातक की मेरिट सूची जारी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**बाबा** साहब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में स्नातक पाठ्यक्रमों के अंतर्गत रिक्त सीटों पर दाखिले को लेकर सोमवार को विभागवार मेरिट सूची जारी कर दी गई है। चयनित अभ्यर्थियों को ऑनलाइन 17 सितम्बर तक सीट कन्फर्मेशन शुल्क जमा करना होगा।

बीबीएयू ने 10 सितम्बर को सत्र 2024-25 स्नातक प्रवेश के लिए मेरिटी सूची जारी की थी। जिसके बाद विभागवार सीट के अनुसार के अब मेरिट सूची जारी कर दी गई है। जारी मेरिट लिस्ट में बीकॉम आनर्स, बीएससी लाइफ सांइस, बीएससी आईटी, इंटीग्रेटेड बीएससी- एमएससी (बेसिक साइंस), बीएससी जियोलॉजी, बीएससएसी एफएसटी, बीकॉम, बीसीए, बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन, बीबीए-एलएलबी, बीए पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, बीए के साथ ही बीवोक, डिप्लोमा इन फार्मेसी, बीटेक, डिप्लोमा (अर्ली चाइल्डहुड केयर एण्ड एजुकेशन), बीए फिल्म थिएटर एण्ड मीडिया स्ट्डीज, बीफार्मा के कोर्स शामिल हैं। एडमिशन मानिटरिंग कमेटी की चेयरमैन प्रो. सुदर्शन वर्मा ने बताया कि पीजी कोर्स की रिक्त सीटों को भरने के लिए आवेदन लिए जा चुके हैं। दो से तीन दिन में इसकी भी मेरिट सूची कर दी जाएगी।

# छावनी परिषद की एक और बस्ती पर चलेगा बुल्डोजर, सीईओ ने एलडीए को लिखा पत्र

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**शहर** में एक और बस्ती पर बुल्डोजर चलेगा। छावनी परिषद के रानी लक्ष्मी बाई मार्ग पर करीब 0.247 एकड़ में बनी बस्ती पर जल्दी ही बुलडोजर चलेगा। इसके लिए तैयारी की जा रही है। यह बस्ती करीब 20 वर्ष पहले बनी थी। वहीं छावनी परिषद की ओर से 4 दिसंबर 2015 में बस्ती को ध्वस्त करने का आदेश जारी किया गया था।

राजधानी में छावनी परिषद की बस्ती पर बुल्डोजर कार्रवाई की तैयारी की जा रही है। इसके लिए छावनी परिषद ने एलडीए को पत्र लिखकर पुनर्वासित करने की मांग की है। छावनी सूत्रों की मानें तो छावनी परिषद ने इस बस्ती को ध्वस्त करने के लिए 4 दिसंबर 2015 को आदेश जारी किया था। इससे पहले इन्हें पुनर्वासित करने की व्यवस्था की जाएगी। छावनी परिषद के सीईओ अभिषेक राठौर ने मामले में 5 सितंबर 2024 को लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष को पत्र भेजा है। जिसमें उन्होंने इस बस्ती में रहने वाले लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना का मकान देने का अनुरोध किया है।

12 सितंबर को हुई एलडीए की बोर्ड बैठक में इसका प्रस्ताव रखा गया था। जिसमें परीक्षण के बाद वहां के लोगों को बसंतकुंज में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान देने का फैसला लिया गया। ऐसे में अब इस बस्ती का गिरना लगभग तय माना जा रहा है। सभी कब्जेदारों तथा निवासियों का पूरा विवरण भी लखनऊ विकास प्राधिकरण के पास आ चुका है। छावनी परिषद ने सर्वे कराकर एलडीए को रिपोर्ट भेज दी है।

### इनके ध्वस्त किए जाएंगे मकान

**रानी** लक्ष्मी बाई मार्ग के तमाम लोगों के मकान पर बुलडोजर चलाया जाएगा। जिन लोगों के मकान गिराए जाएंगे उनमें संजय कुमार, तुषार राज, मोहित कुमार, सूरज कुमार, बेला पत्नी राजेश, सुंदरलाल, राजे पुत्र राम चरण, उर्मिला देवी, राकेश कुमार, इतरत शफी शाह, राजवीर, महबूब शफी शाह, मीना पत्नी विनोद, राजकुमारी, माया देवी, संगीता पत्नी महेंद्र कुमार, सुमित कुमार और अजय कुमार का मकान शामिल है।

### आवास आवंटित कर किया जाए पुनर्स्थापित

**छावनी** परिषद के सीईओ ने लिखा है कि एलडीए की ओर से चलाई जा रही पुनर्विस्थापन योजना के तहत यहां के अतिक्रमणकारियों को उचित मापदंडों के अनुरूप आवास आवंटित कर पुनर्स्थापित किया जाए। जिससे न सिर्फ छावनी परिषद, रक्षा मंत्रालय के निर्देशों का अनुपालन किया जा सकेगा बल्कि सरकार की नीतियों के तहत व्यक्तियों को बेघर होने से बचाया जा सके। उन्होंने लिखा है कि इन लोगों को भी नया मकान मिलने से कब्जे को तोड़ने पर कोई आपत्ति नहीं होगी।

# विश्वकर्मा जयंती पर आज 50 हजार करोड़ का ऋण वितरित करेंगे मुख्यमंत्री

### ● विश्वकर्मा श्रम सम्मान व हस्तशिल्पियों को टूलकिट भी प्रदान करेंगे सीएम

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**उत्तर** प्रदेश को 'उत्तम प्रदेश' बनाने के लिए प्रयासरत सीएम योगी राज्य की पारंपरिक कलाओं, हस्तशिल्प, माटीकला व ओडीओपी के हस्तशिल्पियों व कारीगरों की प्रशस्ति की दिशा में एक और 'मील का पत्थर' रखने जा रहे हैं। मंगलवार को विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में वह विश्वकर्मा श्रम सम्मान व ओडीओपी तथा माटीकला के अंतर्गत हस्तशिल्पियों को टूलकिट प्रदान करने के साथ ही 50,000 करोड़ का ऋण वितरित करने जा रहे है। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के जुपिटर हॉल में सायं 4 बजे हो रहे इस वितरण कार्यक्रम में हस्तशिल्पियों व कारीगरों के उचित सम्मान के साथ ही प्रदेश की पारंपरिक कला के प्रश्रय देने का नया मार्ग सुनिश्चित होगा।

## देश-प्रदेश के आर्थिक विकास में तकनीकी विशेषज्ञों का महत्वपूर्ण योगदानः योगी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

### ● राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने दी विश्वकर्मा जयंती की शुभकामनाएं

**राज्यपाल** आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश तथा देशवासियों को विश्वकर्मा जयंती की शुभकामनाएं दी हैं। अपने बधाई संदेश में राज्यपाल ने सभी शिल्पकारों और रचनाकारों को नमन करते हुए कहा कि अपनी लगन, प्रतिभा और परिश्रम से समाज में नवनिर्माण को आगे ले जाने वाले सभी शिल्पकारों और रचनाकारों का हृदय से वंदन करती हूं। वहीं सोमवार को जारी एक शुभकामना संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि देश एवं प्रदेश के आर्थिक विकास में तकनीकी विशेषज्ञों का महत्वपूर्ण योगदान होता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बड़ी संख्या में कारीगर एवं हस्तशिल्पी पारम्परिक कार्यों के माध्यम से जीविकोपार्जन करते हैं। यह हस्तशिल्पी और कारीगर पारम्परिक कार्यों में अत्यन्त प्रतिभाशाली हैं। पारम्परिक कारीगरों की प्रतिभा को निखारने के लिए इनके प्रशिक्षण तथा व्यवसाय में वृद्धि के उद्देश्य से डबल इंजन सरकार द्वारा पीएम विश्वकर्मा योजना, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना तथा एक जनपद एक उत्पाद योजना संचालित की जा रही हैं।

# पंप स्टोरेज प्लांट्स का हब बनने जा रहे हैं सोनभद्र, चंदौली और मिर्जापुर

### ● परियोजना के अंतर्गत सभी 6 प्लांट्स के जरिए प्रदेश में कुल मिलाकर 4,730 मेगावॉट ऊर्जा हो सकेगी उत्पन्न

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश को ऊर्जा के क्षेत्र में भी उत्तम प्रदेश बने, इसके लिए योगी सरकार द्वारा विभिन्न स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। प्रदेश में बढ़ती औद्योगिक गतिविधियों और रिकॉर्ड ऊर्जा खपत जरूरतों के बीच सीएम योगी के विजन अनुसार क्लीन एनर्जी सेक्टर पर विशेष रूप से फोकस किया जा रहा है। इस क्रम में, सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के साथ ही अब योगी सरकार हाइड्रो बेस्ड पंप प्रोजेक्ट्स को भी बढ़ावा देने की दिशा में लगातार प्रयास कर रही है। सीएम योगी का विजन है कि उत्तर प्रदेश पंप स्टोरेज प्लांट्स का हब बने, ऐसे में प्रदेश में मीरजापुर, चंदौली और सोनभद्र इस दिशा में भूमिका निभाने को तैयार हैं।

उल्लेखनीय है कि इन पंप प्लांट्स का प्रदेश में सबसे बड़ा हब मीरजापुर बनने जा रहा है जहां विभिन्न कैपेसिटी के 4 प्लांट्स की स्थापना की जाएगी। वहीं सोनभद्र में लगने वाला पंप स्टोरेज प्लांट सबसे ज्यादा ऊर्जा उत्पन्न करने वाला होगा। चंदौली में भी पंप स्टोरेज प्लांट की स्थापना की जाएगी। योगी सरकार इन सभी 6 प्लांट्स के जरिए प्रदेश में कुल मिलाकर 4,730 मेगावॉट ऊर्जा उत्पादन के लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ रही है। खास बात यह भी है कि इन सभी प्लांट्स को अगस्त के बीच में क्लीयरेंस दे दी गई है और अब इनकी स्थापना, निर्माण व विकास कार्यों को तेजी से पूरा करने की प्रक्रिया जल्द प्रारंभ होने वाली है। उल्लेखनीय है कि इन 6 प्लांट्स के अतिरिक्त सोनभद्र, चंदौली और मीरजापुर में अन्य पंप स्टोरेज प्लांट्स को लेकर भी एक्मे, अवाडा व ईस्ट इंडिया पेट्रोलियम के पास 'इन प्रिंसिपल अप्रूवल' है और इन सभी परियोजनाओं पर तेजी से कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए योगी सरकार द्वारा निर्देश दिए जा चुके हैं।

सीएम योगी के विजन अनुसार, परियोजना के अंतर्गत सबसे पहले इसी वर्ष 30 मई को सोनभद्र के गर्हावा में 1250 मेगावॉट कैपेसिटी का हाइड्रो पंप स्टोरेज प्लांट लगाने की स्वीकृति मिली थी। एक्वाग्रीन इंजीनियरिंग मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा इसे डेवलप किया जा रहा है और यह ऑफ स्ट्रीम लूप पंप प्रोजेक्ट होगा। यहां दो रिजर्वयर में सोन नदी का पानी पंप करके स्टोरेज कैपेसिटी बढ़ाई जाएगी जिसके बाद रिजर्वॉयर से 4.6 किलोमीटर दूर पंप इनटेक वेल की स्थापना की जाएगी। 6100.62 करोड़ रुपए की धनराशि के जरिए सभी निर्माण व विकास कार्यों को परियोजना के अंतर्गत पूरा किया जाएगा। वहीं, चंदौली के मुबारकपुर में इसी वर्ष 8 अगस्त को 600 मेगावॉट कैपेसिटी के हाइड्रो पंप स्टोरेज प्लांट के निर्माण को स्वीकृति मिली थी। इसका निर्माण एक्मे ऊर्जा टू प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है और यह क्लोज्ड लूप स्टोरेज हाइड्रो प्रोजेक्ट होगा। यहां भी अपर रिजर्वॉयर व लोअर रिजर्वॉयर मैकेनिज्म से ऊर्जा उत्पादन किया जाएगा और परियोजना के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के निर्माण व विकास कार्यों को 3544.81 करोड़ की लागत से पूरा किया जाएगा।

मिर्जापुर में पंप स्टोरेज प्लांट्स के प्रोजेक्ट के जरिए योगी सरकार 3480 मेगावॉट ऊर्जा उत्पन्न करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। परियोजना के अंतर्गत 26 जून से 29 अगस्त के बीच कुल चार पंप स्टोरेज प्रोजेक्ट्स की स्थापना को हरी झंडी मिली है। इनमें अवाडा ग्रुप द्वारा कटरा में 4410 करोड़ रुपए की लागत से 630 मेगावॉट ऊर्जा उत्पादन करने में सक्षम पंप स्टोरेज प्लांट का निर्माण व विकास कार्य किया जाएगा। जबकि, रेन्यू द्वारा गांव कालू पट्टी में 3350 करोड़ रुपए की लागत से 600 मेगावॉट व बबूरा में 4100 करोड़ रुपए की लागत से 800 मेगावॉट कैपेसिटी वाले प्लांट्स का निर्माण, विकास व संचालन किया जाएगा।

# भाजपा आज से पूरे प्रदेश में करेगी सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

### ● जगह-जगह होगा स्वच्छता अभियान व रक्तदान शिविरों का आयोजन

**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) 17 सितम्बर 2024 से पूरे प्रदेश में 'सेवा पखवाड़ा' का शुभारंभ करने जा रही है, जिसका उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को सेवा कायो्ं के माध्यम से मनाना है। पार्टी के प्रदेश महामंत्री और सेवा पखवाड़ा अभियान के प्रदेश प्रभारी संजय राय ने बताया कि 17 सितम्बर को प्रदेशभर में स्वच्छता अभियान और रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

राय ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ वाराणसी में स्वच्छता अभियान का नेतृत्व करेंगे, जबकि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी और उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य एवं ब्रजेश पाठक लखनऊ में आयोजित स्वच्छता कार्यक्रम में भाग लेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ वाराणसी में रक्तदान शिविर का उद्घाटन भी करेंगे, जिसमें बड़ी संख्या में युवा मोर्चा के कार्यकर्ता रक्तदान करेंगे। राय ने बताया कि सेवा पखवाड़ा के दौरान प्रदेश के विभिन्न जिलों में भी कैबिनेट मंत्रियों द्वारा स्वच्छता अभियान और रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जाएगा। लखनऊ में कैबिनेट मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, गोरखपुर में स्वतंत्र देव सिंह, मुरादाबाद में अनिल कुमार, सहारनपुर में सुनील शर्मा, और कानपुर देहात में संजय निषाद प्रमुखता से इन अभियानों में भाग लेंगे। इसके अलावा, कई अन्य जिलों में कैबिनेट मंत्रियों द्वारा नेतृत्व किया जाएगा। रायबरेली में राकेश सचान, गोंडा में दारा सिंह चौहान, आगरा में जयवीर सिंह, हाथरस में बेबीरानी मौर्य, और जौनपुर में ए.के. शर्मा जैसे मंत्री सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत होने वाले कार्यक्रमों में शामिल होंगे। राय ने बताया कि विभिन्न जिलों में राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार और अन्य भाजपा नेता भी इन कार्यक्रमों में भाग लेंगे। सम्भल में धर्मवीर प्रजापति, सीतापुर में जेपीएस राठौर, और हरदोई में असीम अरुण जैसे नेता स्वच्छता और रक्तदान अभियानों में योगदान देंगे। इसी प्रकार से अन्य जिलों जैसे बलिया, बागपत, अमरोहा, और पीलीभीत में राज्यमंत्री सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत होने वाले कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी निभाएंगे। संजय राय ने बताया कि भाजपा के वरिष्ठ नेता और सांसद भी विभिन्न जिलों में सेवा पखवाड़ा के कार्यक्रमों में भाग लेंगे। गाजियाबाद में सांसद अतुल गर्ग, गौतमबुद्धनगर में डॉ. महेश शर्मा, उन्नाव में साक्षी महाराज, गोरखपुर महानगर में रवि किशन, और मथुरा में हेमा मालिनी इन अभियानों का नेतृत्व करेंगे। इसके साथ ही, अन्य जिलों जैसे प्रयागराज, देवरिया, भदोही, और सोनभद्र में भी सांसदों द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में भाग लिया जाएगा।

# पीएम मोदी ने की यूपी में नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों की प्रशंसा



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

### ● गुजरात के गांधी नगर में यूपीनेडा की ओर से लगाई गई प्रदर्शनी का प्रधानमंत्री ने अवलोकन किया

**नगर** विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने बीते रविवार को गुजरात के गांधीनगर में भारत सरकार के न्यू एंड रिन्यूएबल एनर्जी मंत्रालय द्वारा आयोजित समिट में यूपीनेडा द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अवलोकन कराया। ऊर्जा मंत्री ने इस दौरान उत्तर प्रदेश में नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की प्रधानमंत्री को जानकारी दी। उन्होंने पीएम सूर्य घर योजना तथा प्रदेश के शहरों को सोलर सिटी के रूप में विकसित करने हेतु किये जा रहे कार्यों की अद्यतन जानकारी दी। ऊर्जा मंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री ने उत्तर प्रदेश के नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति से संतोष व्यक्त किया और उन्होंने अपने वक्तव्य में भी अयोध्या को मॉडल सोलर सिटी के रूप में विकसित करने के लिए किए जा रहे कार्यों तथा प्रदेश के अन्य शहरों में नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में हो रहे कार्यों और इसके सामाजिक, आर्थिक एवं पर्यावरणीय लाभों की प्रशंसा की।

## विश्वकर्मा जयंती की पूर्व संध्या पर सरस्वती विद्या मंदिर कालेज में हुआ कार्यक्रम



**लखनऊ।** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, निराला नगर लखनऊ में प्रार्थना सभा में विश्वकर्मा जयंती की पूर्व संध्या पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें संयोजक आचार्य अनुज शर्मा ने कार्यक्रम में विश्वकर्मा जयंती के बारे में भैया और बहनों को बताया। प्रधानाचार्य राम तीर्थ वर्मा ने छात्रों को अपना आशीर्वाद दिया। साथ ही साथ कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रांतीय विजेता भैया बहनों को पदक तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। मंच संचालन वरिष्ठ आचार्य दिनेश कुमार ने किया।

## जिला स्तरीय जूडो प्रतियोगिता में 12 विद्यालयों ने लिया हिस्सा



**लखनऊ।** इंडियन पैरा जूडो एकेडमी लखनऊ में सरस्वती विद्यालय कन्या इंटर कॉलेज, (संयोजक) तथा महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज मोती नगर (सहसंयोजक) द्वारा जनपदीय जूडो प्रतियोगिता बालक एवं बालिका वर्ग अंडर 14, 17, व 19 संपन्न कराई गई। जिसमें जनपद के 12 विद्यालयों ने अपनी टीम के साथ प्रतिभाग किया। संस्कृत पाठशाला कन्या इंटर कॉलेज सदर 8 गोल्ड और दो सिल्वर मेडल प्राप्त कर अग्रणी रहा तथा बालक वर्ग में खालसा इंटर कॉलेज के छात्रों ने सर्वाधिक मेडल प्राप्त कर धाक जमाई । बालक वर्ग में खालसा इंटर कॉलेज 36 अंकों के साथ टीम चैंपियनशिप पर कब्जा करने में सफल रहा जबकि छात्राओं के वर्ग में संस्कृत पाठशाला कन्या इंटर कॉलेज सदर ने टीम चैंपियनशिप पर कब्जा किया।

# विभिन्न योजनाओं में एलडीए व आवास विकास के 13 हजार फ्लैट खाली, नहीं मिल रहे खरीददार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**विभिन्न** योजनाओं में एलडीए और आवास विकास के करीब 13000 फ्लैट को खरीदार नहीं मिल रहे हैं। एलडीए के आद्रा अपार्टमेंट और मृगशिरा अपार्टमेंट में पिछले 10-10 वर्षों से केवल दो-दो फ्लैट ही बिके हैं।

बाकी की पूरी बिल्डिंग खड़े.खड़े खंडहर हो रही है। एलडीए उपाध्यक्ष ने निरीक्षण में इन अपार्टमेंट की दुर्दशा देखी। आवास विकास परिषद के ही करीब 11500 फ्लैट नहीं बिके। प्रदेश में बड़े पैमाने पर अभी भी आवास विकास तथा लखनऊ विकास प्राधिकरण के फ्लैट रिक्त पड़े हुए हैं। इन योजनाओं में लोग फ्लैट ही नहीं खरीद रहे हैं। प्राधिकरण की कुछ योजनाओं की स्थिति तो ऐसी है जिसमें पिछले 10 वर्षों में केवल एक से दो फ्लैट ही बिके हैं। इन्हें बेचने के लिए आवास विकास परिषद तथा लखनऊ विकास प्राधिकरण लगातार प्रयास कर रहे हैं लेकिन ग्राहक नहीं मिल रहे हैं। लोग आते हैं और इन्हें देखकर वापस चले जाते हैं। करीब 10 दिन पहले एलडीए वीसी ने भी इनका निरीक्षण किया। वह भी इन्हें देखकर हतप्रभ रह गए। क्योंकि कुछ फ्लैट ऐसे बने हैं जिनकी स्थिति काफी खराब है। कम जगह में बना दिए गए हैं। सुविधाओं के लिए पर्याप्त जगह भी नहीं है। अकेले लखनऊ विकास प्राधिकरण के ही लगभग 1400 फ्लैट खाली हैं। आवास विकास परिषद के केवल लखनऊ जोन में ही 4127 फ्लैट खाली हैं। गाजियाबाद में 3719 तथा मेरठ जोन में 1488 फ्लैट खाली पड़े हैं।

### ब्रोकर की मदद लेने की तैयारी में एलडीए

**लखनऊ** विकास प्राधिकरण अपने रिक्त फ्लैटों को बेचने के लिए अब ब्रोकर की मदद लेने जा रहा है। इसके लिए बाजार में फ्लैट बेचने वाली कुछ एजेंसियों को हायर करने की तैयारी है। प्राधिकरण इन्हें फ्लैट बेचने के लिए इंसेंटिव देगा।

## अपग्रेड हो रहे अस्पताल, करोड़ों की वित्तीय स्वीकृतियां जारी

**लखनऊ।** प्रदेश की स्वास्थ्य सुविधाओं को और सुदृढ़ बनाने के लिए युद्ध स्तर पर काम चल रहा है। नवनिर्मित स्वास्थ्य केंद्रों में अत्याधुनिक मशीनों की स्थापना एवं पुराने अस्पतालों को अपग्रेड किया जा रहा है। यह कहना है प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक का। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग में व्यापक स्तर पर कार्य चल रहा है। उन्होंने जानकारी दी कि प्रदेश के नवनिर्मित चार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, गाजीपुर के मरदह, प्रतापगढ़ के जामताली, बलिया के चितवढ़ागांव एवं कानपुर देहात के मैथा में आधुनिक उपकरणों (डिजीटल एक्स-रे मशीन एवं अन्य उपकरण) को स्थापित करने हेतु 2.77 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। वहीं, 100 शैय्यायुक्त चिकित्सालय, सिरौली, गौसपुर (बाराबंकी) में सी आर्म मशीन स्थापित करने के लिए 18.25 लाख रुपए एवं डॉ. श्यामा प्रसाद (सिविल) चिकित्सालय, लखनऊ में अल्ट्रासाउंट मशीन को क्रय कर स्थापित करने हेतु 15 लाख रुपए की वित्तीय स्वीकृति दी गई है।

# सीड व यूपीनेडा ने आयोजित किया कार्यक्रम पर्यावरण जागरूकता और स्वच्छ ऊर्जा पर जोर

**वर्ल्ड ओजोन डे**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**विश्व** ओजोन दिवस के अवसर पर सेंटर फॉर एनवायरनमेंट एंड एनर्जी डिवेलपमेंट (सीड) ने मोहनलालगंज, लखनऊ में बलराम कृष्ण अकादमी परिसर में आज एक आउटरीच इवेंट और कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण (यूपीनेडा) के वरिष्ठ पदाधिकारियों समेत सिविल सोसाइटी संगठनों एवं छात्रों की भागीदारी हुई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अमरेश कुमार, विधायक, मोहनलालगंज, लखनऊ ने पर्यावरण मुद्दों पर व्यापक जागरूकता की आवश्यकता पर जोर दिया और बताया कि ओज़ोन परत की क्षति और अन्य पर्यावरणीय समस्याओं को हल करने के लिए सामूहिक प्रयास और सार्वजनिक जागरूकता जरूरी है। खुर्शीद फारूख, प्रोजेक्ट ऑफिसर, यूपीनेडा ने पर्यावरण की सुरक्षा में ग्रीन और क्लीन ऊर्जा की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों की ओर बदलाव न केवल ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन को कम करने के लिए आवश्यक है, बल्कि ओज़ोन परत की सुरक्षा के लिए भी महत्वपूर्ण है। डॉ. नीतू मिश्रा, प्रिंसिपल, बलराम कृष्ण अकादमी, ने भी अपने विचार साझा किए और शिक्षा और सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण पर चर्चा की। शुभम ठाकुर, रिन्यूएबल एनर्जी मैनेजर, सीड ने सौर ऊर्जा के हमारे सामाजिक-आर्थिक गतिविधियों में अधिकाधिक इस्तेमाल पर जोर दिया ताकि एक स्वच्छ और समृद्ध पर्यावरण को बहाल किया जा सके।

कार्यक्रम में विशेष आकर्षण के रूप में छात्रों ने एक अनूठी मानव श्रृंखला कला प्रदर्शनी का आयोजन किया। इस क्रिएटिव प्रस्तुति में ओज़ोन का आणविक सूत्र और पृथ्वी का बैनर शामिल था, जो इस वर्ष के वर्ल्ड ओज़ोन डे के थीम के साथ पूरी तरह मेल खाता था। यह प्रदर्शनी विविधता में एकता की एक मनमोहक दृश्य छवि थी, जो ओज़ोन परत की सुरक्षा के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता को दर्शाती है।

# कमलापुरी वैश्य समाज को पिछड़ा वर्ग में शामिल करने की मांग, सौंपा ज्ञापन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**अखिल** भारतीय कमलापुरी वैश्य समाज की कार्यकारिणी गठित होते ही पदाधिकारी पूरी तरह से क्रियाशील हो गए हैं। समाज को पिछड़ा वर्ग में शामिल कराने के लिए प्रयास शुरू कर दिए गए। समाज का एक दल रविवार को प्रांतीय अध्यक्ष जग प्रसाद गुप्ता और महानगर अध्यक्ष शिव प्रसाद गुप्ता के नेतृत्व में लखनऊ उत्तर विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. नीरज बोरा के आवास पर जाकर मिला। समाज के लोगों ने विधायक को प्रशंसा पत्र भेट करते हुए मार्ग दर्शन प्राप्त किया। इस दौरान कमलापुरी जाति को पिछड़ा वर्ग में शामिल किए जाने का एक ज्ञापन अखिल भारतीय कमलापुरी वैश्य प्रतिनिधि मंडल की तरफ से प्रमुख सचिव पिछड़ा वर्ग आयोग के नाम दिया गया। जिस पर डॉ. बोरा ने सकारात्मक आश्वासन दिया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश लघु उद्योग विकास निगम के उपाध्यक्ष राज्य मंत्री उप्र सरकार, श्री नटवर गोयल भी मौजूद रहे। उन्होंने भी कमलापुरी समाज को शासन की तरफ से यथासंभव सहयोग कराने का आश्वासन दिया। इस दौरान डॉ. बोरा ने सभी प्रतिनिधियों को जय श्री राम अंकित फटाका पहनाकर सम्मान किया। लखनऊ महानगर कमलापुरी इकाई की तरफ से उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रतीक चिन्ह भेट कर विशेष तौर पर सम्मानित किया।

# इलाज के साथ-साथ जाने अपना अधिकार, सुरक्षा को मिली है प्राथमिकता

**विश्व रोगी सुरक्षा दिवस आज**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**ऐशबाग़** निवासी 46 वर्षीया श्यामा (बदला हुआ नाम ) बताती हैं कि उन्हें कमर के दर्द की समस्या थी और वह जब निजी चिकित्सक को दिखाने गयीं तो उन्हें कई जाँच कराने की सलाह दी गयी। जाँच के बाद जब उन्होंने चिकित्सक से जानना चाहा कि उन्हें क्या बीमारी है तो जवाब मिला कि इलाज आपको करना है या मुझे। ऐसे अनगिनत लोग होंगे जिन्हें पता ही नहीं होता है कि उनका क्या इलाज चल रहा है? जबकि यह उनका अधिकार है।

हर साल 17 सितंबर को विश्व रोगी सुरक्षा दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं में रोगी सुरक्षा के महत्व को चिन्हित करना और इस दिशा में जागरूकता फैलाना है। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा 2019 में इस दिन की शुरुआत की गई और तब से इसे वैश्विक स्तर पर मनाया जा रहा है। इस साल की थीम है 'मरीजों की सुरक्षा के लिए निदान में सुधार' और इस बार का नारा है 'सही करें, सुरक्षा सुनिश्चित करें'। थीम का उद्देश्य है कि निदान प्रक्रिया एकदम सटीक और सुरक्षित हो जिससे इलाज के दौरान रोगियों को किसी भी प्रकार के नुकसान से बचाया जा सके। इस थीम के तहत रोगियों को उनकी देखभाल में सक्रिय रूप से शामिल करने और स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुरक्षित बनाने पर जोर दिया गया है।

### रोगी सुरक्षा इसलिए है जरूरी

**रोगी** सुरक्षा का मतलब है कि हर व्यक्ति को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएँ मिलें। यह जरूरी है कि मरीज इलाज के दौरान किसी भी प्रकार के नुकसान या जोखिम से सुरक्षित रहें, सभी स्वास्थ्य सेवा से जुड़े संस्थानों की प्रमुख जिम्मेदारी होती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) के अनुसार, सुरक्षित स्वास्थ्य सेवाओं के बिना गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना संभव नहीं है। इसलिए डब्लूएचओ ने रोगी सुरक्षा के लक्ष्य निर्धारित किये है जिसमें मरीजों की सही पहचान, प्रभावी संचार में सुधार, हाई-अलर्ट दवाओं की सुरक्षा में सुधार करना, अस्पताल और रोगियों से मिलने वाले संक्रमणों को कम करना, रोगी सुरक्षा के लिए सभी हितधारकों के बीच सहयोग बढे, स्वास्थ्य सेवाओं की सुरक्षा और गुणवत्ता में सुधार किया जाए। सेज जर्नल में प्रकाशित एक अध्ययन में अनुसार जिसमें भारत के उच्च चिकित्सा संस्थाओं से 635 शहरी मरीजों से मरीज सुरक्षा से सम्बंधित एक ऑनलाइन इंटरएक्टिव सत्र आयोजित किया गया । इसमें 35 प्रतिशत लोगों ने ऐसे हालात का सामना किया जहां उन्हें लगा कि मरीज सुरक्षा का उल्लंघन हुआ है। इनमें से 64 प्रतिशत ने ऐसे हालात में उच्च अधिकारियों को सूचित किया, जबकि बाकी ने या तो समस्या को नजरअंदाज कर दिया या उसे हल करने का तरीका नहीं जानते थे। 94 प्रतिशत मरीज किसी भी मरीज सुरक्षा कार्यक्रम में भाग लेने के लिए इच्छुक थे। वही 58 प्रतिशत मरीजों को यह मानना था कि उन्हें मरीज़ देखभाल से जुड़ी सही जानकारी होनी चाहिए।

**एनएबीएच देता है मरीजों के अधिकारः** भारत में रोगी सुरक्षा के मानकों को स्थापित करने के लिए नेशनल एक्रीडिटेशन बोर्ड फॉर हॉस्पिटल्स (एनएबीएच) मरीजों के अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करता है। यह अधिकार मरीजों को उनकी देखभाल में सक्रिय रूप से भाग लेने और अपनी सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने में मदद करते हैं। इनमें प्रमुख अधिकार हैं- इलाज के विकल्प, प्रक्रिया, संभावित जोखिम और लाभों के बारे में पूरी जानकारी का अधिकार। किसी भी इलाज से पहले मरीज की सहमति का अधिकार, मेडिकल जानकारी की गोपनीयता का अधिकार, चिकित्सक और अस्पताल चुनने का अधिकार और गुणवत्तापूर्ण और सुरक्षित देखभाल का अधिकार।

# डिजिटल युग की आवश्यकताओं के अनुसार खुद को ढालें युवाः डॉ. राजेश्वर

### ● सरोजनीनगर विधायक ने ट्वीट कर युवाओं को दिखाई भावी चुनौतियों और संभावनाओं की तस्वीर, कहा-अभी अपनी स्किल्स को करें मजबूत

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सरोजनीनगर** विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा हैकि पढ़ाई कर रहे युवाओं को अपनी नौकरी और व्यवसाय चुनने के लिए भविष्य पर निर्भर नहीं रहना चाहिए, उन्हें अपने कौशल और महत्वाकांक्षाओं को अभी से आकार देना शुरू कर देना चाहिए क्योकि आने वाले समय में उन लोगों की तरक्की सबसे ज्यादा होगी जो भावी चुनौतियों और अवसरों के अनुरूप अभी से खुद को ढालने के लिए तैयार हैं। सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने ट्वीट कर भारत की युवा पीढ़ी को ये सलाह दी है।

डॉ. सिंह ने सोमवार को अपने आधिकारिक एक्स (ट्विटर) पर पोस्ट कर लिखा कि आज की दुनिया तेजी से डिजिटलीकृत हो रही है, ऐसे में उभरते नौकरी के अवसरों को समझना और उनके अनुरूप सही स्किल्स हासिल करना सबसे महत्वपूर्ण है। विधायक ने अपने ट्वीट में भविष्य के उभरते क्षेत्र और उनमें नौकरी की संभावनाओं और उनसे सम्बंधित कोर्सों का उल्लेख करते हुए लिखा कि अगले 5 सालों में एआई और मशीन लर्निंग के क्षेत्र में 71त्न मांग बढ़ेगी जबकि डेटा साइंस के क्षेत्र में 2029 तक 31त्न नौकरियां बढ़ेंगी, साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में 2031 तक 35 फीसदी नौकरियों की वृद्धि होगी और 2030 तक रोबोटिक्स फील्ड का 19प्रतिशत अधिक विस्तार होगा। विधायक ने आगे जोड़ा कि 2025 तक क्लाउड कंप्यूटिंग का बाजार 832.1 बिलियन डॉलर और 2026 तक डिजिटल मार्केटिंग उद्योग 876 बिलियन डॉलर तक पहुंच जाएगा, टेलीहेल्थ उद्योग में 2028 तक 25.2 प्रतिशत की वृद्धि संभावित है। डॉ. सिंह ने वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम फ्यूचर ऑफ़ जॉब्स रिपोर्ट का हवाला देते हुए आगे लिखा कि 2025 तक 50 प्रतिशत नौकरियों को रिस्किल करने की आवश्यकता होगी। एआई 2025 तक मौजूदा 18 लाख नौकरियों के अस्तित्व को खत्म करते हुए 23 लाख नौकरियां सृजित करेगा। डेल टेक्नोलॉजीज के अनुमान के अनुसार 2030 में प्रचलित 85त्न नौकरियां अभी तक मौजूद नहीं हैं। इस लिए युवा पाठ्यक्रम- मशीन लर्निंग, डेटा साइंस आदि डिजिटल स्किल्स के साथ आगे बढ़ें और अपने भविष्य में निवेश करें। बता दें कि राजधानी लखनऊ की सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में युवा पीढ़ी का उज्जवल भविष्य सुनिश्चित करने के लिए लगातार सुविधा, संसाधन और अवसर भी दिला रहे हैं। इस सम्बन्ध में विधायक ने त्रिस्तरीय दृष्टिकोण प्रस्तुत करते हुए रण बहादुर सिंह डिजिटल शिक्षा एवं युवा सशक्तिकरण केन्द्रों की स्थापना कर युवाओं को निशुल्क डिजिटल कोर्सेज की ट्रेनिंग दिला रहे हैं अबतक 7 केन्द्रों की स्थापना ह चुकी है, डॉ. सिंह का लक्ष्य 100 केन्द्रों की स्थापना कर कम से कम 50 हजार युवाओं को डिजिटल ट्रेनिंग से जोड़ना है।

डॉ. राजेश्वर सिंह अपनी विधानसभा क्षेत्र के मेधावी छात्रों को लगातार डिजिटल डिवाइसेस भी उपलब्ध करवा रहे हैं। उनके द्वारा अबतक करीब 1 हजार मेधावी छात्र-छात्राओं को लैपटॉप, स्मार्ट फ़ोन और टेबलेट्स बांटे गए।

# मरकजी जशन के बीच निकला जुलूस



**मिर्जापुर।** पैगंबर हजरत मुहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहो अलैह व सल्लम के यौमे पैदाइस बारह रविलअव्वल के मौके पर मरकजी जशन व जुलूस ईद मिलादुन्नबी कमेटी के जेरे इन्तजाम कुरआन खानी व 2बजे दिन इमामबाड़ा से एक शानदार जुलूस मुफ्ती शहर के परचम कुशाई के बाद निकला गया जुलूस में विभिन्न मोहल्ले के तमाम अंजुमनो ने शिरकत किया जुलूस अपने कदीम शाहराहो से बल्ली का अड्डा नारघाट टेढ़ी नीम त्रिमुहानी बसनई बाजार घण्टाघर पक्की सराय पेहटी का चौराहा तुलसी का चौक गुड़हट्टी मुकेरि बाजार लालडिग्गी नवीन चित्र मंदिर होते हुए इमामबाड़ा पहुंचकर सलातो सलाम के बाद समाप्त हुआ जुलूस में शिरकत करने वाले तमाम अंजुमनो को ईनाम से नवाजा गया। जुलूस जिन रास्ते से जा रहा था उसे मोहल्ले के अन्जुमनों द्वारा रोशनी शिरनी शरबत पानी वगैरह का काफी इंतजाम किया गया था जुलूस का परचम लेकर कमेटी के सेक्रेटरी सोनावर खान आगे आगे चल रहे थे जुलूस का कयादत व सदारत मौलाना नज्म अली मौलाना निसार अहमद कमेटी के नायब सदर जनाब शुकुरुल्ला साहब कर रहे थे जुलूस में कमेटी के हाजी महबूब आलम एडवोकेट अशफाक खान पूर्व विधायक भगवती प्रसाद चौधरी उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य मीडिया प्रभारी छोटे खान अरशद खान नेमत खान गुड्डू डॉक्टर दिलशाद खान अरुण कुमार मिश्रा संतोष गोयल आदि ने शिरकत की।

# बारावफात पर डीएम ने संभाला मोर्चा



**अंबेडकर नगर।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह तथा पुलिस अधीक्षक डॉण् कौस्तुभ द्वारा बारावफात दृष्टिगत कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर टांडा के विभिन्न क्षेत्रों वा टांडा तहसील से चौक घंटाघर होते हुए जुबेर गंज चौराहा तथा तलवापार बाबा तक जुलूस मार्गों का निरीक्षण किया गया।जिलाधिकारी ने कहा कि जुलूस को शांतिपूर्वक निकालनें में तथा शहर का सामाजिक सौहार्द बनाए रखने में अपना पूर्ण योगदान दें। जिलाधिकारी ने जुलूस के रूट का जायजा लिया तथा रास्ते में आने वाले अवरोधकए रूट पर टूटी सड़क गढ्डेए झूलते हुए तार एवं खुले ट्रांसफार्मर की बैरीकेटिंग सहित आदि व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कानून एवं शांति व्यवस्था के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने भ्रमण करते हुए स्थानीय लोगों से मुलाकात की। आमजनमानस से संवाद स्थापित कर आपस में प्रेमए सौहार्द बनाए रखने हेतु व अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की गयी। उन्होंने लोगों से कहा कि आपस में प्रेम और भाईचारा बनाकर त्यौहार मनाए। निरीक्षण के दौरान मौके पर अपर जिलाधिकारी डॉण् सदानंद गुप्ताए अपर पुलिस अधीक्षकएउप जिलाधिकारी टांडा मोहनलाल गुप्ताए क्षेत्राधिकारी टांडाए कोतवाल टांडा तथा पुलिस टीम मौके पर उपस्थित रहे।

# कांग्रेस की सदस्यता ली



मीरजापुर। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष पूर्वांचल के प्रभारी मनीष मिश्रा आईसीसी के सदस्य पूर्व विधायक भगवती प्रसाद चौधरी जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ शिवकुमार सिंह पटेल रामकिशुन पटेल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव भोलानाथ तिवारी पीसीसी सदस्य अशोक यादव किसान कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष उदय सिंह पटेल जिला पंचायत सदस्य शिव शंकर चौबे उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य मीडिया प्रभारी छोटे खान किसान कांग्रेस के अध्यक्ष संजय दुबे गुलाब चंद्र पांडे अर्चना चौबे इस्तियाक अंसारी कपिल कुमार सोनकर बसंत लाल छोटू चौबे रमेश प्रजापति पप्पू विनोद तिवारी कन्हैया लाल पाठक अभिषेक दुबे राजेंद्र विश्वकर्मा राजू भारती दिलीप मौर्य संतोष यादव आदि रहे।

# इफ्को में हस्तलेखन प्रतियोगिता



प्रयागराज। हिंदी सप्ताह के अंतर्गत इफ्को फूलपुर के प्रशिक्षण केंद्र में कर्मचारियों हेतु हस्तलेखन प्रतियोगिता हुई। इसके अतिरिक्त सामुदायिक केन्द्र में घियानगर की महिलाओं हेतु हिंदी हस्तलेखन तथा अंताक्षरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अंताक्षरी हिंदी छंद दोहे कविताओं चौपाई तथा श्लोकों पर आधारित थी। दोनों ही प्रतियोगिताओं में महिलाओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। साहित्य ज्ञान से भरपूर अंताक्षरी प्रतियोगिता आकर्षण का केंद्र बिंदु रही। इफ्को फूलपुर इकाई की प्रथम महिला विनीता कुदेशिया ने अंताक्षरी प्रतियोगिता की प्रशंसा की। कार्यक्रम का समन्वय हिंदी कार्य समिति के संयोजक अनिल कुमार गुप्ता और सदस्य स्वयम प्रकाश हेमलता सिजोरिया अरविंद चौहान विनोद कुमार यादव नीतू सिंह अभय कुमार तथा रजनीश मिश्र ने किया। यह जानकारी स्वयम प्रकाश जनसम्पर्क अधिकारी इफ्को फूलपुर ने दी।

# कजरी महोत्सव का आयोजन आज

**सोनभद्र।** उ0प्र0 लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान के निदेशक अतुल द्विवेदी ने बताया कि संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान लखनऊ भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय लखनऊ राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज सोनभद्र एवं जिला प्रशासन सोनभद्र के संयुक्त तत्वावधान में 17 सितम्बर 2024 को सायं 6 बजे राजकीय इंजीनियरिंग कालेज सोनभद्र में कजरी महोत्सव का अयोजन किया जायेगा। इस दौरान कजरी गायन आश्रया द्विवेदी प्रयागराज व राकेश उपाध्याय गोरखपुर द्वारा प्रस्तुति दी जायेगी कजरी गायन एवं नृत्य फगुनी देवी मीरजापुर करमा,डोमकच,झूमर नृत्य नाटिका आशा देवी सोनभद्र द्वारा प्रस्तुत किया जायेगा। कजरी गायन एवं नृत्य विन्ध्य कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा तथा नृत्य नाटिका शिवानी मिश्रा वाराणसी द्वारा प्रस्तुति की जायेगी। उन्होंने आयोजित कजरी महोत्सव कार्यक्रम में जन सामान्य से प्रतिभाग करने हेतु अपील की है।

# इंद्रदेव सिंह को अध्यक्ष व देवकुमार को महामंत्री पद की कमान

**बीजपुर/सोनभद्र।** रविवार को स्थानीय ग्राम सभा के पुनर्वास प्रथम परिक्षेत्र स्थित माँ दुधईया देवी मंदिर परिसर में नव युवकों एवं संभ्रांत नागरिकों की बैठक देव कुमार यादव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमें मंदिर परिसर में श्री श्री दुर्गा पूजा 2024 को होने वाले पूजनोत्सव के संदर्भ में समिति बनाकर रूपरेखा तैयार की गई। जिसमें सर्वसम्मति से इंद्रदेव सिंह को इस वर्ष की पूजा के लिए समिति का अध्यक्ष व देवकुमार यादव को महामंत्री पद की कमान सौंपी गई। साथ ही साथ गौतम वर्मा व कमलेश गुप्ता को उपाध्यक्ष, प्रकाश चंद विश्वकर्मा को कोषाध्यक्ष एवं राममिलन को उप कोषाध्यक्ष बनाया गया। देवदास यादव को संगठन मंत्री तथा जितेंद्र पाल, राम अशोक राम प्रवेश व कमलेश को मंत्री पद की जिम्मेदारी दी गई। संतोष गुप्ता को सूचना मंत्री घोषित किया गया। इसके अतिरिक्त संरक्षक मंडल में अनिल सिंह मेहता शिवधारी गुप्ता परशुराम पाल व श्रीराम यादव को शामिल किया गया। बैठक में मुख्य रूप से पुनर्वास प्रथम के युवक गण व संभ्रांत नागरिक उपस्थित थे।

# बेटी के प्रेम विवाह करने से नाराज पिता ने करा दी दामाद की हत्या

## हत्या में शामिल चार अभियुक्तों को पुलिस नें किया गिरफ्तार



**सोनभद्र।** चोपन थाना अंतर्गत गुरमुरा में 10 सितंबर को हुई राकेश गुप्ता की हत्या का खुलासा करते हुए सोमवार को पुलिस ने बताया कि बेटी के प्रेम विवाह करने की वजह से नाराज पिता नें हीं दामाद की हत्या कराया था। ग्राम गुरमुरा में अज्ञात बदमाशों द्वारा राकेश गुप्ता पुत्र ओमप्रकाश गुप्ता उम्र 25 वर्ष की चाकू व गोली से मारकर हत्या करने के सम्बन्ध में मृतक के पिता ओमप्रकाश द्वारा अज्ञात बदमाशों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया था। घटना का खुलासा करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिह नें बताया कि 15 सितम्बर को मुखबीर की सूचना पर चोरपनिया जंगल मोड़ के पास से उक्त अभियोग से सम्बन्धित प्रकाश में आये अभियुक्त विनोद कुमार गौड़ उर्फ गुड्डू पुत्र स्व0 रामदेव गौड़ निवासी ग्राम डुमरडीहा थाना दुद्धी हालपता वार्ड नं0 09 पी टाईप झोपड़ी रेनूकूट थाना पिपरी सुरेन्द्र कुमार गौड़ पुत्र रामदेव गौड़ निवासी ग्राम डुमरडीहा थाना दुद्धी आशीष कुमार भारती पुत्र ओमप्रकाश निवासी ग्राम रेहटा थाना अनपरा व ललित पटेल पुत्र स्व0 बृहस्पति निवासी ग्राम मेडरदह थाना अनपरा हालपता हिण्डालको कालोनी रेनूकूट थाना पिपरी को गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से तमन्चा चाकू तथा घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल व मोबाइल फोन बरामद किया गया। मृतक राकेश गुप्ता द्वारा सीमा पुत्री ललित पटेल निवासी हिण्डालको कालोनी रेनूकूट के साथ वर्ष 2023 में प्रेम विवाह किया था। जिससे सीमा के पिता ललित पटेल खुश नही थे। सीमा के पिता ललित पटेल द्वारा ही सीमा के पति राकेश गुप्ता की हत्या किये जाने हेतु अभियुक्त विनोद कुमार गौड़ उर्फ गुड्डू को एडवांस के रूप में करीब छः माह पहले 90 हजार रूपया दिया गया था तथा काम होने पर पन्द्रह से बीस लाख रूपये और देने को कहा गया था। सीमा के पिता ललित पटेल द्वारा अभियुक्तों पर दबाव बनाया गया कि एडवांस में पैसा ले लिये हो और काम नही कर रहे हो तो पैसा वापस कर दो। ललित पटेल द्वारा ही अभियुक्तों को अवैध तमन्चा कारतूस तथा चाकू भी उपलब्ध कराया गया था। 10 सितम्बर को अभियुक्त, राकेश के घर के पहले करीब 100 मीटर की दूरी पर स्थित आंगनवाडी केन्द्र की बडी बाउन्ड्री के पास खडे होकर राकेश गुप्ता के आने का इंतजार करने लगे थोडी देर बाद जैसे ही राकेश मोटर साइकिल से आता दिखाई दिया तो बडी बाउन्ड्री के पास खड़ा आशीष कुमार भारती मोटर साइकिल को धक्का देकर राकेश गुप्ता को गिरा दिया, राकेश गुप्ता की मोटर साइकिल पर पीछे बोरी में सामान लेकर बैठा व्यक्ति महेन्द्र कुमार पटेल भी वहाँ पर गिर गया तथा सुरेन्द्र कुमार गौड द्वारा मोटर साइकिल के पास खडा होकर आने जाने वाले लोगो की निगरानी कर रहा था उसी के द्वारा राकेश गुप्ता की मोटर साइकिल पर पीछे बैठे व्यक्ति महेन्द्र पटेल को डाटकर भागने को कहा गया इतने में अभियुक्त आशीष कुमार भारती अपने हाथ में लिए धारदार रामपुरिया चाकू से राकेश गुप्ता के सीने पर जोरदार प्रहार किया जिससे राकेश गुप्ता चिल्लाते हुए कुछ दूर जाकर गिर गया उसके बाद विनोद कुमार गौड उर्फ गुड्डू द्वारा तमन्चे से राकेश गुप्ता के पीठ में फायर कर दिया जिससे वह छटपटाकर गिर गया और तीनो अभियुक्त भाग गये, घटना के बाद अभियुक्त लुक छिपकर रह रहे थे। रविवार को वादे के अनुसार ललित पटेल से हत्या के सुपारी का पैसा लेने चोरपनिया जंगल के पास आये थे तभी चोपन प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार चौरसिया एसओजी प्रभारी रामस्वरूप वर्मा प्रभारी निरीक्षक कोन गोपाल जी गुप्ता व प्रभारी निरीक्षक करमा राजकुमार सिंह समेत अन्य पुलिस कर्मियों द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया।

# खेलकूद का जीवन में खासा महत्व



**अंबेडकरनगर।** 'विवेकानन्द शिशु कुञ्ज सीनियर सेकेण्डरी स्कूल एनटीपीसी में भारतीय शिक्षा समिति द्वारा आयोजित 35 वें प्रान्तीय खेलकूद समारोह के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी अविनाश सिंह एवं कार्यक्रम के अध्यक्ष के रूप में एनटीपीसी टाण्डा के अधिशाषी निदेशक अशेष कुमार चट्टोपाध्याय ए मुख्य वक्ता के रूप में भारतीय शिक्षा समिति उत्तर प्रदेश के प्रदेश निरीक्षक रामजी सिंह ए विशिष्ट अतिथि के रूप में सीतापुर सम्भाग के सम्भाग निरीक्षक सुरेश सिंह ए साकेत सम्भाग के सम्भाग निरीक्षक अवरीश कुमार ए एनटीपीसी टाण्डा के महाप्रबन्धक ;मानव संसाधनद्ध रजनीश खेतानए उपमहाप्रबंधक ;मानव संसाधनद्ध एनटीपीसी टांडा अनुराग सिन्हाए सच्चिदानंद पांडे एवं विद्या भारती के पूर्ण कालिक संस्कृति बोध परियोजना के प्रमुख उत्तम कुमार मिश्राए विद्यालय के प्रबन्धक अखण्ड प्रताप सिंह एअध्यक्ष अंजनी कुमार वर्मा तथा विद्यालय के यशस्वी प्रधानाचार्य वीरेन्द्र कुमार वर्मा एवं अम्बेडकर नगर संकुल के संकुल प्रमुख राजेन्द्र सिंह ए संकुल अम्बेडकर नगर के समस्त प्रधानाचार्यए विद्यालय के समस्त आचार्यए छात्र. छात्राओं के साथ आए संरक्षक एवं निर्णायक आचार्य एवं आचार्या उपस्थित रहे ।इस समारोह में जिलाधिकारी महोदय ने अपने वक्तव्य में छात्र. छात्राओं के सर्वांगीण विकास एवं खेलकूद का उनके जीवन में महत्व के बारे में बताते हुए जनपद स्तर से छात्र . छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए हर सम्भव सहायता के लिए आश्वासन दिया । उन्होंने यह भी बताया की समाज में फैले जाति.पांति एवं ऊंच. नीच के भेदभाव को मिटा कर हमें प्रधानमंत्री द्वारा 2047 तक विकसित भारत की जो परिकल्पना हैए उसको सफल बनाने में हम कदम मिलाकर चलें। देश के हित के बारे में कार्य करें एवं सोचे इसी में पूरे देश का कल्याण है ।एक समय था जब हमारा देश सोने की चिड़िया कहलाता थाएवैसा हम पुनः बन सकें ।कार्यक्रम की शुरुआत जिलाधिकारी द्वारा हरी झण्डी दिखाकर किया गया। कार्यक्रम अध्यक्ष द्वारा भाई. बहनों में नैतिकता के विकास एवं उत्तम शिक्षा के लिए विद्या भारती को धन्यवाद देते हुए बताया कि वह स्वयं भी विद्या भारती के पूर्व में विद्यार्थी रहे। उन्होंने यह भी कहा कि बच्चों के अन्दर नैतिक मूल्यों का विकास उनके जीवन में परम आवश्यक हैए जिसके लिए विद्या भारती पूरी तरह तत्पर है। इस समारोह में छात्र 271ए छात्राएं 215ए संरक्षक आचार्य 29ए आचार्या 22कुल संख्या 537 अन्य व्यवस्था में 43 स्थानीय आचार्यों का भी सहयोग रहा। इस प्रतियोगिता में विभिन्न प्रकार के खेलों का आयोजन होना है जिसमें दौड़ए लम्बी कूदएऊंची कूदए भाला फेंकए हैमर फेंकए ऊंची कूदए भाला फेंकए हैमर फेंकए चक्का फेंक बाधा दौड़ आदि विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं इस त्रि दिवसीय समारोह में सम्पन्न होंगी।

# कच्चा मकान ढहनें सें रामजीत की हुई मौत, आर्थिक मदद की मांग



**सोनभद्र।** रायपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पड़री में रविवार को हुई तेज बरसात के चलतें एक कच्चा मकान ढहकर गिर गया जिसमें दबकर रामजीत पुत्र काशी नामक 55 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। उक्त घटना को लेकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव व पूर्व विधायक अविनाश कुशवाहा ने कहा कि एक तरफ जहां इस मौत से परिजन सदमे में हैं वही यह घटना भाजपा सरकार की पोल भी खोल रही है भाजपा ने वादा किया था कि गिट्टी बालू सस्ता होगा हर गरीब का घर पक्का होगा पर हर साल बारिश के महीने में कच्चे मकान के गिरने की खबर आती है वही बीजेपी के चुनावी वादे के विपरीत हर साल गिट्टी बालू के दाम भी बढ़ने की खबर मिलती है। भाजपा सिर्फ चुनाव के लिए वादे करती है और सत्ता में आते ही फिर उन्हे गरीब मतदाताओं का शोषण शुरू कर देती है चाहे वो बिजली की दरों की बात हो या बेलगाम मंहगाई अब जनता ने इन झूठ बोलने वालों को 2024 में सिर्फ आइना दिखाया है और पूरी पिक्चर तो 2027 में दिखायेगी। जब सपा सरकार बनेगी तो रोटी कपड़ा सस्ती होगी, दवा पढ़ाई मुफ्ती होगी के तर्ज पर गिट्टी बालू सस्ता कर जनता को राहत प्रदान करेगी। उन्होने सरकार से रामजीत के परिजनों की आर्थिक मदद करनें की मांग किया।

# संजीव गौड़ सहित अन्य आरोपियों के विरुद्ध गैर जमानती वारंट,गिरफ्तार

**प्रयागराज।** गैर जमानती वारंट के आधार पर प्रयागराज पुलिस ने धौलपुर में स्वेअर हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड की ग्लव्स बनाने की फैक्ट्री पर छापा मारकर कंपनी के निदेशक संजीव गौड़ को गिरफ्तार कर लिया। संजीव गौड़ के खिलाफधारा 419 420 467 468 471 और 120 बी भारतीय दंड संहिता के तहत मामला दर्ज है। इस मामले में अन्य आरोपियों आशुतोष कुमार तिवारी रंजीत कुमार यादव पत्नी अराधना गौड़ और राजेश कुमार शामिल हैं। इनके खिलाफभी एनबीडब्ल्यू जारी किया गया था। हालांकि रेड के समय आशुतोष तिवारी और रंजीत यादव मौके से फरार हो गए और उनकी तलाश जारी है। यह मामला प्रयागराज के कामर्शियल कोर्ट से संबंधित है। जहां आरोपियों पर फर्जी दस्तावेज़ों के माध्यम से न्यायिक प्रक्रिया को प्रभावित करने का आरोप है। आरोप है कि संजीव गौड़ और उनके सहयोगियों ने प्रतिद्वंदी पक्ष के फर्जी हस्ताक्षर और जाली एफिडेविट का सहारा लेकर कोर्ट में गलत तरीके से याचिका दायर की थी। इसके साथ ही संजीव और उनके साथियों ने राजेश कुमार को प्रतिद्वंदी का कर्मचारी बताकर फर्जी साक्ष्य प्रस्तुत किए थे। जिससे न्यायालय को गुमराह किया जा सके। पुलिस ने इस मामले में स्वेअर हेल्थकेयर की फैक्ट्री में छापा मारकर संजीव गौड़ को गिरफ्तार किया। पुलिस का कहना है कि अन्य आरोपियों विशेष रूप से आशुतोष तिवारी और रंजीत यादव की खोज जारी है।

# डीएम ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का भ्रमण कर लिया जायजा


## जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों को अपने अपने क्षेत्रों में निरंतर भ्रमणशील रहकर स्थिति का जायजा लेते रहने एवं सभी आवश्यक व्यवस्था निरंतर सुनिश्चित बनाए रखने के दिए निर्देश



**प्रयागराज।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने सोमवार को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया। बक्शी बांध पहुंचकर वहां से नाव के द्वारा छोटा एवं बड़ा बघाड़ा सहित अन्य बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का भ्रमण कर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों में रह रहे लोगों से बातचीत की तथा उन लोगों को प्रशासन के द्वारा बनाये गये बाढ़ राहत शिविर में जाने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि बाढ़ राहत शिविर में सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित की गयी है। जिलाधिकारी ने कहा कि जो लोग अभी भी बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में रह रहे हैं। उनके लिए खाने का पैकेट सहित अन्य आवश्यक व्यवस्था तत्काल सुनिश्चित करा ली जाए। उन्होंने कहा कि सात बाढ़ राहत शिविर बनाए गए हैं। जहां पर बाढ़ से प्रभावित लोगों के लिए खाना नाश्ता पानी प्रकाश दवाएं सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित की गयी है। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशासन के अधिकारी एवं एनडीआरफकी टीम निरंतर बाढ़ क्षेत्रों का भ्रमण कर बाढ़ से प्रभावित लोगों की मदद कर रहे है। उन्होंने कहा कि जल पुलिस तथा सामान्य पुलिस भी बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में निरंतर भ्रमणशील रहकर निगरानी रख रही है। जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों को अपने.अपने क्षेत्रों में निरंतर भ्रमणशील रहकर स्थिति का जायजा लेते रहने के निर्देश दिए है। साथ ही साथ उन्होंने नाव दवाईयां राशन सहित अन्य आवश्यक व्यवस्था निरंतर सुनिश्चित बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पशुओं के लिए भी चारा इत्यादि की व्यवस्था सुनिश्चित बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। बाढ़ से सम्बंधित कोई सूचना देने के लिए बाढ़ आपदा कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। इस अवसर पर नगर आयुक्त चन्द्र मोहन गर्ग अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व विनय कुमार सिंह एसडीएम सदर अभिषेक सिंह एनडीआरएफ के अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# स्वयं के लिए नहीं राष्ट्र के लिए जीते हैं पीएम मोदी

## मगापौर ने कहा-भाजपा का सदस्यता अभियान जन आंदोलन



**प्रयागराज।** भारतीय जनता पार्टी के द्वारा मुट्ठीगंज चौराहे पर भाजपा जिला प्रवक्ता राजेश केसरवानी के संयोजन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 74 वें जन्म दिवस की पूर्व संध्या पर वृहद स्तर पर भाजपा का सदस्यता अभियान चलाया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मोत्सव धूमधाम के साथ मनाते हुए महापौर गणेश केसरवानी ने उनके सचित्र पर पर तिलक लगाकर बधाई दी। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर गणेश केसरवानी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज देश दुनिया का नेतृत्व कर रहा है और भारत अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पांचवीं सबसे बड़ी इकोनॉमी पावर बनी और उनके कुशल मार्गदर्शन पर धारा 370 हटा और श्रीराम जन्मभूमि पर भगवान श्रीराम का दिव्य और भव्य मंदिर का निर्माण हुआ और और विश्व में फैली कोरोना महामारी में भारत संकट मोचन बनकर उभरा उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं के लिए नहीं सिर्फराष्ट्र के लिए जीते हैं। जिसके लिए वह दिन रात काम कर रहे हैं और कहा कि भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए प्रधानमंत्री एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रव्यापी सदस्यता अभियान चल रही है। वास्तव में यह सदस्यता अभियान सिर्फभारतीय जनता पार्टी का सदस्य बनने के लिए ही नहीं अपितु भारत को मजबूत और विकसित राष्ट्र बनाने के लिए जनांदोलन है। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक जिला प्रवक्ता राजेश केसरवानी एवं भाजपा नेता रईस चंद्र शुक्ला ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी दुनिया का मात्र ऐसा राजनैतिक दल है जो सत्ता के लिए नहीं बल्कि सेवा के लिए काम करता है। इस अवसर पर 812 लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम के संयोजक अजय अग्रहरि शत्रुघ्न जायसवाल सुशील जैन सुनील केसरवानी आलोक वैश्य ने आए हुए अतिथियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन मंडल संयोजक अजय अग्रहरि एवं शत्रुघ्न जायसवाल ने किया। इस अवसर पर पूर्व पार्षद गिरी बाबा रईस चंद शुक्ला महानगर उपाध्यक्ष प्रमोद मोदी मनोज मिश्र भरत केसरी अनुपम श्रीवास्तव सुनील केसरवानी सोनू दीपक केसरवानी किशन चंद्र जायसवाल नीरज केसरवानी आदि उपस्थित रहे।

# छा गईं जीजीआईसी सैयदराजा की बच्चियां



**चन्दौली।** मण्डल . स्तरीय कला. उत्सव प्रतियोगिता में जीजीआईसी सैयदराजा ने धमाकेदार प्रदर्शन करते हुए तीन प्रतियोगिताओं में पहली बार स्थान प्राप्त किया ।जानकारी के अनुसार शनिवार को वाराणसी स्थित आर्य महिला इंटर कॉलेज मण्डल स्तरीय कला उत्सव प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था ।जिसमें गाजीपुरएजौनपुरएचंदौली एवाराणसी जिले के प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में जीजीआईसी सैयदराजा की टीम ने प्रधानाचार्या डॉण् प्रतिभा गोस्वामी के मार्गदर्शन में व डॉण् सुभद्रा कुमारी के नेतृत्व में भाग लिया था। इस मंडल . स्तरीय कला . उत्सव प्रतियोगिता में जीजीआईसी की अनामिका ने लोक . नृत्य बालिका वर्ग में तृतीय स्थान प्राप्त किया व कुमारी राधा ने अवनद्ध वाद्य वादन में भी तृतीय स्थान प्राप्त किया ।इसी क्रम में स्टोरी टेलिंग में अमृता कश्यप को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ ।यह पहली बार रहा जब चंदौली जिले ने जीजीआईसी सैयदराजा की बच्चियों के द्वारा मंडल. स्तरीय कला . उत्सव प्रतियोगिता में सफलता प्राप्त किया ।जीजीआईसी सैयदराजा के बच्चियों को लेकर गई डॉण् सुभद्रा कुमारी ने सफलता का श्रेय बच्चियों की मेहनत और विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉण् प्रतिभा गोस्वामी को दिया। उन्होंने कहा की प्रधानाचार्या मैम का कुशल दिशा . निर्देशन व संरक्षण हीं था कि हम सब ने ये सफलता पाई ।उन्होंने आयोजक मंडल की आलोचना करते हुए कहा कि मंडल स्तरीय प्रतियोगिता में 12इवेंट थे और उन्हें 6 इवेंट में तब्दील कर दिया गया जिसकी कोई जानकारी नहीं दी गई ।इससे प्रतिभागी काफी निराश हुए । यदि सभी इवेंट अलग अलग होते तो हमारा परिणाम और अच्छा होता ।विदित हो कि शास्त्रीय संगीत और पारंपरिक लोक संगीत को एक में मिलाया गया ।इसी प्रकार अवनद्ध वाद्य और स्वर वाद्य वादन को एक मेंए शास्त्रीय नृत्य व लोक नृत्य को एक में ए एवम दृश्य कला द्वि.आयामी त्रिआयामी के साथ स्थानीय खिलौने एवं खेल तीनों को एक में यनाटक एकल अभिनय और नौटंकी को एक में सम्मिलित करके निर्णय कर प्रतिभागी को प्रथम एद्वितीय व तृतीय स्थान दिया गया।

## अभूतपूर्व बरसात
### अनेक शहरों में बाढ़

**अभूतपूर्व बरसात** देश के अनेक शहरों में बाढ़ का कारण बनी है। यह शहरी नियोजन के लिए चुनौती है। अभूतपूर्व बरसात के कारण भारत के प्रमुख शहरों में आई व्यापक बाढ़ से जीवन और संपत्ति का नुकसान हुआ तथा दैनिक जनजीवन में भारी बाधा पड़ी। इनमें मुंबई, दिल्ली और बैंगलुरू शामिल हैं। भारी बरसात इन शहरी केन्द्रों को अब भी प्रभावित कर रही है जिसके कारण निवासियों को पानी में डूबी सड़कों से गुजरना पड़ता है, ट्रैफिक जाम होता है, बिजली चली जाती है तथा देश की शहरी ढांचागत संरचना में अनेक कमियां दिखती हैं। इस साल हुई मूसलाधार बारिश ने खासतौर से नुकसान पहुंचाया है। मुंबई में पानी निचले क्षेत्रों में सीने तक पहुंच गया, जबकि बैंगलुरू के एक समय भीड़भाड़ वाले 'टेक कारीडोर' नदियों की तरह लग रहे थे। बाढ़ के कारण देश में 100 से अधिक लोगों की जानें गईं तथा हजारों लोगों को अपने घर छोड़ने पड़े। घर और वाहन डूबने के कारण अनेक परिवारों की पूरी बचत कुछ ही घंटों में पानी में बह गई। इसके साथ ही उत्तर भारत के मेरठ जैसे शहर भी आंशिक रूप से डूब गए, जबकि पहले यहां जलभराव की शिकायत नहीं होती थी। बाढ़ के कारण आर्थिक नुकसान भी बहुत अधिक हैं। दूकानें, कार्यालय और उद्योगों को बंद रखने पर मजबूर होना पड़ा। सार्वजनिक ढांचागत संरचना ने बाढ़ की मार झेली है। हालांकि, भारत के शहरी केन्द्रों में ट्रैफिक जाम कोई खास बात नहीं है, पर बाढ़ के कारण पहले से ही खराब स्थिति और खराब हो गई। दिल्ली में बरसात के पानी से प्रमुख सड़कें बंद हो गई तथा यात्रा के समय में कई गुना वृद्धि हुई।



आजीविका के लिए रोज कमाई पर निर्भर रहने वाले लोगों की परेशानी और बढ़ी क्योंकि बाढ़ के कारण पैदा बाधा से वे काम नहीं कर सके। इन बाढ़ों की व्यापकता एवं गहनता से भारत में तत्काल शहरी नियोजन पर पुनर्विचार की आवश्यकता स्पष्ट होती है। अनेक समस्याओं की जड़ खराब जल निकासी व्यवस्था, प्राकृतिक जल स्रोतों पर कब्जे तथा शहरों का अनियंत्रित विस्तार है। मुंबई व चेन्नै जैसे शहरों में हर साल बाढ़ आती है, वहां विशेषज्ञों ने संभावित बाढ़ वाले क्षेत्रों में बेलगाम विकास के खिलाफ चेतावनी दी है। हालांकि, बरसात अभूतपूर्व रही, पर शहरी नियोजन में सुस्ती के कारण स्थिति गंभीर हुई क्योंकि वे मानसून के मौसम में भारी बरसात के लिए तैयार नहीं थे। नालियां जाम होने, आवश्यक उपकरण उपलब्ध न होने अथवा बेकार होने तथा कार्रवाई में खराब नियोजन के कारण स्थिति और गंभीर होती है। देश भर में शहरों की जल-निकासी या तो पुरानी पड़ गई है अथवा वह भारी बरसात से निपटने में अक्षम है। 'स्थानीय सरकारों' को महत्वपूर्ण ढांचागत संरचना के उच्चीकरण में निवेश करते हुए यह सुनिश्चित करना चाहिए कि आवासीय व वाणिज्यिक क्षेत्रों से पानी की सक्षम निकासी सुनिश्चित हो। 'बिल्डर-नौकरशाह गठजोड़' के कारण अनेक जल स्रोत नष्ट हुए हैं। पहले अनेक झीलें, नदियां और दलदली क्षेत्र बरसात का पानी सोख लेते थे, पर अब वे अनियोजित अवैध विकास के कारण नष्ट हो गए हैं। शहरी नियोजन में हरित क्षेत्रों को शामिल कर जमीन में पानी सोखने की क्षमता बढ़ाई जानी चाहिए। इसके साथ ही टिकाऊ निर्माण व्यवहार से पानी को सतह पर एकत्र होने के बजाय भूमिगत जल में मिलने की व्यवस्था की जानी चाहिए। इसके लिए 'वर्षा जल संचयन' तथा 'स्टार्मवाटर प्रबंधन' जैसे समाधानों को जमीनी स्तर पर लागू किया जाना चाहिए। शहरों को जलवायु परिवर्तन से निपटने की दीर्घकालीन योजना बनानी चाहिए।

# गणेश पूजा पर अकारण विवाद

**भारत में प्रशासन तथा न्यायपालिका संविधान के अनुसार काम करते हैं। ऐसे में गणेश पूजा में प्रधानमंत्री व प्रधान न्यायाधीश की सहभागिता पर विवाद अनुचित है।**



**गौरव वल्लभ**
(लेखक, प्रोफेसर हैं)



**भारत के** प्रधान न्यायाधीश-सीजेआई के आवास पर गणेश पूजा में प्रधानमंत्री की उपस्थिति को प्रतीकात्मक सम्मान और एकता की तरह देखा जाना चाहिए। इसकी अनावश्यक आलोचना अनुचित है। भारतीय प्रशासन की जटिल संरचना में न्यायपालिका व कार्यपालिका के कार्य विशिष्ट तथा अलग होने के बावजूद परस्पर निर्भर हैं, अत: ऐसे संकेत उपयुक्त तथा देश की प्रगति में सामंजस्य बनाए रखने के लिए जरूरी हैं। 'संकुचित दृष्टिकोण' से इस कृत्य की आलोचना अवसर के व्यापक महत्व को अनदेखा करना होगा। न्यायपालिका और कार्यपालिका भारतीय लोकतंत्र के दो सर्वाधिक महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। हालांकि, उनके काम अलग-अलग हैं, पर वे एक साझा उद्देश्य की पूर्ति करते हैं। यह उद्देश्य संविधान के संरक्षण के साथ जनता का कल्याण सुनिश्चित करना है। कार्यपालिका के प्रमुख के रूप में प्रधानमंत्री तथा न्यायपालिका के प्रमुख के रूप में भारत के प्रधान न्यायाधीश उस नेतृत्व के प्रतीक हैं जो सरकार की दो महत्वपूर्ण शाखाओं का प्रतिनिधित्व करते हैं।

उनकी व्यक्तिगत या धार्मिक आयोजन में सहभागिता परस्पर सम्मान तथा देश के प्रशासन में उनकी संबंधित भूमिकाओं की स्वीकारोक्ति है। गणेश पूजा भारत में एक महत्वपूर्ण धार्मिक आयोजन है जो विवेक, समृद्धि तथा बाधाओं को हटाने का प्रतीक हैं। ऐसे आयोजन में एकसाथ आ कर दोनों नेताओं ने संदेश दिया है कि वे राष्ट्र के लक्ष्यों के प्रति एकजुट हैं तथा सबके कल्याण के लिए ईश्वर से आर्शीवाद प्राप्त कर रहे हैं। इस कृत्य को 'अनुपयुक्त' बताना इस तथ्य को अनदेखा करना होगा कि व्यक्तिगत रूप से साथ आना भारत के संवैधानिक ढांचे के प्रति साझा जिम्मेदारी का निर्वहन है। भारत के प्रधान न्यायाधीश के आवास पर गणेश पूजा में प्रधानमंत्री की सहभागिता की आलोचना करने वालों को याद रखना चाहिए कि गणपति पूजा करना कोई अपराध नहीं है, बल्कि इसके बजाय यह भारत की सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक विरासत का अंतर्निहित अंग है। महान स्वतंत्रता सेनानी बाल गंगाधर तिलक ने इसे पुनर्जीवित करते हुए इसके गहन लक्ष्यों-एकता, राष्ट्रवाद तथा सामूहिक शक्ति पर जोर दिया था। गणेश पूजा के महत्व को इसी दृष्टिकोण से देखा जाना चाहिए। इस संदर्भ में गणेश पूजा केवल धार्मिक आयोजन न होकर एक शक्तिशाली सांस्कृतिक प्रतीक है जिसने ऐतिहासिक रूप से सामाजिक एकजुटता, एकता और राष्ट्रवाद को बढ़ावा दिया था। ऐसे आयोजन की आलोचना कर आलोचक उन मूल्यों को नुकसान पहुंचाते हैं जिनकी स्थापना लोकमान्य तिलक ने इस त्योहार के माध्यम से की थी। इस भारतीय परंपरा में 'कर्ता' का अर्थ परिवार के प्रमुख या प्रबंधक से है जो पूरे परिवार की भलाई का जिम्मेदार होता है। इसी प्रकार प्रधानमंत्री और प्रधान न्यायाधीश अपने संबंधित क्षेत्रों-कार्यपालिका और न्यायपालिका के 'कर्ता' के रूप में कार्य करते हैं। भले ही उनकी भूमिकायें अलग हों, पर उनके उद्देश्य अक्सर समान होते हैं, खासकर इनका संबंध राष्ट्रीय हितों, कानून और न्याय से होता है।

इस प्रकार एक धार्मिक आयोजन में साथ आ कर उन्होंने अपने संस्थागत अलगाव के बावजूद यह प्रदर्शित किया ह कि वे किसी व्यापक व महान लक्ष्य, यानी जनता के कल्याण तथा भारतीय लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए काम कर रहे हैं। कार्यपालिका के कर्ता के रूप में प्रधानमंत्री सरकार चलाने, कानूनों का क्रियान्वयन करने तथा देश का विकास सुनिश्चित करने के जिम्मेदार हैं। इसी तरह न्यायपालिका के कर्ता के रूप में भारत के प्रधान न्यायाधीश सुनिश्चित करते हैं कि न्याय को लागू किया जाए तथा कानूनों की व्याख्या उचित व न्यायोचित तरीके से कर उनका क्रियान्वयन हो। ये भूमिकायें एक दूसरे की पूरक हैं और सम्मान तथा एकता की सार्वजनिक अभिव्यक्ति हैं। ऐसे में एक धार्मिक आयोजन में साथ भाग लेने से केवल यह समझदारी मजबूत होती है कि प्रशासन के इन दोनों स्तंभों के बीच समझदारी और समन्वय बना हुआ है। ऐसे में कोई संकुचित दिमाग वाला व्यक्ति ही प्रधानमंत्री के गणेश पूजा में भाग लेने की गलतियां निकाल सकता है। अक्सर ऐसी आलोचना की जड़ें देश के व्यापक प्रशासन में कार्यपालिका और न्यायपालिका की सीमित समझदारी में होती हैं। सद्भावना और एकता के ऐसे संकेतों की आलोचना इन शाखाओं के बीच सहयोग के महत्व को अनदेखी करना होगा, जबकि यह लोकतंत्र के अच्छी तरह कामकाज के लिए जरूरी है। गणेश पूजा में शामिल होकर प्रधानमंत्री तथा प्रधान न्यायाधीश ने राष्ट्र के व्यापक कल्याण हेतु एकसाथ काम करने की प्रतिबद्धता प्रकट की है। सभी जानते हैं कि कांग्रेस की अपने कार्यकाल में अनेक अवसरों पर न्यायपालिका की स्वतंत्रता में हस्तक्षेप करने या उसे प्रभावित करने के आरोप लगे थे। सभी प्रबुद्ध नागरिकों के मन में इसका एक उदाहरण प्रधान न्यायाधीश जस्टिस एस.एम. सीकरी ने 25 अप्रैल, 1973 को अपनी सेवानिवृत्ति के एक दिन पहले सर्वोच्च न्यायालय का परिवर्तनकारी 'केशवानंद भारती फैसला' दिया था। इसमें कहा गया था कि संसद संविधान की 'मूल संरचना' में बदलाव नहीं कर सकती है। इस फैसले से अपने संविधान संशोधन की योजनाओं में सीमाबंधन के कारण नाराज इंदिरा गांधी ने तीन वरिष्ठ न्यायाधीशों-जस्टिस के.एस. हेगड़े, जे.एम. शीलत व ए.एन.ग्रोवर को 26 अप्रैल को पीछे छोड़ दिया था।

इस प्रकार सरकारी दृष्टिकोण के कम आलोचक जस्टिस ए.एन. रे को प्रधान न्यायाधीश बनाया गया था। इस कृत्य ने सर्वोच्च न्यायालय को स्पष्ट संदेश दिया था और इससे 'हीबियस कार्पस मामले', यानी एडीम जबलपुर में फैसला प्रभावित हुआ था। 25 जून, 1975 को घोषित आपातकाल में जीवन एवं व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार समेत मूलाधिकारों को स्थगित रखा गया था। सर्वोच्च न्यायालय की संविधान पीठ ने राष्ट्रपति आदेश को चुनौती देने वाली याचिकायें सुनी थीं। अटार्नी जनरल नीरेन डे ने कहा था कि आपातकाल के दौरान देश में कोई न्यायिक उपचार लागू नहीं हो सकता है। इस पर जस्टिस खन्ना ने अटार्नी जनरल से आपातकाल के दौरान गंभीर उल्लंघनों, जैसे पुलिस द्वारा की गई हत्याओं पर न्यायिक उपचार पर सवाल पूछा था। अटार्नी जनरल ने स्वीकार किया था कि इस समय कोई न्यायिक रास्ता नहीं है। इस विवादास्पद स्वीकृति के बावजूद बहुमत ने फैसला दिया था कि आपातकाल के दौरान नागरिकों को जीवन या व्यक्तिगत स्वतंत्रता का कोई अधिकार नहीं है। जस्टिस खन्ना ने इसका विरोध किया, पर बाद में उनको पीछे छोड़ कर जनवरी, 1977 में एम.एच. बेग को प्रधान न्यायाधीश बनाया गया। नवंबर, 1976 में कांग्रेस ने 42वां संशोधन परस किया जिसका उद्देश्य न्यायिक स्वतंत्रता को धक्का दे कर एक ज्यादा तानाशाही सरकार बनाना था। भारत के प्रधान न्यायाधीश के आवास पर गणेश पूजा में प्रधानमंत्री की सहभागिता परस्पर सम्मान तथा एक दूसरे की भूमिकाओं एवं शक्तियों की स्वीकृति है। ऐतिहासिक रूप से न्यायपालिका की स्वतंत्रता को नुकसान पहुंचाने वाली कांग्रेस के उलट यह कार्यपालिका व न्यायपालिका के बीच स्वस्थ संबंधों का संकेत देता है। प्रधानमंत्री की धार्मिक कार्यक्रम में उपस्थिति न्यायपालिका के कामकाज या उसकी निर्णय प्रक्रिया में कोई हस्तक्षप नहीं है। सम्मानपूर्वक सांस्कृतिक व धार्मिक आयोजनों में सहभागिता तथा राजनीतिक लाभ के लिए न्यायपालिका के काम में हस्तक्षेप में यह अंतर कांग्रेस युग से तुलना में साफ दिखता है।

प्रधानमंत्री द्वारा प्रधान न्यायाधीश के आवास पर गणेश पूजा में सहभागिता एक ऐसा कृत्य है जो भारत के एकता, परस्पर सम्मान व समावेशन के मूल्यों को प्रकट करता है। केवल संकुचित दृष्टिकोण या विभाजनकारी राजनीतिक उद्देश्यों की सोच वाले लोग ही इसकी आलोचना कर सकते हैं। यह आयोजन न्यायपालिका व कार्यपालिका के बीच स्वस्थ संबंधों का द्योतक है जो संविधान को सम्मान देने तथा राष्ट्र के कल्याण को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कार्यरत हैं। अत: इसकी आलोचना करने के बजाय इसे भारत की लोकतांत्रिक व सांस्कृतिक भावना में सामंजस्य व एकता के उत्सव की तरह देखा जाना चाहिए।

# महिला अपराधों में त्वरित न्याय आवश्यक

**विकास तिवारी**
(लेखक सामाजिक कार्यकर्ता हैं)



सुरक्षा दुनिया भर में एक बुनियादी चिंता का विषय बनी हुई है, जहां बलात्कार और दुर्व्यवहार के व्यापक मुद्दे हर दिन लाखों महिलाओं और लड़कियों को प्रभावित करते हैं। इन जघन्य अपराधों का गहरा एवं व्यापक प्रभाव पड़ता है, जो व्यक्तिगत पीड़ितों से आगे बढ़कर परिवारों, समुदायों और समाजों को भी प्रभावित करता है। इसके परिणाम सिर्फ़ शारीरिक या भावनात्मक ही नहीं होते, बल्कि सामाजिक भी होते हैं, जो अपना स्थायी निशान छोड़ते हैं जो विश्वास और सामंजस्य को कमज़ोर करते हैं। बलात्कार और दुर्व्यवहार के मूल में सामाजिक दृष्टिकोण और गहराई से जड़ जमाए हुए सत्ता असंतुलन का एक जटिल जाल है।

अक्सर, अपराधी इन अपराधों का इस्तेमाल नियंत्रण के उपकरण के रूप में करते हैं, अपने पीड़ितों पर प्रभुत्व जताते हैं। बलात्कार के विनाशकारी परिणाम शारीरिक चोट से लेकर भावनात्मक आघात, सामाजिक अलगाव और यहां तक कि मृत्यु तक हो सकते हैं। पीड़ितों द्वारा झेले गए मनोवैज्ञानिक नुकसान का आकलन करना मुश्किल है, और समाज पर इसके प्रभाव बहुत ज़्यादा हैं। हाल ही में एक ऐसा मामला जिसने पूरे देश की अंतरात्मा को झकझोर दिया, वह था कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में एक प्रशिक्षु डॉक्टर का बलात्कार और हत्या।

इस क्रूर अपराध ने कुख्यात निर्भया कांड की याद दिला दी, जिससे पूरे देश में आक्रोश फैल गया। एक बार फिर, इसने केंद्र और राज्य सरकारों के सामने एक गंभीर सवाल खड़ा कर दिया: क्या न्याय व्यवस्था महिलाओं के खिलाफ अपराधों को पर्याप्त रूप से संबोधित कर रही है?

क्या पीड़ितों को वास्तव में वह न्याय मिल रहा है जिसकी वे मांग कर रही हैं? एक और कुख्यात उदाहरण 1992 का अजमेर सामूहिक बलात्कार और ब्लैकमेल कांड है, जिसमें 100 से अधिक लड़कियों को अश्लील तस्वीरों के साथ ब्लैकमेल किया गया था, जिनमें से कई के साथ सामूहिक बलात्कार किया गया था। इस मामले में न्याय 32 साल बाद ही मिला, जिसमें छह आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई और प्रत्येक पर 5 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। यह चौंकाने वाली देरी एक बार फिर इस बात पर चिंता जताती है कि क्या भारतीय न्याय व्यवस्था यौन हिंसा के मामलों से प्रभावी ढंग से निपटने में सक्षम है। 1.5 बिलियन की आबादी वाले भारत में न्याय में तेजी लाने के लिए 750 से अधिक फास्ट-ट्रैक कोर्ट हैं। फिर भी, अजमेर सामूहिक बलात्कार, निर्भया, उन्नाव और बलरामपुर जैसे मामले दशकों तक चलते रहते हैं।

न्याय की धीमी गति दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र होने का दावा करने वाले देश में सरकार और कानून प्रवर्तन एजेंसियों की सामूहिक विफलता को दर्शाती है। इससे यह सवाल उठता है: क्या हमें यौन हिंसा के पीड़ितों के लिए समय पर न्याय सुनिश्चित करने के लिए न्यायिक सुधार की आवश्यकता है?

वैश्विक परिदृश्य महिलाओं के खिलाफ हिंसा को रोकने के लिए विभिन्न प्रकार के दृष्टिकोण दिखाता है। उदाहरण के लिए, यू.के. ने हाल ही में महिलाओं के खिलाफ हिंसा को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा मानते हुए एक विधेयक पारित किया है, जो इसे इस्लामी आतंकवाद के बराबर मानता है। डेनमार्क, आइसलैंड और स्विटजरलैंड जैसे कई यूरोपीय देशों ने %जीरो टॉलरेंस% नीतियों के तहत कड़े कानून अपनाए हैं, जिनमें यौन हिंसा के दोषियों के लिए मृत्युदंड भी शामिल है। ये उदाहरण भारत के लिए संभावित मॉडल पेश करते हैं, जिस पर वह विचार कर सकता है, क्योंकि वह लिंग आधारित हिंसा के अपने संकट से जूझ रहा है। बलात्कार और दुर्व्यवहार को रोकने के लिए बहुआयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है, जो इन अपराधों के मूल कारणों को संबोधित करता है। सहमति, स्वस्थ संबंधों और सम्मान के बारे में शिक्षा और जागरूकता कार्यक्रम आवश्यक शुरुआती बिंदु हैं।

समुदायों को शामिल करना, विशेष रूप से महिलाओं की सुरक्षा के बारे में चर्चाओं में पुरुषों और लड़कों को शामिल करना, सामाजिक दृष्टिकोण को बदलने और ऐसे अपराधों की व्यापकता को कम करने में मदद कर सकता है।

पीड़ितों के लिए परामर्श और कानूनी सहायता जैसी सुलभ सहायता सेवाएँ प्रदान करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। ये सेवाएँ पीड़ितों को ठीक होने और न्याय पाने में मदद करने के लिए महत्वपूर्ण हैं। महिलाओं की सुरक्षा के लिए कानूनों को मजबूत करने और अपराधियों के लिए त्वरित जवाबदेही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नीतिगत सुधार भी महत्वपूर्ण होते हैं।

महिलाओं और लड़कियों को सशक्त बनाना बलात्कार और दुर्व्यवहार को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह आर्थिक स्वतंत्रता को बढ़ावा देकर किया जा सकता है, जो हिंसा के प्रति संवेदनशीलता को कम करने में मदद करता है, और सुरक्षित स्थानों को बढ़ावा देता है जहां महिलाएं बिना किसी डर के घटनाओं की रिपोर्ट कर सकती हैं। पीड़ितों को हिंसा के खिलाफ़ बोलने के लिए प्रोत्साहित करने से इन अपराधों के इर्द-गिर्द अक्सर होने वाली चुप्पी को तोड़ने में मदद मिल सकती है, कलंक को दूर किया जा सकता है और दूसरों को आगे आने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता है।

आज के डिजिटल युग में, तकनीक महिलाओं की सुरक्षा को बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। सुरक्षा ऐप जैसे अभिनव उपकरण, जो महिलाओं को आपात स्थिति में परिवार या दोस्तों को सचेत करने की अनुमति देते हैं, और पीड़ितों के लिए ऑनलाइन सहायता प्लेटफ़ॉर्म सुरक्षा और सहायता के नए रास्ते प्रदान करते हैं। डेटा एनालिटिक्स हिंसा के पैटर्न और हॉटस्पॉट की पहचान करने में मदद कर सकता है, जिससे अधिकारी रोकथाम के प्रयासों को अधिक प्रभावी ढंग से लक्षित कर सकते हैं।

अंतत:, महिलाओं की सुरक्षा एक सामूहिक जिम्मेदारी है। इसके लिए व्यक्तियों, समुदायों, संगठनों और सरकारों की भागीदारी की आवश्यकता है। बलात्कार और दुर्व्यवहार के मूल कारणों को संबोधित करके और विभिन्न स्तरों पर समाधान लागू करके, हम एक ऐसा समाज बना सकते हैं जहां महिलाएं और लड़कियां हिंसा के डर से मुक्त रहें। यह निर्णायक कार्रवाई का समय है।

महिलाओं की सुरक्षा को एक बाद की बात के रूप में नहीं बल्कि सामाजिक कल्याण के एक बुनियादी स्तंभ के रूप में देखा जाना चाहिए। केवल एक साथ काम करके ही हम सभी के लिए एक सुरक्षित, अधिक न्यायसंगत दुनिया बना सकते हैं।

## आप की बात

### कांग्रेस के इरादे

**तीन परिवारों** ने मिल कर जम्मू-कश्मीर को अब तक बर्बाद किया और अपना घर भरा। इनसे कश्मीरी जनता को छुटकारा दिलाने के लिए अनुच्छेद 370 को मोदी सरकार ने अलविदा कह दिया। तीन परिवारों-नेशनल कांफ्रेंस, पीडीपी व कांग्रेस ने अपने और अपनी पार्टी के भले के लिए ही इसे लागू कर रखा था। आज प्रदेश आतंकियों से मुक्त हुआ है और पूरे देश से आकर लोग वहां घूम रहे हैं। कश्मीर में व्यापार, पर्यटन व रोजगार बढ़ रहा है। वहां सिनेमा की शूटिंग हो रही है जो बरसों से आतंकवाद के कारण बंद थी। भाजपा सरकार के इन असाधारण व उल्लेखनीय कामों की प्रशंसा करने के बजाय कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि यदि 20 सीट और आ जाती तो भाजपा के लोग जेल में होते। जिस लाल चौक पर तत्कालीन केन्द्रीय गृहमंत्री जाने से डरते थे वहां आज राहुल व प्रियंका समेत आम लोग आराम से घूम रहे हैं। क्या कांग्रेस जम्मू कश्मीर समेत सारे देश को फिर उन अंधकारमय दिनों में वापस ले जाना चाहती है, जब आतंकी कहीं भी हमला करते थे और जनता को अनजानी चीजें न छूने की सार्वजनिक घोषणायें की जाती थीं? देश की जनता को खड़गे के बयान से कांग्रेस के इरादे समझ लेने चाहिए कि उसे केवल अपने सुख और सत्ता की चिन्ता है।

-**शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

### बेलगाम वक्फ बोर्ड

**वक्फ** बोर्ड के नाम पर जमीन कब्जा करने वालों ने तो रेलवे प्लेटफार्म तक नहीं छोड़े। वह बड़े ही योजनाबद्ध तरीके से पहले कुछ इंटे रख कर सरकारी जमीन पर कब्जा शुरू करता है। थोड़े दिन बाद वहां निर्माण शुरू हो जाता है, लोबान के धुएं की खुशबू आने लगती है, वहां कोई कथित पीर बाबा अपना झोपड़ा बना कर झाड़-फूंक शुरू कर देता है। फ्रि एक-एक फीट कर उस जगह का दायरा बढ़ता जाता है। धार्मिक स्थल पर कुछ भी एक्शन लेने से लगभग सभी कर्मचारी-अधिकारी भयग्रस्त रहते हैं। इस प्रकार वक्फ बोर्ड की जमीन बढ़ती रहती है। पूरे देश में वक़्फ़ बोर्ड की अधिकांश जमीन इसी तरह कब्ज़ा कर हथियाई हुई है। मंदिरों की भूमि और चढ़ावे पर तो सरकार अपना अधिकार मानती है। लेकिन वक्फ बोर्ड तथा मस्जिदों पर कानून को मेहरबान बना दिया है। पिछली सरकारों ने एक खास समुदाय के वोटों के लिए वक्फ बोर्ड कानून से जमीनों पर कब्जा करने तथा चंद लोगों के मालदार होने का रास्ता खोल दिया है, जबकि इनका लाभ गरीब मुसलमानों को बिल्कुल नहीं मिलता है। मोदी सरकार जब इन भू-माफियाओं पर लगाम लगाने का प्रयास कर रही है तो इस्लाम खतरे में का शोर मचाया जा रहा है।

- **सुभाष बुडावन वाला,** रतलाम

### ट्रंप पर हमला

**अमेरिका** में रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रम्प की एक बार फ्रि हत्या का प्रयास हुआ है, दो महीने में दूसरी बार। हालांकि, इस घटना में ट्रंप को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। कानून प्रवर्तन अधिकारियों के अनुसार, ट्रंप के आस-पास के गोल्फकोर्स के बाहरी इलाके में एक बंदूकधारी को देखा गया। एक सीक्रेट सर्विस एजेंट ने उस व्यक्ति पर गोली चलाई, लेकिन वह एक वाहन में भाग गया और बाद में उसे गिरफ्तार कर लिया गया। अमेरिकी मीडिया ने संदिग्ध की पहचान रयान वेस्ले राउथ के रूप में की है। अब कम से कम दोनों प्रमुख पार्टियों को इस बात पर गंभीरता से विचार करना होगा कि क्या देश से बन्दूक संस्कृति पर लगाम लगाई जाए या उसे इसी तरह रहने दिया जाय। 2023 में सामूहिक गोलीबारी की रिकॉर्ड संख्या के मद्देनजर सख्त अमेरिकी बंदूक कानूनों की मांगों हो रही है। लेकिन रिपब्लिकनों के साथ डेमोक्रेट पार्टी भी अमेरिकी हथियार लाबी के दबाव में है। हालांकि, ट्रंप को बंदूक कानून का समर्थक माना जाता है, पर हाल ही में कमला हैरिस ने भी कहा था कि उनके और उनके पति के पास बंदूक है। ऐसे में देखना होगा कि बंदूक कानून चुनाव का मजबूत मुद्दा बनता है या नहीं।

- **जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### केजरीवाल का ढोंग

**शराब घोटाले** के षड्यंत्र में शामिल होने और 177 दिन जेल में रहकर अंतत: मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जमानत मिल गई। अब वे इस्तीफा देने की चाल चल रहे हैं। यह उनके ढोंग के सिवा और कुछ नहीं है। वे दिल्ली विधानसभा का चुनाव नवम्बर में कराने की मांग करते हैं, पर विधानसभा भंग नहीं करना चाहते हैं। वे अपनी पत्नी सुनीता केजरीवाल को मुख्यमंत्री बनाने की सोच सकते हैं, लेकिन इसका नतीजा उल्टा हो सकता है। इससे आम आदमी पार्टी-आप में कुर्सी की लड़ाई छिड़ सकती है। उन्होंने बड़ी चालाकी से यह भी कहा कि उनके अलावा शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया भी जनता का विश्वास मिलने तक अपनी कुर्सी पर नहीं बैठेंगे। केजरीवाल बार-बार जनता को भावनात्मक रूप से मूर्ख बनाने का प्रयास करते रहे हैं। देखना होगा कि इस बार वे कितना सफल होंगे। यह भी देखना होगा कि वे हरियाणा चुनाव में कांग्रेस को नुकसान पहुंचाएंगे या अपने कांग्रेसी वकील अभिषेक मनु सिंघवी की सलाह पर कांग्रेस को प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से चुनावी लाभ पहुंचाने का प्रयास करेंगे।

-**युगल किशोर शर्मा,** फरीदाबाद

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते हैं।**

# सरयू में छोड़े गए पानी से धनघटा के कुछ गांव प्रभावित

● विधायक गणेश गांव में पहुँचकर लिये जायजा, दिया निर्देश ● जिला प्रशासन मुस्तैद, ग्रामीणो को दवा, जनपयोगी सामाग्री करा रही है उपलब्ध


जायजा लेते विधायक धनघटा

**संतकबीरनगर।** लखीमपुर खीरी के शारदा बैराज से सरयू नदी में छोड़ा गया पानी संत कबीर नगर जिले के धनघटा तहसील के कुछ गांव प्रभावित हुआ है। यह जानकारी होते ही जिला प्रशासन एलर्ट मोड में हो गया है। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व जयप्रकाश मौके पर पहुँचकर स्थलीय निरीक्षण किये। इस दौरान सिंचाई विभाग सहित अन्य विभागो के अधिकारी उपस्थित रहे। प्रशासन द्वारा संभावित बाढ़ प्रभावित एरिया के लगाये गये ड्यूटी के अधिकारी, कर्मचारी पूरे मुस्तैदी के साथ लगे है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रामानुज कन्नौजिया के निर्देशन में स्वास्थ्य टीम दवा वितरण आदि से स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रही है। समुचित कार्य पर जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर निगरानी बनाये रखे है। नदी और बांध के बीच बसे इन गांवों के लोगों के घरों में बाढ़ का पानी घुस गया है। छपरा मगर्वी के कुर्मियान टोला के सुरक्षा के लिए बनाया गया रिंग बांध सोमवार की सुबह टूट गया। जिसे गांव के लोगों का रास्ता अवरूद्ध हो गया है। क्षेत्रीय विधायक गणेश चन्द्र चौहान और एडीएम रमेश चन्द ने प्रभावित गांवों का दौरा करके स्थिति का जायजा लिये। एसडीएम रमेश चन्द और तहसीलदार को बाढ़ पीड़ितों का हर संभव मदद करने का आदेश दिया। शनिवार की सुबह से सरयू नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी शुरू हुई तो सोमवार को देर शाम तक जारी रही। सोमवार के शाम नदी का जलस्तर खतरे के निशान 79. 400 मीटर को पार करके 79. 450 मीटर पर पहुंच गया। इस वर्ष नदी के जलस्तर में सर्वाधिक बढ़ोतरी होने की वजह से एमबीडी बांध और नदी के बीच बसे 34 के लोग भयभीत हो गए हैं। गायघाट दक्षिणी, अगापुर गुलरिया, खाले पुरवा, साधु टोला, पटौवा, मदरहा, नारायनपुर, कंचनपुर, सियाराम राम अधीन, ढोल बजा, गुनवतिया, कुर्मियान टोला, कंचनपुर, दौलतपुर, सुअरहा, भरवटिया में बाढ़ का पानी घुस गया है। संपर्क मार्गों पर बह रहे पानी में चलकर लोग अपने घरों को आ जा रहे हैं। छपरा मगर्वी गांव की कुर्मियान टोला को बाढ़ से बचने के लिए ग्राम पंचायत के जरिए बनाया गया रिंग बांध टूट गया। जिससे तेरह लोगों के घरों तक बाढ़ का पानी पहुंच गया। नदी में जलस्तर बढ़ जाने के कारण अपने क्षेत्र के छपरा मगरवी कुर्मियाने, आगपुर गुलरिया, चपरा पूर्वी तथा अन्य गांव में घर घर जाकर व्यवस्था देखा। जिन जगहों पर पानी भर गया है जानवरों के लिए भूसा ग्रामीणों के लिए भोजन त्रिपाल की व्यवस्था के साथ-साथ किसी भी चीज की असुविधा न हो अधिकारियों को बुला कर सुनिश्चित किया।

## बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लेखपालों की टीम नुकसान का आंकलन करने में जुटी

**उरई ( जालौन )।** पिछले दिनों बांधों से पानी छोड़ने से जनपद यमुना, पहूज तथा बेतवा नदी की बाढ़ से जनपद जालौन में लगभग दो दर्जन गांव प्रभावित हुए थे। सोमवार को यमुना नदी का जलस्तर दोपहर 3 बजे 106.60 था जो चेतावनी बिंदु से नीचे पहुंच जाने से बाढ़ प्रभावित गांवों के लोगों को फौरी राहत जरूर मिली हैं लेकिन उनकी मुश्किलें जस की तस बनी हुयी है। अब जल स्तर तेजी से कम हो रहा है। अब तक प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार 2150 हेक्टेयर कृषि भूमि पर तिल, बाजरा, ज्वार तथा धान की फसल प्रभावित हुई है। प्रभावित फसल का सर्वे करने के लिए टीम का गठन कर दिया गया है तथा उप जिलाधिकारी एवं तहसीलदार को निर्देश दे दिये गये है। बाढ़ अतिवृष्टि से कुल 32 मकान क्षतिग्रस्त, गिरने की सूचना अब तक प्राप्त हुई है जिनको अब तक 7 लाख 76 हजार रुपये राहत धनराशि स्वीकृत की जा चुकी हैं।

# अवैध वसूली के विरोध पर मैजिक चालक को टोल प्लाजा के गुर्गो ने पीटा

● पुलिस ने दर्ज की प्राथमिकी ● ऐहार टोल प्लाजा पर अबैध वसूली को लेकर आए दिन हो रही मारपीट



ऐहार टोल प्लाजा के गुर्गों की पिटाई से घायल चालक व क्षतिग्रस्त वाहन

**लालगंज-रायबरेली।** एनएचआई के परियोजना अधिकारी की सांठगांठ से ऐहार टोल प्लाजा पर टैक्स के नाम पर चल रही गुंडा टैक्स की वसूली के कई मामले सामने आने के बावजूद न तो प्रशासन और न ही एनएचआई के अधिकारी संज्ञान ले रहे हैं। इस तरह की आए दिन आ रही शिकायतों की उस समय कलई खुल गयी जब लालगंज नगर के शांती नगर मोहल्ले का रहने वाला बउवा गुप्ता पुत्र रज्जन लाल को टोल प्लाजा के गुंडों ने न केवल पीटा बल्कि उसकी गाड़ी पर ईंट पत्थर चला कर उसे तथा सवारियों को घायल कर दिया। पीड़ित ने इस घटना की सूचना कोतवाली लालगंज को दी। कोतवाली पुलिस ने घटना की प्राथमिकी धारा 323, 504, 427 की धाराओं में दर्ज कर लिया है। बताया गया है कि बउवा गुप्ता मैजिक गाड़ी चला कर अपना जीवकोपार्जन करता है। रोज की तरह वह सवारियां लेकर रायबरेली की ओर जा रहा था तभी मनमाने ढंग से टोल टैक्स के नाम पर चल रही गुंडा टैक्स की वसूली को लेकर कहासुनी हुई। इससे नाराज प्लाजा के पर मौजूद गुंड़ों ने गरीब की मैजिक पर ईट पत्थर बरसा कर न केवल गाड़ी को क्षतिग्रस्त किया बल्कि उसे व सवारियों को गंभीर चोटें आयीं।

प्लाजा पर इस घटना को अंजाम देने वाले करीब एक दर्जन प्लाजा स्वामी के गुर्गे थे जिन्होने इस घटना को अंजाम दिया। उल्लेखनीय है कि टोल प्लाजा पर खुलेआम टैक्स के नाम पर गुंडा टैक्स की वसूली हो रही है। मौरंग और गिट्टी से लदे ट्रकों से इस कदर सीधे वसूली कर प्लाजा कर्मी सीधे सरकारी राजस्व को चूना लगा रहे हैं। धर्मकांटा कराने की धमकी देकर सीधे वसूली की जा रही है। एनएचआई के परियाजना निदेशक से कई बार अबैध वसूली की शिकायत हो चुकी है। लेकिन सांठगांठ के कारण कोई अब तक कोई कार्रवाई नहीं हो रही है।

# आरेडिका में स्वच्छता अभियान 4.0 की कल से शुरूआत

**संवाददाता।** रायबरेली




**आधुनिक** रेल डिब्बा कारखाना, में प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वच्छता अभियान 4.0 को सफल बनाने एवं जन भागीदारी को बढ़ाने के लिए वृहद स्तर पर अभियान कल से चलाया जाएगा। अभियान की शुरूआत आरेडिका के महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा एवं अधिकारियों तथा कर्मचारियों द्वारा स्वच्छता शपथ ग्रहण के साथ होगी। स्वच्छता शपथ के उपरान्त सभी शॉपों कार्यालयों एवं आवासीय परिसर में सफाई अभियान चलाया। इस अभियान में सभी रेलवे परिवार के सदस्य एवं आस-पास के लोग सहभागिता करेंगे।

12 सितंम्वर गुरूवार को इस विशेष स्वच्छता अभियान 4.0 की प्रारम्भिक तैयारियों की समीक्षा हेतु रेलवे बोर्ड की सचिव अरुणा नायर ने बैठक की और बैठक के दौरान स्वच्छता में सुधारों पर जोर दिया गया। रेलवे बोर्ड द्वारा इस अभियान को सफल बनाने के लिए 150 नोडल अधिकारी नियुक्त किये गये हैं। स्वच्छता अभियान में जन भागीदारी को बढाने के लिए अभियान चलाकर आस-पास के ग्राम-पंचायतों को स्वच्छता चौपालों के माध्यम से जागरूक किया जाएगा।

# पत्रकारों और उनके परिजनों के हितों की रक्षा के लिए हमेशा हम उनके साथ हैं: एमएलसी पवन कुमार सिंह



**रायबरेली।** पत्रकारों को कई कठिन रास्तों से गुजरना पडता है। ऐसे में पत्रकारों और उनके परिजनों के हितों की रक्षा के लिए हमेशा हम उनके साथ हैं। कोई भी पत्रकार साथी अपने बच्चों की शिक्षा के लिए हमसे संपर्क कर सकता है मैं उसकी पूरी व्यवस्था करूंगा। उक्त विचार मुख्य अतिथि माननीय सभापति वित्त एवं प्रशासकी यह विलंब समिति विधान परिषद व एमएलसी सीतापुर पवन कुमार सिंह ने अमर सेनानी राणा बेनी माधव बक्श सिंह स्मारक समिति की ओर से आयोजित पत्रकार आभार एवं सम्मान समारोह व्यक्त किया। राना बेनी माधव बक्स सिंह स्मारक समिति रायबरेली 1857 क्रांति के अमर नायक राना बेनी माधव बक्स सिंह की स्मृतियों को जो संजोने का प्रयास कर रही है इसकी जितनी सराहना की जाए वह काम है। यह पहली ऐसी संस्था जो सामाजिक कार्यों के साथ विकास कार्यों पर भी काम कर रही है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी समिति के प्रस्ताव पर 50 करोड का विकास कार्य रायबरेली में कर रहे हैं। ऐसे कार्यों में हर किसी को सहयोग करना चाहिए। अगर किसी भी पत्रकार के परिजनों को रोजगार की आवश्यकता है तो वह संपर्क करें, हम उन्हें नौकरी देंगे। साथ ही यदि उनके बच्चे पढ रहे हो तो उनको भी सुविधा दी जाएगी। प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ को धन्यवाद देते हुए कहा कि राणा बेनी माधव बक्श सिंह सभागार का निर्माण होते देख अपार हर्ष हो रहा है और समिति को भी धन्यवाद देते हुए कहा कि ऐसे सेनानी के लिए काम किया जा रहा है। जिसने देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व बलिदान कर दिया हो।पत्रकार साथी अगर अपने परिवार के साथ अयोध्या या बनारस दर्शन के लिए जाना चाहते हो तो वह समय बता दें आने-जाने की व्यवस्था मेरी तरफ से की जाएगी। अध्यक्षता कर रहे संरक्षक पूर्व विधायक गजाधर सिंह ने सभी का स्वागत किया। हरिहर सिंह, रविंद्र सिंह, शिवकुमार सिंह, जितेंद्र सिंह केसरिया ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। मदन सिंह चौहान ने अंग वस्त्र लेकर सम्मानित किया। समिति के सचिव आशुतोष सिंह सुनील सिंह ने स्मृति चिन्ह लेकर मुख्य अतिथि को सम्मानित किया। इसके पूर्व मुख्य अतिथि के साथी समिति के अन्य पदाधिकारी ने सभी पत्रकार साथियों को राजा रामचंद्र जी व राना बेनी माधव बक्श सिंह का चित्र वह अंग वस्त्र देकर सभी पत्रकार साथियों को सम्मानित किया। समारोह की सफल आयोजन में अपनी सहभागिता करने वाले सभी पत्रकार साथियों को समिति ने आभार जताया। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार अशोक शर्मा, राज पाल सिंह,आशीष दीक्षित, पुलक त्रिपाठी, सुनील पांडे, अनिल मिश्रा, हरीशानंद मिश्रा, अजीत सिंह, रमेश सिंह, हिमांशु श्रीवास्तव, संजय मौर्य, विवेक श्रीवास्तव, पंकज सिंह, रवींद्र सिंह, अख्तर हुसैन, मोहन कृष्ण, समेत अन्य पत्रकार साथी मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### अपर जिलाधिकारी एवं अपर पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा



**अमेठी।** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता एवं अपर पुलिस अधीक्षक हरेन्द्र कुमार द्वारा त्यौहार गणेश चतुर्थी प्रतिमा विसर्जनए बारावफात के जूलूस के दृष्टिगत शांतिए सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु जनपद भ्रमण के दौरान कस्बा जायस का भ्रमण कर कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा शान्ति व सौहार्दपूर्ण तरीके से मिलजुलकर त्यौहार मनानेए अफ्वाहों पर ध्यान न देने की अपील की गयी। ड्यूटी में लगे अधि./कर्म.गण को सतर्कता पूर्वक ड्यूटी करने व त्यौहार को सकुशल संपन्न कराने के संबंध में आवश्यक दिशा.निर्देश दिए गए।

### कान्हा गौशाला जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने किया स्थलीय निरीक्षण



**अमेठी।** जिलाधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने आज संयुक्त रूप से कान्हा गौशाला अमेठी का स्थलीय निरीक्षण कर गोवंशों के सापेक्ष चाराए भूसाए पशु आहार व स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता का जायजा लिया तथा संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। डीएम ने उपस्थित केयरटेकरों को गोवंशों को नियमित रूप से भरपेट चारा खिलाने तथा गौशाला परिसर में पर्याप्त साफसफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए केयरटेकरों से उन्होंने उनके भुगतान आदि के संबंध में भी जानकारी ली।

### जिले के प्रभारी मंत्री का एक दिवसीय भ्रमण आज

**अमेठी।** राज्यमंत्री खाद एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति विभाग उप्र/ जनपद प्रभारी मंत्री सतीश चंद्र शर्मा का एक दिवसीय अमेठी भ्रमण कार्यक्रम 17 सितंबर को प्रस्तावित है, प्रभारी मंत्री 17 सितंबर को प्रातः 8.30 बजे गौरीगंज पहुंचकर मलिन बस्ती वार्ड नंबर 5 पलिया गौरीगंज अमेठी में स्वच्छता अभियान कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगेए तत्पश्चात 09.10 बजे जिला अस्पताल में मरीजों को फल वितरण एवं रक्तदान कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे, तदोपरांत प्रभारी मंत्री 09.50 बजे जिला भाजपा कार्यालय अमेठी में जनप्रतिनिधियों/पदाधिकारियों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ भेंट वार्ता कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे।

### युवक ने हाथ की नस काट ली

**ऊंचाहार।** संदिग्ध हालात में युवक ने हाथ की नस काट ली, हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे सीएचसी में भर्ती कराया है। असलाहपुर मजरे खालिकपुर कलां गाँव निवासी राजकिशोर के पुत्र रवि 27 वर्ष ने रविवार की देर रात संदिग्ध हालात में ब्लेड से दांये हाथ की नस काट ली, रक्तस्राव होने की वजह से उसकी हालत बिगड़ गई, जानकारी होने पर परिजनों द्वारा आनन फानन उसे उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया है। युवक ने ऐसी घटना क्यों कारित की इस बात की जानकारी नहीं हो पाई है। सीएचसी अधीक्षक डॉ मनोज शुक्ल ने बताया कि युवक ने हाथ की नस काटी थी, जिसका उपचार किया गया है।

### चौकी प्रभारी ने शराब ले जाते युवक को पकड़ा

**जालौन ( उरई )।** अवैध रूप से शराब के क्वार्टर लेकर जा रहे व्यक्ति को छिरिया मलकपुरा चौकी प्रभारी ने पकड़ा। छिरिया मलकपुरा चौकी प्रभारी राजकुमार पांडेय को सूचना मिली कि बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे सर्विस रोड पर एक व्यक्ति कोई नशीला पदार्थ लेकर जा रहा है। चौकी प्रभारी ने सिकरीराजा पुल के पासे जा रहे बाबू निवासी लहचूरा को रोककर जब उसके झोले की तलाशी ली तो पुलिस ने उसमें से 17 क्वार्टर देशी शराब के बरामद किए।

## रंजिशन दो पक्षों में गाली गलौज के बाद हुई मारपीट

**जालौन ( उरई )।** रंजिश के चलते विपक्षियों द्वारा गाली, गलौज व मारपीट कर जान से मारने की धमकी दिए जाने की शिकायत पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर की है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कछोरन निवासी संदीप कुमार ने पुलिस को बताया कि उनके मोहल्ले के ही रिंकू, गौरव व ईशू उससे रंजिश मानते हैं। रंजिश के चलते अक्सर विवाद करते रहते हैं। जिसके चलते वह परेशान है। पीड़ित ने आरोप लगाया कि रविवार की शाम जब वह घर जा रहा था। तभी रास्ते में उपरोक्त तीनों ने उसे जबरन रोक लिया और उसके साथ गाली, गलौज करने लगे। मना करने पर तीनों ने मिलकर मारपीट कर दी। जिसमें उसे चोटें आई हैं। इतना ही नहीं मारपीट के बाद शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देकर तीनों वहां से भाग गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## न्यायालय के आदेश पर जमीनी विवाद में चार लोगों के खिलाफमामला दर्ज

**लालगंज ( रायबरेली )।** कोतवाली पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर जमीनी विवाद में चार लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना शुरू कर दी है। यह जमीन दतौली ग्राम पंचायत की बेशकीमती भूखंड है और समूचा भूखंड दलित का है। मगर जगतपुर थाना क्षेत्र के मेलथुआ गांव की रहने वाली महिला कमला देवी से साजिशन बैनामा लेकर उस पर भूनिर्माण की कार्रवाई शुरू की थी। दतौली गांव निवासी सत्यप्रकाश ने न्यायालय में दायर अपनी याचिका में बताया कि गत 16 अप्रैल को उसकी गांव स्थित बेस कीमती भूमि को जगतपुर थाना क्षेत्र के मेलथुआ पंडित का पुरवा की रहने वाली कमला देवी ने साजिशन एक व्यक्ति के नाम एग्रीमेंट कर दिया। गत 25 मई को कमला देवी सहित तीन अन्य लोग उसके कब्जे वाली भूमि की नापजोख व खोद खनन करने लगे। मना करने पर आरोपियों ने जातिसूचक गाली गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट की। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि कोर्ट के निर्देश पर आरोपियों के विरुद्ध केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## दुकान का ताला खोल चोरों ने उड़ाया डेढ़ लाख का सामान

**लालगंज ( रायबरेली )।** पुलिस थाना क्षेत्र के पूरे पंडित बाजार में दुकान से चोरों ने घरेलू चक्की, 25 बोरी चोकर, आठ कपिला पशु आहार सहित डेढ़ लाख कीमत का सामान चोरी हो गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दो संदिग्ध व्यक्तियों के विरुद्ध केस दर्ज कर जांच की जा रही है। सराय कुर्मी गांव निवासी अजय वर्मा ने बताया कि पंडित का पुरवा चौराहे से उसके गांव की तरफ जाने वाले रास्ते पर उसकी दुकान है। गत 15 जुलाई की रात को उसकी दुकान का ताला खोलकर दो व्यक्तियों ने वहां रखा डेढ़ लाख कीमत का सामान पार कर दिया। पीड़ित ने गांव के ही अभिमन्यु व अनिल पर चोरी का आरोप लगाया। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि मामले में चोरी का केस दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# आक्रोश मार्च में शिक्षक, लेखपाल, नर्सिंग स्टॉफ से लेकर राज्य कर्मचारी करेंगे प्रतिभाग

**संवाददाता।** रायबरेली



**केंद्र** सरकार की तरफ से एनपीएस की जगह लाई जाने वाली यूपीएस योजना का भी लगातार विरोध जारी है। सरकार की तरफ से यूपीएस के सुधारों को लेकर भी कोई चर्चा नहीं की जा रही है, इसकी वजह से कर्मचारियों में आक्रोश बढता जा रहा है। इस पेंशन के विरोध में और पुरानी पेंशन की मांग को लेकर 26 सितम्बर को अटेवा के बैनर तले एकत्रित होकर जिले के हजारों कर्मचारी आक्रोश मार्च निकालेंगे। आक्रोश मार्च को सफल बनाने के लिए सोमवार को अटेवा जिला और ब्लॉक कार्यकारिणी की बैठक शहीद स्मारक मुंशीगंज में आयोजित की गई।

मुंशीगंज के शहीद स्मारक पर आयोजित बैठक में जिला संयोजक इरफान अहमद ने बताया कि केंद्र सरकार की तरफ से पुरानी पेंशन बहाल न करके अब न्यू पेंशन स्कीम (एनपीएस) की जगह पर यूनिफाइड पेंशन योजना (यूपीएस) लागू करने जा रही है। सरकार की यह पेंशन स्कीम बिल्कुल ही कर्मचारियों के हित में नहीं है।

जिला महामंत्री राजकुमार गुप्ता ने बताया कि ऑल टीचर्स इंप्लाइज वेलफेयर एसो. (अटेवा) के बैनर तले कर्मचारियों ने अपने ही कार्यस्थल पर हाथ में काली पट्टी बांधकर नई पेंशन व्यवस्था यूपीएस का विरोध 2 से 6 सितंबर तक किया गया था। इस विरोध में बेसिक, माध्यमिक और डिग्री कॉलेज के शिक्षकों के साथ ही साथ लेखपालों, नर्सों और अन्य राज्य कर्मचारियों ने विरोध करते हुए सरकार से पेंशन स्कीम पर विचार करने का अनुरोध किया था, लेकिन सरकार ने बिल्कुल ही गौर नहीं किया है।

# जनता को समर्पित सीसी रोड का डॉ. राधा मोहन ने किया लोकार्पण

● आई सर्जन डॉ. अभिनव अग्रवाल सहित चिकित्सको ने राज्य सभा सदस्य का किये स्वागत


स्मृति चिन्ह देते चिकित्सक

**संतकबीरनगर।** खलीलाबाद सदर तहसील स्थित आई सर्जन डॉ. अभिनव अग्रवाल के क्लीनिक पर सोमवार की देर शाम सीसी रोड लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. राधा मोहन दास अग्रवाल ने विधि विधान से पूजन अर्पण कर लोकार्पण के साथ जनता को नई सड़क समर्पित किया। चिकित्सकगण एवं भाजपा के जिलाध्यक्ष जगदम्बा लाल श्रीवास्तव के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर विशेष रूप से चल रहे भाजपा का सदस्यता अभियान कार्यक्रम चला। आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए डॉ0 राधा मोहन दास अग्रवाल ने कहा कि सरकार गुणवत्ता पर विश्वास रखती है और जनता को विकास कार्यो में समर्पित की जाने वाले कार्य ठोस के साथ मजबूत रहता है जिसका उदाहरण यह सीसी रोड है। सरकारी अस्पतालो में जहां स्वास्थ्य सेवा बेहतर तरीके से आम जनमानस को दी जा रही है वही प्राइवेट चिकित्सक भी अपनी सेवा समर्पित करते है। आयोजक डॉ. अभिनव अग्रवाल मुख्य अतिथि का स्वागत किये। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से डॉ. केसी पाण्डेय, भाजपा वरिष्ठ नेत्री सुनीता अग्रहरि, डॉ. संजीव श्रीवास्तव, डॉ. विवेक खन्ना, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. आलोक सिन्हा, सतविन्दर पाल जज्जी, पूर्व जिलाध्यक्ष राम ललित चौधरी सहित चिकित्सक एवं स्थानीय नागरिक सहित भाजपाई उपस्थित रहे।

## राजस्व वसूली में लापरवाह बने कालपी, कदौरा के मंडी सचिव निलंबित

**कालपी ( जालौन )।** राजस्व वसूली में हीला हवाली कालपी एवं कदौरा के मण्डी सचिवों को भारी पड़ गई। मण्डी प्रशासन ने उन्हें निलंबित कर दिया है। वैसे तो शासन ने किसानो की उपज को बेंचने के लिए क्षेत्र में कई मण्डिया स्थापित की है पर इसमे कालपी और कदौरा मंडियों में ही खरीद होती है लेकिन इस वर्ष क्षेत्र में अनाज का उत्पादन ठीक न होने से मण्डी शुल्क में भारी कमी आई है और दोनो मंडियों में सन्नाटा पसरा है। मण्डी प्रशासन पूर्व में बसूले गए मण्डी शुल्क के अनुसार प्रतिमाह शुल्क बसूलने का लक्ष्य देता है इसी के चलते अगस्त माह में भी उप निदेशक मण्डी शिवकुमार राघव ने सभी मण्डी सचिवों को राजस्व वसूली का लक्ष्य दिया था, कदौरा और कालपी मंडियों में अनाज की आवक कम होने से निर्धारित राजस्व की वसूली नही हो सकी थी और गत 12 सितम्बर को उपनिदेशक मंडी ने कालपी मण्डी आनन्द गुप्ता व कदौरा मंडी के प्रभारी नितिन कुमार को निलंबित कर दिया।

# अकीदतमंदो ने मनाया ईद-ए-मिलादुन्नवी त्योहार, निकला जुलूस

● जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने पूरे जनपद में रखी निगरानी मगहर व बखिरा में किये पैदल गश्त


जुलूस में शामिल लोग एवं जायजा लेते अधिकारीगण।

**संवाददाता।** संतकबीरनगर

**महजहे** इस्लाम के आखिरी पैगंबर हजरत मोहम्मद (सल्लः) की 12 रबीउल अव्वल यौमे वेलादत का मुकद्दस व पाक पर्व मुस्लिम भाइयों ने पारंपरिक ढंग से मनाया। जुलूस में खलीलाबाद शहर के कई मस्जिदों से जुड़े मुस्लिम समुदाय के लोग शामिल रहे। शहर में मदरसा दारूल उलूम अहले सुन्नत बहरूल उलूम अंसार टोला खलीलाबाद के तत्वावधान में जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला गया। जुलूस का नेतृत्व मौलाना हसमुल्लाह, नगर पालिका परिषद खलीलाबाद के चेयरमैन जगत जायसवाल, अब्दुल्लाह खान ने किया। इस अवसर पर आज सुबह मदरसा दारूल उलूम अहले सुन्नत से मुस्लिम भाइयों ने 'नारा-ए-तकवीर अल्लाह हू अकबर' सहित अन्य धार्मिक नारों के साथ गोला बाजार तक जुलूस निकाला। पुनः मदरसे पर दुआइया तकरीब व सलातो सलाम, नियाजे फातेहा के साथ जुलूस संपन्न हुआ। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि पैगंबरे इस्लाम नबी-ए-करीब (सल्लः) के आने के पहले दुनिया गुमराही की शिकार थी। लोग कबीलों में बंटे हुए थे। आपसी भेदभाव व तमाम बुराइयां फैली हुई थी। नबी ने दुनिया को जो राह दिखाई और जो रोशनी दी उससे लोगों में भाईचारा, मोहब्बत व खुलूस बढ़ा। दुश्मनों को भी दोस्ती का पैगाम दिया और पूरी कायनात में अमन व शांति कायम की।

आपके दुश्मन भी आपके कायल हो गए और अल्लाह पर ईमान लाए। आपके पहले अल्लाह या खुदा से लोगों को जोड़ने और बुराइयों को खत्म करने की कोशिशें कामयाब नहीं हो सकी थी। जब लोगों को ईमान की रोशनी मिली तब उन्होंने आपको अल्लाह का नबी माना। आपने दुनिया को न सिर्फ रोशनी बल्कि जिन्दगी भी दी। यही वजह है कि अल्लाहतआला ने आपके नाम को अर्शे-बरी पर अपने नाम के साथ रखा। आज दुनिया में कुछ लोग गलत तरीके से इस्लाम को पेश करने की कोशिश में लगे हैं जो नबी-ए-करीम (सल्लः) की हस्ती से नावाकिफ हैं या जानबूझ कर ऐसी बातें कर रहे हैं। इस अवसर पर जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर व पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता द्वारा संयुक्त रुप से बारावफात को सकुशल संपन्न कराने, सुरक्षा व कानून व्यवस्था सुदृढ़ रखने तथा शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाये रखने हेतु मगहर व बखिरा में पैदल गश्त किया गया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी शैलेश दूबे एवं इंस्पेक्टर कोतवाली सतीश कुमार सिंह के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस चुस्त-दुरूस्त रही और जुलूस व अन्य कार्यक्रम पुरअम्न व पुरसुकून माहौल में सम्पन्न हुआ। इस मौके पर सभासद असलम, शफीक, डॉ0 अशरफ अली सहित अन्य लोगो ने मुबारकबाद दी।

# जिलाधिकारी ने स्वच्छता अभियान चलाने का दिया निर्देश



**फर्रुखाबाद।** कलक्टरेट सभागार फतेहगढ़ में स्वच्छता की सेवा है। 2024 विषयक बैठक के आयोजन डीएम डा. बी.के.सिंह की अध्यक्षता में किया गया। डीएम ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण किया।अनुमान है कि 48 घंटे पश्चात् गंगा नदी का जलस्तर बढ़ेगा। बाढ़ प्रभावित को राहत सामग्री का सतत विवरण जारी रखना चाहिए।रोग प्रभावित क्षेत्रों में दवा वितरण जारी रखे। गांवों में सफाई कराए व निरीक्षण भी करे।कल आयुष कैंप दोपहर 2 बजे से लगेगा।आगामी समय में प्रभारी मंत्री के आगमन व निरीक्षण के समय संबंधित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि को उपस्थिति अवश्य संभाबी होगा।

ग्रामीण क्षेत्र के सफाई कर्मी अपना क्षेत्र साफ रखना सुनिश्चित करे।स्वच्छता अभियान का शुभारम्भ सांसद व विधायक करेंगे।स्वच्छता अभियान की कमान अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका फर्रुखाबाद संभालेंगे।सफाई अभियान में वार्ड सदस्य भी उपस्थित रहेंगे। सफाई अभियान में शुभारम्भ एम एल सी द्वारा भी किया जायेगी। चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि अपात्र व्यक्ति से सरकारी आवास जांचोपरांत खाली कराए।

सभी बी डी ओ व डी पी आर ओ,विकास,सफाई व निर्माण कार्यों पर समुचित ध्यान देना सुनिश्चित करे। ताकि प्रदेश स्तर पर जनपद की रेंक सुधारे। स्वच्छता अभियान का शुभारम्भ प्रातः 8 बजे अंबेडकर मुर्तिस्थल से होगा।कल गंगा का जलस्तर बढ़ने पर सभी अधिकारी सचेत रहकर कार्य करे। बैठक में संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# मिट्टी का टीला गिरने से चार लोग दबे, एक की मौत

**फतेहपुर।** किशनपुर थाना क्षेत्र के नरौली मजरे गढ़ा गांव में घर की पोताई हेतु टीले से मिट्टी निकालते समय चार लोग दब गये। जिसमें से एक मासूम बच्ची की मौत हो गई। मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया और घायलों को उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हरदो भिजवा दिया। जहां पर डाक्टरों ने दो लोगों को गंभीर हालत देखकर जिला अस्पताल के लिए भिजवा दिया। तहसील क्षेत्र के किशनपुर थाना अंतर्गत नरौली मजरे गढ़ा गांव निवासी रामबरन की 40 वर्षीय पत्नी मैकी देवी, अंजू देवी 13 वर्ष पुत्री प्रीतम, निहारिका 7 वर्ष पुत्री राजकरन व पुत्ता देवी 6 वर्ष पुत्री प्रीतम आदि लोग सुबह घर की पोताई हेतु मिट्टी के टीले से खोदाई करते समय दब गए। जिसमें से पुत्ता देवी पुत्री प्रीतम की मौके पर मौत हो गई। बताया जाता है कि 16 सितंबर को सुबह समय लगभग दस बजे सभी चारों लोग गांव के बाहर मिट्टी का टीला से घर की पोताई हेतु मिट्टी निकाल रहे थे। तभी अचानक मिट्टी भरभराकर टीला भसक गया। मिट्टी के अन्दर दबते ही अन्दर दबे लोगों की चीख-पुकार की आवाज आस-पास के लोगों ने सुनते ही दौड़ पड़े और बचाव में जुट गए। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत से सभी को बाहर निकाल लिया लेकिन तब तक में मासूम एक बच्ची की मौत हो चुकी थी। वही ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया और घायलों को उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हरदों भिजवा दिया जहां पर डाक्टरों ने एक महिला व एक बच्ची की गंभीर हालत देखकर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। पहुंची पुलिस ने बताया कि घायलों को तत्काल एम्बुलेंस सेवा से उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भिजवा दिया गया था और मृतक का शव को लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# पौध कुटुंब मुहिम के तहत महाविद्यालय में लगी प्रदर्शनी

## ● ओजोन परत के महत्व को गमला पेंटिंग से किया प्रदर्शित



**फतेहपुर।** डॉ. बीआर अंबेडकर राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य प्रो. गुलशन सक्सेना के कुशल नेतृत्व, जन्तु विज्ञान विभागाध्यक्ष अनुष्का छौंकर के दिशा निर्देशन एवं रोड सेफ्टी क्लब तथा जन्तु विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वाधान में विश्व ओज़ोन दिवस के उपलक्ष्य में पौध कुटुंब मुहिम के अंतर्गत महाविद्यालय की विज्ञान विभाग की छात्राओं ने एक प्रदर्शनी का आयोजन किया। प्रदर्शनी में हवा को शुद्ध करने वाले, औषधीय गुणों वाले, बोन्साई, आर्थिक महत्व वाले, फूलों वाले एवं अन्य श्रेणी में 50 से अधिक प्रजातियों के पौधों को प्रदर्शित किया। साथ ही हर पौधे के गमले को जीवन के लिए ओज़ोन एवं सड़क सुरक्षा नियम पालन की महत्ता थीम पर सजावट करने की प्रतियोगिता भी करवाई गई। विज्ञान वर्ग की सभी छात्राओं ने इस प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। ओज़ोन परत के महत्व को गमला पेंटिंग द्वारा प्रदर्शित किया। प्रो. मीरा पाल, प्रो. लक्ष्मीना भारती एवं डॉ. जिया तसनीम ने प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल की भूमिका का निर्वहन किया।

प्रतियोगिता में बीएससी प्रथम वर्ष से भावना चौहान एवं जानवी शुक्ला, बीएससी द्वितीय वर्ष से शुभि सिंह, बीएससी तृतीय वर्ष से काजल देवी, रूपमाला, एमएससी प्रथम वर्ष से रोशनी देवी तथा कोमल एमएससी द्वितीय वर्ष से गौसिया सिद्दीकी, आकांक्षा सिंह एवं राधिका गुप्ता ने प्रथम स्थान अर्जित किया। प्राचार्य प्रो0 गुलशन सक्सेना ने छात्राओं से पौध कुटुंब की मुहिम को और भी विस्तृत रूप देने की अपील की। अपने पौधे को जीवन पर्यंत संरक्षित एवं पलल्वित करने की शपथ भी दिलाई। उन्होंने कहा कि यह मुहिम तभी सार्थक होगी जब हम अपने लगाए हुए पौधे के साथ आत्मीयता से जुडते हुए उसको पोषित करते रहेंगे और अपने पर्यावरण को अगली पीढ़ी के संरक्षित करने हेतु प्रयासरत रहेंगे। प्रतियोगिता के अंत में जन्तु विज्ञान विभागाध्यक्ष एवं रोड सेफ्टी क्लब प्रभारी अनुष्का छौंकर ने ओज़ोन परत से जुड़े सभी वैज्ञानिक पहलुओं पर प्रकाश डाला एवं सभी छात्राओं को ज्ञानवर्धक जानकारी उपलब्ध कराई।

# कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कैंप लगाकर सुनीं समस्याएं, भेजा ज्ञापन



**फतेहपुर।** कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष बीरेंद्र सिंह चौहान ने हर माह की भांति इस माह भी कैंप लगाकर लोगों की समस्याएं सुनीं और उनका निस्तारण कराए जाने के लिए संबंधित अधिकारियों से पत्राचार भी किया। पीएम व सीएम आवास से संबंधित शिकायतों पर उन्होने पीएम व सीएम को संबोधित ज्ञापन भी भेजने का काम किया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष बीरेंद्र सिंह चौहान के जनता दरबार में बड़ी संख्या में फरियादी उमड़े। सभी ने अपनी-अपनी समस्याओं से जिलाध्यक्ष को अवगत कराया। बिजली, पानी समेत पीएम व सीएम आवास से संबंधित शिकायतें शामिल रहीं। बिजली, पानी की समस्या को लेकर उन्होने संबंधित अधिकारियों से फोन व पत्राचार के माध्यम से शिकायत का निस्तारण कराने का प्रयास किया। पीएम व सीएम आवास पात्रों को दिलाने की मांग को लेकर उन्होने पीएम व सीएम को ज्ञापन भेजकर चयनित सूची में पात्रों का नाम शामिल कराए जाने की मांग की। चौहान ने कहा कि वह प्रत्येक माह पीड़ितों की समस्याएं सुनकर निस्तारण कराने का प्रयास करते हैं। यह कैंप आगे भी अनवरत जारी रहेगा।

## पिकप सवारों से युवकों ने की मारपीट, लूट का आरोप

**फतेहपुर।** रोड पार कर रहें युवक ने कहासुनी के चक्कर में पिकप चालक से मारपीट की। पिकअप चालक ने लूट का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जाँच कर रही है। हुसैनगंज थाना क्षेत्र के लालीपुर गाँव निवासी आकाश सोनकर रविवार को देर शाम पिकप में केला लादकर सातमील स्थित धर्म कांटा में तौल कराने जा रहे थे।रास्ते मे बहबलपुर के पास चार व्यक्ति पिकप के आगे खड़े होकर गाड़ी रोक लिया। गाड़ी रुकते ही आरोपी गाड़ी का गेट खोलकर मारने पीटने लगे। आरोप लगाया कि आरोपियों ने ड्राइवर और मालिक से विवाद के दौरान लगभग 70 हजार रुपया छीन लिया। लोगो के आ जाने पर आरोपी भाग गये। घटना की सूचना पीड़ित ने पीआरवी को सूचना दी। सोमवार को आकाश ने थाने में चार लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर दी है। थानाध्यक्ष सत्यपाल सिंह ने बताया कि रोड पार करने ले दौरान हुई कहासुनी को लेकर दोनों पक्षो के बीच मारपीट हुई है। लूट नहीं हुई है। मामले की जाँच कर कार्यवाई की जाएगी।

# सपा प्रमुख की मठाधिशों पर दिये कथन से नियत स्पष्टः रजनी तिवारी



**फर्रुखाबाद।** जनपद में आयीं उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी सपा सुप्रीमों अखिलेश यादव के मठाधीश व माफिया पर दिये गये विवादित वयान पर हमलावर दिखीं । मंत्री नें कहा की विवादित वयान से सपा प्रमुख की मानसिकता जाहिर हो रही है। शहर के आवास विकास स्थित एक प्रतिष्ठान के शुभारम्भ पर पंहुची उच्च शिक्षा मंत्री रजनी तिवारी नें कहा की भारत में हमेशा से साधू-संतों और गुरुजनों का सम्मान होता रहा है। उनके बताये गये मार्ग पर हम सभी चले है। अखिलेश यादव नें जिस तरह से विवादत वक्तव्य दिया है उससे उनकी नियत साफ नजर आ रही है। पिछली सरकारों में सनातन और संस्कृति को समाप्त करने का प्रयास किया गया। योगी सरकार में महिला सुरक्षा, शिक्षा व रोजगार के क्षेत्र में प्रभावी कार्य हुयें हैं। प्रदेश के विकास के लिए सरकार लगातार कार्य कर रही है। सांसद मुकेश राजपूत, जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता आदि रहे।

## सपा की चेतावनी का दिया जबाब

दरसल सपा जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल यादव ने कहा है कि यदि अखिलेश यादव का पुतला फूंकने वाले भाजपा नेताओं पर मुकदमा दर्ज नही किया जाता तो सपा भी हर व्लाक में बीजेपी नेताओं का पुतला फूंकेगी। सपा जिलाध्यक्ष की चेतावनी पर उच्च शिक्षा मंत्री रजनी तिवारी नें जबाब दिया।

## देर रात तक हुआ चरागाए घरों में हुई इबादतें

**रसूलाबाद।** पैगंबर ए इस्लाम हुजूर हजरत मोहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की यौमे पैदाइश से पहले रसूलाबाद क्षेत्र में जश्न ए चरागा शानो शौकत से हुआ। जहां गलियों को रंग बिरंगी लाइटों से सजाया गया। सजावट को देखने के लिए कस्बा वासियों का हुजूम देखने को मिला। रसूलाबाद कस्बे के विभिन्न वार्डों और मुस्लिम बाहुल्य बस्तियों में बारह रबी उल अव्वल से पहले चरागा के दिन लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। सार्वजनिक स्थानों पर रंग बिरंगी लाइट लगाई गई तो कई स्थानों पर मक्का शरीफ व मदीना मुनव्वरा का रोजे का अक्स भी बनाया गया। बस्तियों में शाम से हुआ लंगर देर रात तक चलता रहा। आजाद नगर वार्ड में इमाम चौक पर बारह रबी उल अव्वल से पहले चरागा के दिन पूरी बस्ती को रंग.बिरंगे लाइटों से दुल्हन की तरह सजाया गया। कबीर नगर, पठान मोहाल, अहमद नगर, लोहिया नगर, नेहरू नगर सहित कई जगहों पर चरागा पर गलियों को खूब सजाया और संवारा गया था।

## क्विक न्यूज

### लूटपाट के घायल युवक की इलाज के दौरान मृत्यु



**राठ(हमीरपुर)।** छह दिन पहले हमीरपुर रोड स्थित धनौरी गांव के पास संदिग्ध हालात में घायल मिले युवक ने रविवार को कानपुर हैलेट में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मृतक के पिता ने पुत्र के साथ रुपए छीनकर मारपीट करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस जांच में जुट गई है। कोतवाली के अकौना गांव निवासी रामगोपाल अहिरवार ने बताया कि उसके चार पुत्र पुष्पेन्द्र अरविंद रविन्द्र धीरेन्द्र हैं। वह कस्बे के गायत्री नगर पठानपुरा मोहल्ले में परिवार सहित रहता है। दस सितंबर की दोपहर करीब दो बजे उसका बड़ा पुत्र 30 वर्षीय पुष्पेन्द्र अकौना गांव में होने वाली पूजा में शामिल होने के लिए घर से निकला था। तभी रात करीब आठ बजे उसका पुत्र धनौरी गांव के पास घायल अवस्था में पड़ा मिला था। एंबुलेंस कर्मियों ने उसे सीएचसी में भर्ती कराया था। जहां चिकित्सक ने कानपुर रेफर कर दिया था। रविवार की दोपहर करीब एक बजे उसके पुत्र ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया है। पिता ने आरोप लगाया कि अज्ञात लोगों ने उसके पुत्र के साथ पहले मारपीट की फिर उसके 3500 रुपए और पूजा का मुर्गा लेकर भाग गए। मृतक अपने पीछे दो पुत्र नीतेश आर्यन और एक पुत्री हिमांशी छोड़ गया है। पति की मौत पर पत्नी मिथलेश मां रामकुमारी का रो रोकर बुरा हाल। कोतवाल उमेश सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।मामले की जांच कराई जा रही है।

### पंखा का प्लग लगाते समय करंट से युवक की मौत

**मौदहा( हमीरपुर)।** क्षेत्र के ग्राम भैसमरी में बीती शाम फर्राटा पंखा लगाते समय करंट की चपेट में आकर एक युवक की मौत हो गई। इस घटना से मृतक के परिजनों में कोहरा मच गया। पुलिस ने मृतक के शव को मेडिकल परीक्षण के लिए भेट घटना की जांच पड़ताल शुरू करती है। थाना क्षेत्र सिसोलर के ग्राम भैंसमरी निवासी संत प्रकाश उम्र 24 वर्ष स्वर्गीय चंदन सिंह रविवार की शाम अपने घर में फर्राटा पंखा लगा रहा था तभी अचानक करंट की चपेट में आकर उसकी मौत हो गई। इस घटना से उसके परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच शव को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। मृतक अपनी मां का अकेला पुत्र थाण् संत प्रकाश जब एक वर्ष का था तभी उसके पिता की मौत हो गई थी उसकी मां ने मजदूरी कर बड़ी मेहनत के साथ उसे पाल पोस्टसकर बड़ा किया था। बेटे की मौत से उसकी मां बेहाल है। संत प्रकाश अविवाहित था फिलहाल इस घटना से गांव में शोक का माहौल है। अज्ञात वाहन के रौंदने से दो गोवंशो की दर्दनाक मौत,नगर पंचायत की लापरवाही के चलते आय दिन सड़क दुर्घटना में मरते है गौबंश,जिले में भर में नियुक्त कर दिये गये है।

### बकेवर थाना क्षेत्र में संदिग्ध परिस्थितियों में वृद्ध की मौत

**बकेवर, फतेहपुर।** बकेवर थाना क्षेत्र के टिकरा गांव में रहने वाले लगभग 67 वर्षीय दलित रामदीन रैदास की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार रामदीन रैदास पुत्र देवीदास अपने घर से सेविंग करवाने के लिए निकले थे, लेकिन देर तक घर न लौटने पर परिजन चिंतित हो गए। परिवार और गांव के लोगों ने उनकी तलाश शुरू की और लगभग 300 मीटर दूर एक नाले के पास बने चेक डैम पर उनकी लाश मिली। रामदीन के बड़े पुत्र अतुल ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। थाना प्रभारी कांति सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारणों का पता चल पाएगा। परिवार में मातम और ग्रामीणों की आशंकाः मृतक के परिवार में उनकी पत्नी शकुंतला और दो पुत्र अतुल और दीपक हैं। घटना के बाद से परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों का कहना है कि रामदीन संभवतः शौच के लिए नाले के पास गए होंगे, तभी यह हादसा हुआ। हालांकि, घटना को लेकर गांव में कई सवाल उठ रहे हैं, क्योंकि रामदीन दलित समुदाय से थे और उनकी मौत को संदिग्ध मानते हुए कुछ लोग अन्य संभावनाओं को भी नजरअंदाज नहीं कर रहे हैं। घटना को लेकर पुलिस हर एंगल से जांच कर रही है, लेकिन अभी तक कोई स्पष्ट कारण सामने नहीं आया है। ग्रामीणों की मांग है कि मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए, ताकि सच्चाई सामने आ सके और यदि यह किसी आपराधिक गतिविधि का परिणाम है तो दोषियों पर सख्त कार्रवाई हो।

### छेड़छाड़ का विरोध करने पर महिला को पीटा, दी धमकी

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** पड़ोसी थाना क्षेत्र निवासी पीड़िता द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि विगत 13 सितंबर को कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत एक ग्राम स्थित अपनी रिश्तेदारी में आई थी। तभी गांव के ही धर्मेंद्र, रिशु, धीरेंद्र आए और उसके साथ अश्लील हरकतें करते हुए छेड़छाड़ शुरू कर दी। उसके द्वारा विरोध करने पर उक्तगणों ने गाली गलौज करते हुए लात घूसों से मारपीट कर घायल कर दिया तथा जान से मारने की धमकी दी। घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जॉच शुरू कर दी गई है।

## तनाव में आकर किसान ने खुद को गोली मारकर की आत्महत्या

**फर्रुखाबाद।** तनाव में आकर किसान नें खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जहानगंजथाना क्षेत्र के ग्राम जहानगंज दानमंडी निवासी 40 वर्षीय अक्षय दीक्षित पुत्र विनोद दीक्षित ने अपने घर के कमरे में तमंचे से गोलीमार आत्महत्या कर ली। फायर की तेज आवाज सुन मृतक के परिवार वाले दौड़े तो परिवार में कोहराम मच गया, अक्षय दीक्षित की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई थी। थाना पुलिस को मामले की सूचना दी गयी जिसके बाद मामले की पड़ताल शुरू की गयी। मृतक का बड़ा भाई नीतू दीक्षित एयरफोर्स में है, और छोटे भाई मोनू है, मृतक का पुत्र अम्बर व पुत्री परी है। प्रभारी निरीक्षक हरिश्याम सिंह नें बताया कि घटना स्थल को देखते हुए मामला आत्महत्या का लग रहा है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

# पुलिस ने दो महिला चोरों को 24 घंटे के अंदर माल समेत पकड़ा

**कन्नौज।** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द द्वारा चलाये जा रहे अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के मार्ग दर्शन एवं क्षेत्राधिकारी तिर्वा डॉ. प्रियंका बाजपेयी के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र प्रताप सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना तिर्वा पुलिस द्वारा चोरी करने वाली दो महिला अभियुक्तों को शत प्रतिशत माल के साथ गिरफ्तार कर किया गया।

सोमवार को प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि 15 सितम्वर को मोहल्ला लोहियानगर निवासी रुपम वर्मा पुत्र संजय वर्मा की दुकान मानसी ज्वैलर्स से दो अज्ञात महिलाओं द्वारा बिछिया देखते देखते एक जोड़ी (6 अदद) बिछिया चोरी करनें के मामले मं मुकदमा दर्ज कर त्वरित कार्यवाही करते हुए उपनिरीक्षक रोबिन सिंह नें कांस्टेवल बबलू, रविन्द्र सिंह, महिला कास्टेवल बुसरा परवीन व मनोरमा के साथ



पुलिस हिरासत में मौजूद दो महिलायें।

मुखबिर की सूचना पर कान्ती पत्नी विनोद शंखवार निवासी चक्केपुर्वा थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात व कपूरी पत्नी अशोक शंखवार निवासी बमरौली थाना मूसागंज जनपद कानपुर देहात को गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से चांदी के जेवरात बरामद हुये। गिरफ्तार अभियुक्ताओं के विरुद्ध विधिक कार्रवाई कर न्यायालय भेजा गया।

# दो सीएचसी सहित दो पीएचसी का सीएमओ ने किया औचक निरीक्षण

## ● पीएचसी पर संचालित आयुष्मान भव मेले को देखने पहुंचे सीएमओ



**लखीमपुर खीरी।** आयुष्मान भव मेले के दृष्टिगत दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की जमीनी हकीकत को परखने के लिए सीएमओ डॉ संतोष कुमार गुप्ता ने एसीएमओ डॉ अनिल कुमार गुप्ता के साथ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कफ़रा व लखाही सहित सीएचसी धौरहरा व सीएचसी रमियाबेहड़ का औचक निरीक्षण किया।

डॉ संतोष गुप्ता ने बताया कि सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के अंतर्गत आने वाले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आयुष्मान भव मेले का आयोजन किया जा रहा है। शासन के निर्देश पर आयोजित इन मेलों में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने के उद्देश्य से जिला चिकित्सालय के विशेषज्ञ चिकित्सकों की ड्यूटी लगाई गई है। जिससे ग्रामीण अंचलों में भी स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर किया जा सके। इसी के अंतर्गत उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धौरहरा और रमियाबेहड के निरीक्षण के साथ ही दो प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों क्रमशः कफरा और लखाही का दौरा किया। पीएचसी लखाही में परिसर के निचले इलाके में जलभराव मिलाए जहां के प्रभारी को सड़क संपर्क सुधार हेतु निर्देशित किया गया। वहीं पीएचसी कफरा में जिला अस्पताल के विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ सतीश कुमार ;सर्जनद्ध और पीएचसी लखाही में फिजिशियन डॉ शिशिर पांडे अपनी सेवाएं दीं।

# ईद मिलादुननबी के मौके पर परचमे मोहम्मदी का निकला विशाल जुलूस

## ● जुलूस को निकलने में लगा 4 घण्टे का समय



**संडीला (हरदोई)।** ईद ए मिलादुननबी के मौके पर शहर में परंपरागत रूप से परचमे मोहम्मदी का विशाल और ऐतिहासिक जुलूस पूरी आनए बान और शान के साथ निकाला गया। इस जुलूस ने पिछले सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। ईद ए मिलादुननबी की पूर्व संध्या पर बेगम साहेबा की मस्जिद से खदीमी परचमे मोहम्मदी का जुलूस जो सैकड़ों सालों से लगातार निकलता रहा है। जूलूस की स्थापना ऐतिहासिक दस्तावेज़ों के अनुसार बादशाह मोहम्मद तुग़लक के दौर से है। दरगाह मकदूम शाह में आज भी मोहम्मद तुग़लक के हुक्म पर बनी मस्जिद मौजूद है और इसकी दोबारा शुरूआत स्व. मौ. मजीद साहब के द्वारा की गयी थी। यह जुलूस लगभग सारी रात सड़क पर गश्त करता रहा। ईद ए मिलादुननबी के मौके पर सारे शहर में गलियों, सड़कों, मस्जिदों, दरगाहों और खानकाहों को सजाया गया। अपनी हैसियत के अनुसार तमाम तरह के खाने पीने के इंतेज़ामात भी किए। शहर की सबसे बड़ी शिक्षण संस्था मदरसा अल जामियतुल गौसिया में जश्न ईद-ए-मिलादुननबी के मौके पर तकरीर करते हुए प्रिंस्पल मौ. मेंहदी हसन ने कहा कि पै0 हज़रत मोहम्मद (सल.) ने सारी दुनिया को अमन, भाईचारा, इंसाफ़और बराबरी का पैगाम दिया। उनकी तालीमात में सभी को रंग, नस्ल, बनावट, ऊंच नीच से ऊपर उठकर एक दूसरे को गले लगाना और पड़ोसी चाहे वह किसी मज़हब का हो, उसके साथ प्रेमपूर्ण व्यवहार करना है। मस्जिद काज़ी साहेबान, मदरसार झाड़ी शाह और किसान टोला की मस्जिद में मुस्लिम विद्वानों ने तकरीरे कीं और सीरत ए मोहम्मदी पर विस्तार से रोशनी डाली। मौ. मेंहदी हसन, मौ. उमर मुस्तफ़, हसन मक्की, डॉ. अहमद सईद, शहर काज़ी सैयद आरिफ़अब्दुल्ला, माज़ अहमद, हाफ़िज़ नसरुद्दीन, परचमे मोहम्मदी कमेटी के सद्र फरीउद्दीन, मौ. यामीन, मौ. इरशाद, हाफ़िज़ जलीस आदि ने हरी झण्डी दिखाकर जुलूस रवाना किया।

# ट्रक चालक का शव आते ही मचा कोहराम

**फर्रुखाबाद।** ट्रक चालक की संदिग्ध हालत में मौत हो गयी। उसका शव घर आते ही कोहराम मच गया। पुलिस नें शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मुहम्मदाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मुड़गाँव निवासी नीतू देवी नें पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा कि उनके पति पवन कुमार सीलमपुर दिल्ली में रहकर ट्रक चलाते थे। बीते 14 सितम्बर को सुबह 11 बजे डीसीएम राजस्थान से लोड़कर दिल्ली आ रहे थे। उसी दौरान वह घायल हो गये उसे दिल्ली के ही संजय गाँधी अस्पताल में अज्ञात लोगों नें भर्ती कराया। जहाँ आराम न मिलने पर गाजियाबाद में भर्ती किया गया। जहाँ उपचार के दौरान पवन कुमार की मौत हो गयी। मृतक की पत्नी नीतू नें शव का पोस्टमार्टम करानें को कोतवाली मोहम्मदाबाद में पुलिस को तहरीर दी। मृतक की माँ मंजू देवी व पत्नी नीतू का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। उपनिरीक्षक सुरेश सिंह नें शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## संदिग्ध हालत में महिला ने फांसी लगाकर दी जान

**फतेहपुर।** हुसैनगंज थाना क्षेत्र के गोवर्धनपुर गांव निवासी स्व. गया प्रसाद की 24 वर्षीय पुत्री शिव कुमारी की शादी बारह मार्च 2020 में बेरूईहार गांव निवासी पत्तन के पुत्र राकेश लोधी के साथ हुई थी। बताते हैं कि रविवार की शाम संदिग्ध अवस्था में महिला ने घर के अंदर फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस में मृतका के भाई दयाशंकर ने बताया कि शादी के बाद से ससुरालीजन सोने की चेन व भैंस की मांग को लेकर बहन को प्रताड़ित करते थे। मांग पूरी न होने पर पति, ससुर पत्तन, देवर नन्दू, ननंद लक्ष्मी सहित पांच लोगों ने उसकी बहन को मारने-पीटने के बाद हत्या कर दी और आत्महत्या का रूप देने के लिए शव को फांसी पर लटका दिया। घटना के बाद उसके बहनोई को हिरासत में ले लिया है जबकि परिवार के अन्य सदस्य मौके से फरार हो गए। पुलिस मामले की तहकीकात कर रही है।

# जिलाधिकारी के निर्देश पर बाढ़ग्रस्त ग्राम बड़ा पटवारा से रेस्क्यू की गई गर्भवती महिला

## ● देर रात सीएचसी पलिया में बच्ची का हुआ जन्मए परिजन ने डीएम का जताया आभार

**लखीमपुर खीरी।** संकट की घड़ी मेंशासन.प्रशासन के हरसंभव सहायता के संकल्प के साथ डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के मार्गदर्शन और नेतृत्व में सुरक्षित प्रसव कराने के उद्देश्य से उप जिलाधिकारी (पलिया) कार्तिकेय सिंह ने अधीक्षक, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पलिया डॉ भरत वर्मा के नेतृत्व में चिकित्सकों की टीम को ट्रैक्टर से बाढ़ग्रस्त गांव बड़ा पटवारा भेजाए जहां गर्भवती महिला को परिवारीजनों संग ट्रैक्टर के जरिए रात्रि दो बजे सीएचसी पलिया पर लाया गया। करीब रात्रि 3ण्30 बजे चिकित्सकों के प्रयास से सफ्लतापूर्वक पुत्री का जन्म हुआ।



पारिवारिक जनों ने बेटी के जन्म पर खुशी जाहिर करते हुए संकट की घड़ी में प्रशासन की ओर से की गई मदद के लिए आभार भी जताया।

## संकट की घड़ी में मददगार बना प्रशासन एसडीएम ने गर्भवती महिला को सुरक्षित प्रसव हेतु भेजा सीएचसी

निघासन। निघासन तहसील क्षेत्र के बाढ़ग्रस्त ग्राम बम्हनपुर के मजरा लालभोजी की एक गर्भवती को सुरक्षित प्रसव कराने के उद्देश्य से उप जिलाधिकारी ;निघासनद्ध राजीव कुमार निगम ने गर्भवती महिला और उसके परिवारीजनों को नाव के जरिए सड़कमार्ग तक और सड़क मार्ग से मुख्य मार्ग तक एसडीएम अपने सरकारी वाहन से लेकर पहुंचेए जहां एंबुलेंस के जरिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निघासन भिजवाया। एसडीएम ने टेलीफोन के जरिए अधीक्षक को एंबुलेंस से भेजी गई महिला की सुरक्षित प्रसव कराने के लिए निर्देशित किया।

# एक राष्ट्र, एक चुनाव पर गरमाई सियायत

## जद (यू) ने किया समर्थन

**नई दिल्ली।**(भाषा) जनता दल (यूनाईटेड) ने सोमवार को एक देश, एक चुनाव का समर्थन करते हुए कहा कि इससे नीतियों में निरंतरता बनी रहेगी तथा बार-बार चुनाव से होने वाली परेशानियों से भी बचा जा सकेगा।राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के प्रमुख सहयोगी का यह बयान ऐसे समय आया है जब सरकार के एक उच्च पदस्थ सूत्र ने रविवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत मौजूदा सरकार अपने मौजूदा कार्यकाल में ही एक देश, एक चुनाव को लागू करेगी। सूत्र ने यह भरोसा भी जताया कि इस सुधार को सभी दलों का समर्थन मिलेगा। जद (यू) के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने एक वीडियो जारी कर कहा कि एक देश, एक चुनाव पर उनकी पार्टी और राजग की राय एक समान है। उन्होंने कहा, हम यह मानते हैं कि इससे देश में नीतियों की निरंतरता जारी रहेगी। बार-बार होने वाले चुनाव से विकास की योजनाओं की गति अवरूद्ध होती है और अन्य परेशानियां भी आती हैं। इनसे निजात मिलेगी। प्रसाद ने कहा कि इससे मतदाता भी बड़ी संख्या में मतदान केंद्रों पर आएंगे और विकास के कार्य भी निर्बाध गति से जारी रहेंगे।उन्होंने कहा, विकास की योजनाओं को लेकर केंद्र और राज्य सरकारों के जो फैसले हैं, उनका क्रियान्वयन बेहतर तरीके से किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि एक साथ चुनाव कराने से इस पर होने वाला राजकीय व्यय भी कम हो जाएगा और इसका लाभ अंततः संपूर्ण राष्ट्र को मिलेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली राजग सरकार के तीसरे कार्यकाल के 100 दिन पूरे होने पर एक सूत्र ने यह भी कहा कि सत्तारूढ़ गठबंधन के भीतर एकजुटता शेष कार्यकाल में भी बनी रहेगी।भाजपा और तेलुगू देशम पार्टी (तेदेपा) के बाद जद (यू) राजग का तीसरा सबसे बड़ा घटक दल है।पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में गठित एक उच्च स्तरीय समिति ने इस साल मार्च में पहले कदम के रूप में लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव कराने की सिफारिश की थी। समिति ने लोकसभा और विधानसभा चुनाव के 100 दिन के भीतर स्थानीय निकाय चुनाव कराए जाने की भी सिफारिश की। कोविंद नीत समिति ने एक साथ चुनाव कराने के लिए कोई समय सीमा तय नहीं की। उसने 18 संवैधानिक संशोधन करने की सिफारिश की जिनमें से अधिकांश को राज्य विधानसभाओं के अनुमोदन की आवश्यकता नहीं होगी।

## थाह लेने के लिए छोड़ा गया शिगूफाः कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने सोमवार को कहा कि एक राष्ट्र, एक चुनाव व्यवहारिक नही है और थाह लेने लिए एक बार फिर यह शिगूफा छोड़ा गया है। पार्टी प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि एक राष्ट्र, एक चुनाव व्यवहारिक नहीं है, क्योंकि कई विधानसभाएं है, जिन्हे भंग नहीं किया जा सकता है। सूत्रों ने रविवार को कहा था कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार अपने मौजूदा कार्यकाल में ही एक देश, एक चुनाव व्यवस्था लागू करेगी और उसे भरोसा है कि इस सुधार को सभी दलों का समर्थन मिलेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली राजग सरकार के तीसरे कार्यकाल के 100 दिन पूरे होने पर सूत्रों ने बताया था कि सत्तारूढ़ गठबंधन के भीतर एकजुटता शेष कार्यकाल में भी बनी रहेगी। इस बारे में पूछे जाने पर सुप्रिया ने कहा, सरकार सूत्रों पर कब तब चलती रहेगी? सरकार के अधिकृत व्यक्ति इस बारे में बात क्यो नही करते? सरकार कोई मसौदा क्यों नही पेश करती? सरकार सर्वदलीय बैठक क्यो नही बुलाती? उन्होंने कहा कि असलियत यह है कि तमाम ऐसी विधानसभाएं है, जिन्हे आप भांग नही कर सकते है। सुप्रिया ने कहा कि असलियत मे यह शिगूफा इस बात की थाह लेने के लिए छोड़ा गया है कि इस पर क्या प्रतिक्रिया होती है।

## भाजपा का हथकंडा : तृणमूल भाकपा का समर्थन से इनकार

**नई दिल्ली।** (भाषा) राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के मौजूदा कार्यकाल में एक राष्ट्र, एक चुनाव लागू किए जाने की बात सरकारी सूत्रों द्वारा कहे जाने के एक दिन बाद, तृणमूल कांग्रेस ने इसे सत्तारूढ़ दल का हथकंडा करार दिया।

तृणमूल कांग्रेस ने सवाल किया कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव की घोषणा, हरियाणा और जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनावों के साथ क्यों नहीं की गई। राज्यसभा में तृणमूल के नेता डेरेक ओब्रायन ने कहा, एक राष्ट्र, एक चुनाव, लोकतंत्र विरोधी भाजपा का एक और हथकंडा है। उन्होंने कहा, हरियाणा और जम्मू कश्मीर चुनावों के साथ महाराष्ट्र चुनाव की घोषणा क्यों नहीं की गई? उन्होंने इस सवाल का जवाब खुद देते हुए कहा कि महाराष्ट्र सरकार ने इस साल जून में लाडकी बहिन योजना की घोषणा की। इसके तहत पहली किस्त अगस्त में महिलाओं के बैंक खातों में पहुंची और दूसरी किस्त मध्य अक्टूबर में लाभार्थियों के बैंक खातों में पहुंचने की संभावना है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) के महासचिव डी राजा ने कहा कि उनकी पार्टी एक राष्ट्र, एक चुनाव के प्रस्ताव का समर्थन नहीं करती है। उन्होंने कहा, हमारी पार्टी भाकपा, एक राष्ट्र एक चुनाव के पक्ष में नहीं है। मैं पूर्व राष्ट्रपति (रामनाथ कोविंद) से मिला हूं जो कमेटी की अध्यक्षता कर रहे थे। राजा ने कहा कि भारत विविधताओं वाला देश है तथा संसद और विधानसभाओं के चुनाव होते हैं। संविधान लोकसभा, विधानसभा का कार्यकाल, राज्यों में चुने गए मुख्यमंत्रियों और सरकारों की शक्तियों को स्पष्ट करता है। भाकपा नेता ने कहा कि निर्वाचन आयोग एक स्थाई आयोग है जिसे उसकी सारी शक्तियां संविधान से प्राप्त होती हैं। इसे स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव कराने का अधिकार प्राप्त है। राजा ने कहा कि एक राष्ट्र, एक चुनाव को देश में लागू नहीं किया जा सकता तथा सरकार को समान अवसर सुनिश्चित करना चाहिए। सूत्रों ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली राजग सरकार अपने मौजूदा कार्यकाल में ही एक राष्ट्र, एक चुनाव को लागू करेगी।

## शाही ईदगाह विवादः मुस्लिम पक्ष की याचिका पर आज सुनवाई करेगा न्यायालय

**नई दिल्ली।** (भाषा) उच्चतम न्यायालय मंगलवार को इलाहाबाद उच्च न्यायालय के उस आदेश के खिलाफ मुस्लिम पक्ष की याचिका पर सुनवाई करेगा, जिसमें मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद से संबंधित 18 मामलों की विचारणीयता को चुनौती देने वाली उनकी याचिका खारिज कर दी गई थी। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ शाही मस्जिद ईदगाह की प्रबंधन ट्रस्ट समिति द्वारा उच्च न्यायालय के एक अगस्त के आदेश के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई करेगी। मस्जिद प्रबंधन समिति की याचिका अधिवक्ता आरएचए सिकंदर के माध्यम से दायर की गई है। उच्च न्यायालय ने एक अगस्त को मथुरा में मंदिर-मस्जिद विवाद से संबंधित 18 मामलों की विचारणीयता को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज कर दिया था और व्यवस्था दी थी कि शाही ईदगाह के धार्मिक चरित्र को निर्धारित करने की आवश्यकता है। उच्च न्यायालय ने मुस्लिम पक्ष की इस दलील को खारिज कर दिया था कि कृष्ण जन्मभूमि मंदिर से सटे शाही ईदगाह मस्जिद परिसर को लेकर विवाद से संबंधित हिंदू वादियों द्वारा दायर मुकदमे पूजा स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम का उल्लंघन करते हैं और इसलिए वे स्वीकार्य नहीं हैं।

## ताजमहल में जलाभिषेक मामले में भारतीय संघ को पक्षकार बनाने के आदेश

आगरा(भाषा)। आगरा मे स्थित ताजमहल मे श्रावण के महीने मे जलाभिषेक और दुग्धाभिषेक तथा अन्य हिंदू त्योहारों के अवसर पर पूजा-अर्चना की मांग को लेकर दायर की गई याचिका पर अदालत ने सोमवार को अहम आदेश जारी करते हुए इसे खारिज करने से इनकार कर दिया। अदालत ने इस मामले मे प्रतिवादी पुरातत्व विभाग के अधीक्षण पुरातत्वविद डॉ.राजकुमार पटेल की उस अपील को खारिज कर दिया जिसमे न्यायालय से इस याचिका को खारिज करने की मांग की गई थी। योगी यूथ ब्रिगेड नामक संगठन के प्रदेश अध्यक्ष कुंवर अजय तोमर की ओर से दायर याचिका पर 13 सितंबर को न्यायालय मे सुनवाई हुई थी। पुरातत्व विभाग के अधीक्षण पुरातत्वविद डॉ.राजकुमार पटेल की ओर से पेश हुए उनके अधिवक्ता ने न्यायालय मे आपत्ति दर्ज कराते हुए कहा कि अधीक्षण पुरातत्वविद पटेल सरकारी अधिकारी हैं, जिन पर मुक्दमा नही चल सक्ता, इसलिए वाद को खारिज किया जाए। साथ ही भारतीय संघ को इसमे प्रतिवादी बनाया जाए। अदालत ने अब सोमवार को आदेश जारी कर दिया है, जिसमे प्रतिवादी पुरातत्व विभाग के अधीक्षण पुरातत्वविद के वाद खारिज करने की अपील को अस्वीकार करते हुए वादी अधिवक्ता को भारतीय संघ के जरिए सचिव- संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार को पक्षकार बनाने का आदेश दिया है। इस मामले की अगली सुनवाई 24 सितंबर को होगी।

## टिप्पणियाँ संस्थानों को कर सक्ती हैं हतोत्साहित : धनखड़

**नई दिल्ली** (भाषा)। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि निर्वाचन आयोग तथा जांच एजेंसियो सहित संस्थाएं कठिन परिस्थितियो मे अपना कर्तव्य निभाती है और एक टिप्पणी उन्हे हतोत्साहित कर सक्ती है। उन्होंने यह भी कहा कि किसी को भी देश के संस्थानो के बारे मे अत्यंत सचेत रहना होगा जो मजबूत है और उचित नियंत्रण एवं संतुलन के साथ कानून के शासन के तहत स्वतंत्र रूप से काम कर रहे है। रविवार को मुंबई मे एक कार्यक्रम मे उनकी टिप्पणी उच्चतम न्यायालय के एक न्यायाधीश द्वारा शुक्रवार की गई इस टिप्पणी की पृष्ठभूमि मे आई कि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को पिंजरे मे बंद तोता होने की धारणा को दूर करना चाहिए। यह उल्लेख करते हुए कि आबकारी नीति मामले मे दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की सीबीआई द्वारा गिरफ्तारी अनुचित थी, शीर्ष अदालत के न्यायाधीश न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां ने एजेंसी की आलोचना की थी और कहा था कि उसे पिंजरे मे बंद तोता होने की धारणा को दूर करना चाहिए।

## कांग्रेस विदेश समेत चार संसदीय समितियों की करेगी अध्यक्षता

**नई दिल्ली** (भाषा)। कांग्रेस नई लोकसभा के गठन के बाद चार विभागों से संबंधित संसद की स्थाई समितियो की अध्यक्षता करेगी, जिनमे विदेश और शिक्षा विभागो से संबंधित समितियां शामिल हैं। पार्टी से जुड़े सूत्रों ने बताया कि सरकार के साथ लंबी मंत्रणा के बाद मुख्य विपक्षी दल को लोकसभा की विदेश, कृषि और ग्रामीण विकास संबंधी तीन स्थाई समितियो की अध्यक्षता मिली है। कांग्रेस को राज्यसभा की शिक्षा संबंधी स्थाई समिति की अध्यक्षता का उत्तदायित्व मिला है। सूत्रों का कहना है कि कांग्रेस पांच समितियो की अध्यक्षता की उम्मीद कर रही थी। अभी तक कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने राज्यसभा की पर्यावरण वन संबंधी स्थाई समिति और अभिषेक सिंघवी ने वाणिज्य संबंधी समिति की अध्यक्षता की थी। इसके साथ ही शशि थरूर ने रसायन एवं उर्वरक विभाग से संबंधित समिति की अध्यक्षता की जिम्मेदारी संभाली थी। सूत्रों का कहना है कि 18वी लोकसभा के गठन के बाद स्थाई समितियो का पुनर्गठन होने के समय समाजवादी पार्टी, द्रमुक और तृणमूल कांग्रेस को भी एक-एक स्थाई समिति की अध्यक्षता की जिम्मेदारी मिल सक्ती है। संसद मे विभागो से संबंधित कुल 24 स्थाई समितियां है। लोकसभा के तहत 16 और राज्यसभा के तहत आठ स्थाई समिति होती है। इनमे से प्रत्एक समिति मे 31 सदस्य होते है। 21 लोकसभा से और 10 राज्यसभा से होते है, जिन्हे संबंधित दलो की अनुशंसा पर लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति द्वारा नामित किया जाता है। इन समितियो का कार्यकाल एक वर्ष का होता है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने गत नौ सितंबर को कहा था कि स्थाई समितियों के गठन मे कोई देरी नही हुई है ।

# सुरक्षा के लिए कुंभ मेला क्षेत्र में तैनात रहेंगी एजेंसियां : तरुण



### महाकुंभ के सकुशल आयोजन के लिए परेड में रिजर्व पुलिस लाइन के लिए हुआ भूमि पूजन


**प्रयागराज।** संगम की धरती पर जनवरी 2025 में आयोजित होने वाले महाकुंभ को लेकर पुलिस विभाग की तैयारी तेज हो गई हैं। सोमवार को संगम क्षेत्र के परेड मैदान में महाकुंभ के लिए रिजर्व पुलिस लाइन का भूमि पूजन किया गया। पुरोहितों ने विधि विधान से वैदिक मंत्रोच्चार के साथ रिजर्व पुलिस लाइन की स्थापना के लिए भूमि पूजन सम्पन्न कराया। पुलिस लाइन के भूमि पूजन में यजमान बने पुलिस कमिश्नर तरुण गाबा और मेला एसपी राजेश द्विवेदी के साथ ही कुंभ मेला अधिकारी विजय किरन आनंद और अन्य अधिकारियों ने भूमि पूजन कर मां गंगा और यमुना से महाकुंभ मेले के सकुशल और निर्विघ्न संपन्न होने की कामना की। सभी ने यह कामना की है कि महाकुंभ 2025 का आयोजन सकुशल और सुरक्षित ढंग से संपन्न हो। इस मौके पर पुलिस कमिश्नर तरूण गाबा ने कहा कि महाकुंभ मेले की शासनएप्रशासन और पुलिस की तैयारी काफी पहले शुरू हो गई थी लेकिन रिज़र्व पुलिस लाइन के भूमि पूजन के साथ ही पुलिस की तैयारियों की औपचारिक शुरुआत हो गई है। उन्होंने कहा है कि 2025 के महाकुंभ में 2019 में आयोजित हुए कुंभ से ज्यादा श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है। इसके आधार पर सुरक्षा व्यवस्था का भी खाका तैयार किया जा रहा है। उन्होंने कहा है कि इसी आधार पर हर प्वाइंट पर पुलिस कर्मियों की तैनाती सुनिश्चित की जाएगी। पूर्व में कुंभ मेले में बने थानों चौकियों और फायर स्टेशनों की संख्या भी बढ़ाई जाएगी। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि सुरक्षा के साथ ही साथ ट्रैफिक मैनेजमेंट के लिए भी पुलिस कर्मियों को स्किल ट्रेनिंग भी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि महाकुंभ में पुलिसिंग बिल्कुल अलग तरह की होती है इसलिए पुलिसकर्मी महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं का मार्गदर्शन करें और उनके साथ अच्छा व्यवहार करें उन्हें इसकी नसीहत भी दी जाएगी। ?पुलिस कमिश्नर तरुण गाबा ने बताया कि महाकुंभ में आने वाली भीड़ को सुगमता से स्नान के बाद वापस भेजने के लिए क्राउड मैनेजमेंट के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानि एआई तकनीक का भी प्रयोग किया जाएगा। उन्होंने बताया कि महाकुंभ में भारी संख्या में आने वाले वाहनों की पार्किंग और ट्रैफिक जाम की समस्या न हो इसके लिए भी एआई तकनीक का प्रयोग किया जाएगा। पुलिस कमिश्नर तरुण गाबा ने बताया कि महाकुंभ की सुरक्षा में कोई सेंध न लगे इसके लिए पुलिस के साथ पीएसी आरएएफऔर यूपी पुलिस की दूसरी एजेंसियां यूपी एटीएस और यूपी एसटीएफको भी लगाया जाएगा। इसके साथ ही किसी भी आपदा से निबटने में सक्षम एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें भी महाकुंभ में मुस्तैद रहेंगी।

## सिर्फ कड़े कानून से न्यायपूर्ण समाज नहीं बनता, मानसिकता बदलने की आवश्यकता



**नई दिल्ली।** प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डी वाई चंद्रचूड़ ने सोमवार को कहा कि निजी और सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं के हितों की रक्षा के लिए कानूनी प्रावधानों की कोई कमी नही है, लेकिन अकेले कानून से न्यायपूर्ण व्यवस्था नही बनाई जा सक्ती। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि समाज को भी अपना पितृसत्तात्मक सामाजिक रवैया त्यागना होगा। न्यूज18 नेटवर्क के शी शक्ति कार्यक्रम मे न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा, हमें पुरुषों की धारणा से परे देखने के लिए संस्थागत और व्यक्तिगत क्षमता को बढ़ावा देना चाहिए। उन्होने कहा कि निजी और सार्वजनिक स्थितियो मे महिलाओं के हितो की रक्षा के लिए ठोस और प्रक्रियात्मक कानूनी प्रावधानो की कोई कमी नही है, लेकिन केवल कड़े कानूनों सहित अच्छे कानूनों से ही न्यायपूर्ण समाज का निर्माण नही हो सकता। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होने कहा, महिलाओ के अधिकारो के बारे मे बात करना महिलाओ का काम नही है। मैंने जीवन के कुछ बेहतरीन सबक अपनी महिला सहकर्मियों से सीखे है। उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि बेहतर समाज के लिए महिलाओं की समान भागीदारी महत्वपूर्ण है। भारत के संविधान को अपनाने से पहले, हंसा मेहता, जो नारीवादी थी, ने भारतीय महिला जीवन चार्टर का मसौदा तैयार किया था।

## मादक पदार्थ के खिलाफ कार्रवाई, अतिक्रमण विरोधी अभियान किसी समुदाय के प्रति लक्षित नहीं: बीरेन सिंह



**इम्फाल।(भाषा)** मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने सोमवार को कहा कि उनकी सरकार की मादक पदार्थ के खिलाफ मुहिम और आरक्षित वनों में अतिक्रमण हटाने के अभियान किसी खास समुदाय के प्रति लक्षित नहीं हैं। उन्होंने कहा कि पिछले छह साल में 60,000 करोड़ रुपए के मादक पदार्थ जब्त किए गए हैं और 18,000 हेक्टेयर में अफीम की खेती नष्ट की गई और यह स्वाभाविक है कि इस तरह के अभियानों से प्रभावित लोग परेशान होंगे। सिंह ने यहां प्रेस क्लब में ऑल वर्किंग जर्नलिस्ट्स यूनियन के स्वर्ण जयंती समारोहों में अपने संबोधन में कहा, जब मैं मीडिया के पेशे में था, मादक पदार्थ की समस्या के कारण बड़ी संख्या में एचआईवी संक्रमण के मामले सामने आए थे। यही कारण है कि मैंने मुख्यमंत्री बनने के बाद मादक पदार्थ की समस्या का हल करने के बारे में सोचा। इसने पीढ़ियों को बर्बाद कर दिया। उन्होंने कहा, मैंने मादक पदार्थों के खिलाफ मुहिम चला रखी है। यह किसी समुदाय को प्रति लक्षित नहीं है। आरक्षित वनों में अतिक्रमण हटाने संबंधी अभियान के बारे में सिंह ने कहा, मैं वनों को बचाना चाहता हूं। यह अभियान केवल पर्वतीय क्षेत्रों में ही नहीं चलाया गया। यहां तक कि घाटी के जिलों में भी कई लोगों को अतिक्रमण के कारण हटाया गया। उन्होंने कहा कि उनके निर्वाचन क्षेत्र इम्फाल पूर्व में स्थित हेइंगंग और थौबल के वेथौ में भी इस तरह के अभियान चलाए गए। सिंह ने कहा कि राज्य में 30 से अधिक जनजातियां हैं जिन्हें सरकार ने मान्यता दी है और हर किसी को खुद को भारतीय और गौरवान्वित मणिपुरी समझना चाहिए। सिंह ने हिंसाग्रस्त मणिपुर में शांति कायम करने के लिए रचनात्मक चर्चा पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा, मैं सभी से अनुरोध करना चाहता हूं कि हमें एकजुट होने की आवश्यकता है क्योंकि यह एक कठिन समय है... हमें शांति लाने के तरीके पर मीडिया में भी अधिक रचनात्मक चर्चा करने की आवश्यकता है।

## वोक्कालिगा मंत्रियों, विधायकों ने सिद्धरमैया से भाजपा विधायक के खिलाफ कार्रवाई को कहा

बेंगलुरु (भाषा)। वोक्कालिगा समुदाय से ताल्लुक रखने वाले कांग्रेस के मंत्रियों और विधायकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया से मुलाकात की और भाजपा विधायक एन मुनिरत्न के खिलाफ सख्त कार्रवाई का अनुरोध किया। मुनिरत्न को एक पूर्व पार्षद पर जातिवादी टिप्पणी करने समेत विभिन्न आरोपो में गिरफ्तार किया गया है। मंत्री एन चेलुवरायस्वामी और एम सी सुधाकर के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने सिद्धरमैया से उनके आवास पर मुलाकात की। पूर्व मंत्री मुनिरत्न को शनिवार शाम उनके खिलाफ दो मामले दर्ज होने के बाद गिरफ्तार कर लिया गया था और वह फिलहाल पुलिस हिरासत में है। चेलुवरायस्वामी ने कहा, स्थिति ऐसी है कि न केवल हमारे वोक्कालिगा समुदाय को, बल्कि पूरे समाज को उनका (मुनिरत्न) बहिष्कार करना चाहिए। हमारी सरकार ने पहले ही कानून के अनुसार उन्हे गिरफ्तार करके उनके खिलाफ कार्वाई की है और उन्हें अदालत मे पेश किया गया है। उन्होने बैठक के बाद पत्रकारो से कहा, जब कोई आम आदमी ऐसी गलती करता है तो कार्रवाई की जाती है, लेकिन जब कोई जन-प्रतिनिधि ऐसा करता है...तो हमने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि अधिक जानकारी जुटाकर और अधिक सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। बेंगलुरु के राजराजेश्वरी नगर विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले मुनिरत्न को शनिवार शाम कोलार के मुलबागल के नांगली गांव से बृहत बेंगलुरु महानगर पालिका (बीबीएमपी) के एक ठेकेदार को रिश्वत के लिए परेशान करने, एक पूर्व पार्षद पर जातिवादी टिप्पणी करने, धोखाधड़ी, आपराधिक धमकी देने और एक महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने के आरोप में हिरासत मे लिया गया था। शिकायतकर्ताओ मे से एक ठेकेदार चेलुवराजू ने अपने और मुनिरत्न के बीच फोन पर हुई बातचीत की एक कथित ऑडियो रिकॉर्डिंग भी जारी की है, जिसमें मुनिरत्न ने वोक्कालिगा और दलित समुदाय के व्यक्तियों के संदर्भ मे कथित तौर पर अपमानजनक टिप्पणियां कीं।

## झारखंड में तीन दिन से हो रही लगातार बारिश, कुछ जिलों के लिए रेड अलर्ट जारी

रांची (भाषा)। झारखंड मे लगातार बारिश के बीच मौसम विभाग ने सोमवार को राज्य के गढ़वा, पलामू, लातेहार और सिमडेगा जिलो मे अत्यधिक भारी बारिश का पूर्वानुमान व्यक्त करते हुए रेड अलर्ट जारी किया है। इसके अलावा चतरा, लोहरदगा, गुमला, खूंटी और पश्चिमी सिंहभूम जिलो के कुछ हिस्सो मे आज भारी से बहुत भारी वर्षा हो सक्ती है। स्थानीय मौसम कार्यालय ने अगले 48 घंटे के दौरान झारखंड मे पिछले तीन दिनो से हो रही लगातार बारिश से राहत मिलने की संभावना जताई है। भारी बारिश के कारण रविवार को मुख्य रूप से चतरा, गढ़वा और लातेहार जिलो में कई पुल-पुलिया बह गए। किसानो ने कहा कि तेज हवा के साथ हुई बारिश ने कई इलाको मे धान की खड़ी फसल को भी नुकसान पहुंचाया है। रांची मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, चतरा जिले के टंडवा मे सोमवार को राज्य मे सबसे अधिक 163 मिमी बारिश हुई।

## पेज 1 का शेष

### मोदी सरकार...

के भीतर की जाएगी ताकि उन्हें संक्षिप्त, स्पष्ट और समझने में आसान बनाया जा सके। मोदी सरकार ने एक एकीकृत पेंशन योजना भी लागू की, जिसके तहत 25 साल की सेवा वाले सरकारी कर्मचारियों को उनके औसत मूल वेतन का 50 प्रतिशत पेंशन के रूप में मिलेगा। बयान में कहा गया है, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 3 करोड़ घरों को मंजूरी दी गई है। शहरी योजना के तहत 1 करोड़ घर और ग्रामीण क्षेत्रों में 2 करोड़ घरों के निर्माण को मंजूरी दी गई है। बयान में कहा गया है कि अब तक भारत में शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में चार करोड़ से अधिक घरों को मंजूरी दी गई है। प्रधानमंत्री मोदी सरकार ने महिला सशक्तिकरण के मामले में पहले 100 दिनों में 11 लाख नई 'लखपति दीदियों' को प्रमाण पत्र प्रदान किए हैं। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, 1 करोड़ से अधिक 'लखपति दीदियां' अब हर साल 1 लाख रुपये से अधिक कमाती हैं। इसके अलावा, मुद्रा ऋण को 10 लाख रुपये से बढ़ाकर 20 लाख रुपये कर दिया गया है। अल्पसंख्यकों और आदिवासियों के सशक्तिकरण के संबंध में, प्रधानमंत्री के विकसित आदिवासी गांव अभियान के तहत, 63,000 आदिवासी गांवों को विकसित करने की मंजूरी दी गई, जिससे 5 करोड़ आदिवासियों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार करने में मदद मिली। इसके अलावा, नमस्ते योजना का विस्तार करके सफाई कर्मचारियों के साथ-साथ कूड़ा बीनने वालों को भी इसमें शामिल किया गया है, जिससे उनके सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा मिलेगा।

### एलजी से...

दोपहर में एक प्रेस कांफ्रेंस में उन्होंने कहा, आज छुट्टी है और कल सप्ताह का पहला कार्यदिवस है। वह कल उपराज्यपाल को अपना इस्तीफा सौंपेंगे और इस्तीफा स्वीकार होने के बाद नए नाम पर फैसला करने के लिए पार्टी विधायकों की बैठक होगी। भारद्वाज ने कहा, अभी कुछ भी कहना आकलन होगा। उन्होंने कहा कि आज छुट्टी है और कल सप्ताह का पहला कार्यदिवस है। उन्होंने कहा, दिल्ली के मुख्यमंत्री कल उपराज्यपाल को अपना इस्तीफा सौंपेंगे और इस्तीफा स्वीकार होने के बाद नए नाम पर फैसला करने के लिए पार्टी विधायकों की बैठक होगी। आप नेता ने यह भी कहा कि आप ने कहा है कि उसने नवंबर में दिल्ली में जल्द चुनाव की मांग करके गेंद भाजपा के पाले में डाल दी है और अब यह विपक्षी पार्टी पर निर्भर है कि वह केजरीवाल का सामना करने के लिए तैयार है या नहीं। इससे पहले दिन में केजरीवाल ने अपने आवास पर मनीष सिसोदिया और राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा सहित अपने करीबी विश्वासपात्रों के साथ एक घंटे से अधिक समय तक कई बैठकें कीं, जहां उन्होंने दिल्ली के मुख्यमंत्री पद के संभावित उम्मीदवारों और आगामी हरियाणा चुनावों पर इसके प्रभाव पर चर्चा की। जाते समय सिसोदिया ने मीडिया से बात नहीं की। रविवार को केजरीवाल के अचानक इस्तीफे के फैसले के बाद से दिल्ली के मंत्री आतिशी, गोपाल राय, सौरभ भारद्वाज, कैलाश गहलोत, दिल्ली विधानसभा की डिप्टी स्पीकर राखी बिड़ला सहित आरक्षित वर्ग के कुछ विधायक और आप सुप्रीमो की पत्नी सुनीता केजरीवाल के नाम इस पद के संभावितों के रूप में चर्चा में थे। इसका मतलब यह है कि आप के शीर्ष नेता मुख्यमंत्री पद की दौड़ में नहीं हैं। भले ही यह मुख्यमंत्री पद का कार्यकाल कुछ महीनों का ही होगा, लेकिन आप नेतृत्व एक ऐसे प्रमुख नेता को चुनना चाहेगा जो प्रमुख मुद्दों पर पार्टी की स्थिति को स्पष्ट रूप से व्यक्त कर सके और पार्टी के नेताओं के बीच व्यापक स्वीकार्यता रखता हो। दिल्ली में विधानसभा चुनाव अगले साल फरवरी में होने हैं, हालांकि केजरीवाल ने यह भी मांग की है कि चुनाव महाराष्ट्र चुनावों के साथ नवंबर में कराए जाएं। मुख्य विपक्षी दल भाजपा ने केजरीवाल की घोषणा का मजाक उड़ाया है। दिल्ली भाजपा प्रमुख वीरेंद्र सचदेवा ने कहा है कि केजरीवाल कह रहे हैं कि लोगों को तय करना चाहिए कि उन्हें मुख्यमंत्री बनना चाहिए या नहीं। उन्होंने कहा, लोगों ने तीन महीने पहले (लोकसभा चुनावों के दौरान) अपना फैसला सुना दिया है। आप दिल्ली की सड़कों पर घूमे थे और वोट मांगे थे। लोगों ने अपना जवाब दिया और आपको आपकी जगह पर खड़ा कर दिया। कांग्रेस, जिसने दिल्ली में आप के साथ गठबंधन करके आम चुनाव लड़ा था, ने आप नेता के कदम को एक राजनीतिक स्टंट करार दिया। दिल्ली कांग्रेस प्रमुख देवेंद्र यादव ने कहा, बेहतर होता अगर उन्होंने उस समय इस्तीफा दे दिया होता जब दिल्ली बाढ़ और पेयजल की कमी से जूझ रही थी। मुझे उम्मीद है कि दिल्ली को जल्द ही एक नया मुख्यमंत्री मिलेगा जो अपने कार्यालय जाकर फाइलों पर हस्ताक्षर कर सकेगा।

### एमसीडी....

उन्होंने कहा, सभी स्कूलों के नोडल शिक्षकों को स्कूलों में मच्छरों के प्रजनन की रोकथाम के लिए प्रशिक्षित किया गया है। वयस्क मच्छरों के प्रकोप को नियंत्रित करने के लिए सार्वजनिक समारोहों और धार्मिक उत्सवों में फॉगिंग और फोकल स्प्रे ऑपरेशन किए जाएंगे। मच्छरों की संख्या और बीमारी की स्थिति के आधार पर सितंबर-अक्टूबर में आउटडोर फॉगिंग ऑपरेशन तेज किए जाएंगे और बार-बार उल्लंघन करने वालों को कानूनी नोटिस, चालान और प्रशासनिक शुल्क लगाए जाएंगे। डीएमसी अधिनियम के तहत मलेरिया और अन्य वेक्टर जनित रोगों के उपनियमों के प्रावधान के तहत, 97,397 कानूनी नोटिस, 32,384 चालान और 7,929 जुर्माने लगाए गए हैं। स्पष्ट किया जाता है कि बार-बार मच्छरों का प्रजनन मिलने पर दोषियों के खिलाफ पुलिस शिकायत भी दर्ज की जाएगी।

### विधायक ने...

आरक्षण का इस आधार पर विरोध किया था कि इससे देश की प्रगति प्रभावित होगी। वहीं, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने मांग की कि गायकवाड़ के खिलाफ केस दर्ज किया जाना चाहिए।

### सकारात्मक...

सूत्रों ने बताया कि वार्ता की रूपरेखा बैठक के मिनटों के आपसी आदान-प्रदान के प्रस्ताव पर टिकी हुई है, न कि डॉक्टरों द्वारा पहले की मांग के अनुसार कार्यवाही के अनुसार। मुख्यमंत्री ने कहा, इस मुद्दे पर कल सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई है और मैं उससे पहले समाधान चाहती हूं...हमने आखिरी बार बातचीत की पेशकश की है ताकि गतिरोध समाप्त हो और डॉक्टर काम पर वापस आ सकें क्योंकि स्वास्थ्य सेवाएं बाधित हो रही हैं। इसके अलावा हमारे यहां बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो रही है और डॉक्टरों की सेवाओं की आवश्यकता होगी...कोई भी पक्ष बैठकर लोगों को इस तरह से पीड़ित होते नहीं देख सकता...इसलिए मैंने मुख्य सचिव से डॉक्टरों को आमंत्रित करने को कहा ताकि हम समाधान पर पहुंच सकें। जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें तत्काल समाधान की उम्मीद है तो उन्होंने कहा, मुझे समाधान की उम्मीद है...दोनों पक्षों को खुले दिमाग से बैठकर मुद्दों को सुलझाना चाहिए। डॉक्टरों द्वारा कार्यवाही की लाइव स्ट्रीमिंग या कम से कम वीडियोग्राफी की मांग के बाद दो बार वार्ता विफल हो गई थी, जिसकी सरकार ने अनुमति नहीं दी थी। इसके बाद डॉक्टरों ने शनिवार को वार्ता के मिनट्स की हस्ताक्षरित प्रतियों के आदान-प्रदान की मांग की, जिस पर सरकार सहमत हो गई लेकिन जब तक दोनों पक्ष मुद्दों पर सहमत हुए तब तक बहुत देर हो चुकी थी और डॉक्टरों को अपने धरना स्थल पर वापस लौटना पड़ा। सोमवार की सुबह मुख्य सचिव मनोज पंत की ओर से डॉक्टरों को बातचीत के लिए आमंत्रित करने के लिए एक पत्र आया, जिस पर वे सहमत तो हुए, लेकिन इस शर्त के साथ कि उन्हें मिनट्स रिकॉर्ड करने के लिए दो पेशेवर स्टेनोग्राफरों के साथ अंदर जाने की अनुमति दी जाएगी। इस बीच संबंधित घटनाक्रम में आरजी कर मुद्दे ने कोलकाता पुलिस बल को भी प्रभावित किया, जब केंद्रीय जांच ब्यूरो ने घटनास्थल पर साक्ष्य नष्ट करने में कथित मिलीभगत के लिए ताला पुलिस स्टेशन के प्रभारी अधिकारी (एसएचओ) अभिजीत मंडल को गिरफ्तार किया।

### इंडिया गुट..

केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा कि 1990 की तरह आज भी यहां आतंकवाद को मजबूत करने की कोशिशें की जा रही हैं। उन्होंने जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के फिर से पनपने को रोकने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि केवल भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार ही इस क्षेत्र में स्थायी शांति और सुरक्षा सुनिश्चित कर सकती है। रैली के अंत में अमित शाह ने मतदाताओं से सुरक्षित और विकसित जम्मू-कश्मीर के लिए भाजपा का समर्थन करने का आग्रह किया।

# भारत की अखंडता को नष्ट करना चाहते हैं नफरती लोग : मोदी

**भाषा।** अहमदाबाद




**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को आरोप लगाया कि नफरत और नकारात्मकता से भरे कुछ लोग भारत की एकता और अखंडता को नष्ट करना चाहते हैं। यह टिप्पणी कांग्रेस सांसद राहुल गांधी द्वारा अमेरिका में दिए गए विवादास्पद बयान की पृष्ठभूमि में आई है। नौ जून को लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए पदभार ग्रहण करने के बाद अपने गृह राज्य गुजरात के पहले दौरे पर आए मोदी ने अहमदाबाद में भुज-अहमदाबाद नमो भारत रैपिड रेल, पहली वंदे भारत मेट्रो सेवा और पांच वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाने सहित 8,000 करोड़ रुपए की विभिन्न परियोजनाओं की आधारशिला रखी या उद्घाटन किया। मोदी ने एक सभा को संबोधित करते हुए नाम लिए बिना कहा कि वे (विपक्ष) तुष्टिकरण की राजनीति के लिए किसी भी सीमा को पार कर सकते हैं। उन्होंने आरोप लगाया, नकारात्मकता से भरे कुछ लोग देश को बांटने के इरादे से भारत की एकता और अखंडता को निशाना बना रहे हैं। नफरत से भरे लोग भारत और गुजरात को बदनाम करने का कोई मौका नहीं छोड़ रहे हैं। मोदी ने कहा कि प्रधानमंत्री के रूप में उनके तीसरे कार्यकाल के पहले 100 दिनों में विपक्ष द्वारा उनका अपमान किया गया, उनका उपहास किया गया और उनका मखौल उड़ाया गया, लेकिन उन्होंने इस अवधि के दौरान सरकार के विकास एजेंडे को पूरा करने पर ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने कहा, जब हर भारतीय देश को आगे ले जाने का प्रयास कर रहा है, तब नकारात्मकता से भरे कुछ लोग देश की एकता और अखंडता को नष्ट करना चाहते हैं। वे देश को बांटना चाहते हैं। अमेरिका में राहुल गांधी की सिख समुदाय और आरक्षण संबंधी टिप्पणी और कांग्रेस के जम्मू कश्मीर में नेशनल कॉन्फ्रेंस के साथ चुनाव पूर्व गठबंधन को लेकर उठे विवाद के बीच मोदी ने कहा कि नफरत से भरे कुछ लोग देश को बदनाम करने का कोई मौका नहीं छोड़ रहे हैं। मोदी ने केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव के पहले चरण के दो दिन पहले कहा, आपने सुना है कि वे जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 को वापस लाना चाहते हैं, वे (चुनाव वाले) जम्मू कश्मीर में दो संविधान और दो कानून वापस लाना चाहते हैं। मोदी ने कहा कि (भाजपा नीत राजग सरकार के तीसरे कार्यकाल के) पहले 100 दिनों में, उन्होंने (विपक्ष ने) उनका मखौल उड़ाया, उनका उपहास किया और उनका अपमान किया। प्रधानमंत्री ने कहा, लोग मेरी चुप्पी से हैरान थे।

## भारत की सौर क्रांति का अध्याय 21वीं सदी के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा :पीएम

**गांधीनगर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि उनकी सरकार ने अपने तीसरे कार्यकाल के पहले 100 दिन में देश की तेज प्रगति के लिए हर क्षेत्र और कारक पर ध्यान देने की कोशिश की है। उन्होंने गांधीनगर में वैश्विक नवीकरणीय ऊर्जा निवेशक बैठक एवं प्रदर्शनी (री-इनवेस्ट 2024) के चौथे संस्करण को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि न केवल देशवासियों बल्कि पूरी दुनिया को लगता है कि भारत 21वीं सदी के लिए सबसे अच्छी जगह है। प्रधानमंत्री ने कहा, पहले 100 दिन (केंद्र सरकार के तीसरे कार्यकाल) में आप हमारी प्राथमिकताओं, गति और पैमाने को देख सकते हैं। हमने देश की तेज प्रगति के लिए जरूरी हर क्षेत्र और कारक पर ध्यान देने की कोशिश की है। मोदी ने कहा, भारत की विविधता, पैमाना, क्षमता, संभावना और प्रदर्शन अद्वितीय है और यही कारण है कि मैं वैश्विक अनुप्रयोग के लिए भारतीय समाधान कहता हूं। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत अगले 1,000 वर्षों के लिए वृद्धि का आधार तैयार कर रहा है और हमारा ध्यान केवल शीर्ष पर पहुंचने पर नहीं, बल्कि इस स्थान को बनाए रखने पर है। उन्होने कहा, दुनिया इसे बहुत अच्छी तरह से समझ रही है।

## नफरती भाषण के आरोप में भाजपा विधायक नीतेश राणे के खिलाफ मामला दर्ज

**भाषा।** ठाणे (महाराष्ट्र)

**नवी मुंबई में एक गणपति** कार्यक्रम में अपने भाषण के दौरान अल्पसंख्यक समुदाय को निशाना बनाने के आरोप में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विधायक नीतेश राणे के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा कि एक पुलिसकर्मी की शिकायत के आधार पर राणे और नवी मुंबई में गणपति कार्यक्रम के आयोजक के खिलाफ रविवार को एनआरआई थाने में मामला दर्ज किया गया। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि संकल्प घरात नामक संगठन ने बिना जरूरी अनुमति के उलवे में सात दिवसीय गणपति उत्सव का आयोजन किया था और राणे कार्यक्रम में मुख्य अतिथि थे। शिकायतकर्ता के अनुसार 11 सितंबर को कार्यक्रम के दौरान राणे ने अपने भाषण में कथित रूप से अल्पसंख्यक समुदाय को निशाना बनाया और लोगों को भड़काया। अधिकारी ने कहा कि भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धाराओं 302 (किसी व्यक्ति की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के इरादे से जानबूझकर बोलना), 351 (2) (आपराधिक धमकी), 352 (शांति भंग करने के इरादे से जानबूझकर अपमानित करना) और अन्य संबंधित प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## कांग्रेस ने जम्मू कश्मीर चुनाव के लिए घोषणा पत्र जारी किया

**भाषा।** श्रीनगर




**कांग्रेस पार्टी ने** जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए सोमवार को अपना घोषणा पत्र जारी किया, जिसमें किसानों, महिलाओं और युवाओं के लिए कई कल्याणकारी कदम उठाने का वादा किया गया है। घोषणापत्र-- हाथ बदलेगा हालात -- की मुख्य बातों में प्राकृतिक आपदाओं के खिलाफ सभी फसलों की बीमा का प्रावधान और सेब के लिए 72 रुपए प्रति किलोग्राम न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की गारंटी शामिल है। हाथ कांग्रेस पार्टी का चुनाव चिह्न है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के मुख्य प्रवक्ता पवन खेड़ा और प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रमुख तारिक हमीद कर्रा ने यहां पार्टी मुख्यालय में घोषणा पत्र जारी किया। खेड़ा ने कहा, हम भूमिहीनों, जोतदार और भू-स्वामी कृषक परिवारों को प्रति वर्ष 4,000 रुपए की अतिरिक्त वित्तीय सहायता मुहैया कराएंगे। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर में किसानों के लिए 100 प्रतिशत सिंचाई सुनिश्चित करने के लिए सभी जिला स्तरीय सिंचाई परियोजनाओं के लिए 2,500 करोड़ रुपए का कोष स्थापित किया जाएगा। घोषणा पत्र में, पार्टी ने जम्मू कश्मीर के योग्य युवाओं को एक साल के लिए 3,500 रुपए प्रति माह तक बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया गया है। पार्टी ने 30 दिनों के भीतर भर्ती कैलेंडर जारी कर एक लाख रिक्त सरकारी पदों को भरने का भी वादा किया है।


## भागवत ने संगठनात्मक बैठक में प्रचारकों से जानकारी ली

**जयपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ मोहन भागवत ने अलवर में अपने प्रवास के तहत सोमवार को संगठनात्मक बैठक की और प्रचारकों से जानकारी ली। बयान के अनुसार, भागवत आज संगठनात्मक बैठकों में व्यस्त रहे। बाद में उन्होंने दो सत्रों में संघ प्रचारकों से संघ के कार्य के बारे में फीडबैक (प्रतिक्रिया) लिया तथा संगठन के शताब्दी वर्ष को ध्यान में रखते हुए कार्य विस्तार एवं दृढ़ीकरण पर मार्गदर्शन किया। बयान के अनुसार, भागवत राजेंद्र नगर में गुरु गोविन्द सिंह विद्यार्थी शाखा में शामिल हुए। इसके अनुसार मंगलवार को भागवत



बालनाथ आश्रम में श्री महामृत्युंजय महायज्ञ में शामिल होंगे। वह वहां वृक्षारोपण भी करेंगे। संघ के प्रांत स्तर के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करने के बाद वह अलवर से दिल्ली के लिए रवाना होंगे।

### इसरो के पूर्व प्रमुख राधाकृष्णन 12 अक्टूबर को आरएसएस के विजयादशमी समारोह में मुख्य अतिथि होंगे



**नागपुर।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के पूर्व प्रमुख के. राधाकृष्णन 12 अक्टूबर को नागपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के वार्षिक विजयादशमी समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। यह जानकारी आरएसएस ने सोमवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट के माध्यम से दी। यह आरएसएस के सबसे महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में से एक होता है और समारोह को संघ प्रमुख मोहन भागवत संबोधित करते हैं। आरएसएस ने कहा कि कार्यक्रम का आयोजन 12 अक्टूबर को सुबह 7:40 बजे रेशमबाग मैदान में किया जाएगा।

### प्रधानमंत्री मोदी की ओडिशा यात्रा के लिए व्यापक इंतजाम किए गए

**भुवनेश्वर।** ओडिशा की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वागत के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी के 12 जून के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने के बाद यह प्रधानमंत्री की राज्य की पहली यात्रा है।प्रधानमंत्री मोदी इस यात्रा के दौरान महिलाओं के लिए राज्य सरकार की सामाजिक कल्याण योजना (सुभद्रा योजना) की शुरुआत करेंगे। प्रधानमंत्री कई अवसरंचना परियोजनाओं की भी शुरुआत करेंगे।

## नौसेना के शीर्ष कमांडर का सम्मेलन आज से

### चार दिनों तकसमुद्री सुरक्षा चुनौतियों की समीक्षा करेंगे

**भाषा।** नई दिल्ली

**नौसेना के शीर्ष** कमांडर मंगलवार से शुरू हो रहे चार दिवसीय सम्मेलन में हिंद महासागर में चीन की बढ़ती उपस्थिति समेत समुद्री सुरक्षा चुनौतियों की व्यापक समीक्षा करेंगे। कमांडर लाल सागर और आसपास के इलाकों की समग्र स्थिति पर भी विचार-विमर्श कर सकते हैं, जहां कुछ हफ्ते पहले तक हूती आतंकवादियों ने मालवाहक जहाजों पर कई हमले किए थे। सम्मेलन में परिचालन तैयारियों की व्यापक समीक्षा, नौसेना की क्षमता बढ़ाने की योजना पर चर्चा, स्वदेशीकरण के राष्ट्रीय दृष्टिकोण को बढ़ावा देने और नौसैनिक बलों की युद्धक दक्षता को साकार करने पर जोर दिया जाएगा। सरकार की सैन्य थिएटर बनाने की महत्वाकांक्षी योजना पर भी प्रमुखता से विचार-विमर्श किए जाने की संभावना है। नौसेना के कमांडर का सम्मेलन शीर्ष स्तर का द्विवार्षिक आयोजन है जिसमें महत्वपूर्ण रणनीतिक, परिचालन और प्रशासनिक मुद्दों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। कमांडर विवेक मधवाल ने कहा कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह राष्ट्रीय सुरक्षा और राष्ट्रीय अपेक्षाओं से संबंधित विषयों पर कमांडरों को संबोधित करेंगे। उन्होंने कहा कि सेना और वायु सेना के प्रमुखों के साथ प्रमुख रक्षाध्यक्ष तीनों सेनाओं के बीच सहयोग को बढ़ावा देने और सैन्य थिएटर गठित करने की दिशा में एकरूपता के लिए नौसेना अधिकारियों के साथ बातचीत करेंगे।

## परिसर में बीफ पकाने पर इंजीनियरिंग के सात छात्रों को छात्रावास से निकाला गया

**ब्रह्मपुर ( ओडिशा )।** ओडिशा के ब्रह्मपुर जिले में एक सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज के सात छात्रों को कथित तौर पर बीफ पकाने के लिए छात्रावास से निष्कासित कर दिया गया। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी।कॉलेज परिसर में बीफ पकाना प्रतिबंधित है। परला महाराजा इंजीनियरिंग कॉलेज के अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को एक आदेश जारी किया कि दो छात्रावासों के सात छात्रों को प्रतिबंधात्मक गतिविधियों में शामिल होने के कारण निष्कासित किया गया है। इन सात छात्रों में से एक छात्र पर दो हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया। अधिकारी ने बताया कि कॉलेज प्रशासन ने छात्रों के अभिभावकों को भी इस निर्णय से अवगत करा दिया है। अधिकारी के अनुसार, निष्कासित छात्रों ने बुधवार को छात्रावास के अपने कमरे में बीफ पकाया, जो संस्थान के नियमों का उल्लंघन था। उन्होंने कहा, कॉलेज के छात्रों के एक वर्ग ने इस घटना की ओर संस्थान के प्राचार्य का ध्यान आकर्षित किया। जांच के बाद छात्रों के खिलाफ कार्वाई की गई।

## कर्नाटक में धार्मिक स्थलों पर पथराव की घटनाओं के बाद दो शहरों में तनाव

**भाषा।** मंगलुरु (कर्नाटक)

**दक्षिण कन्नड़** जिले के कटिपल्ला शहर और बंटवाल क्रॉस (बीसी) रोड में धार्मिक स्थलों पर पथराव और दो समूहों के बीच झड़प की घटनाओं के बाद तनाव की स्थिति पैदा हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। ए दोनों घटनाएं पिछले सप्ताह मांड्या जिले में भगवान गणेश की मूर्ति के विसर्जन की शोभायात्रा के दौरान भड़की हिंसा के बाद हुई हैं। पुलिस सूत्रों ने बताया कि सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करने के आरोप में पुलिस ने आधा दर्जन लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के अनुसार सभी आरोपियों को अदालत में पेश किया गया है जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। उधर विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने मांड्या जिले के नागमंगला में 11 सितंबर को गणेश प्रतिमा के विसर्जन जुलूस पर पथराव की घटना के विरोध में सोमवार को यहां विरोध प्रदर्शन किया और आरोपियों पर सख्त कार्वाई की मांग की। पुलिस ने बताया कि मंगलुरु तहसील के कटिपल्ला कस्बे में पथराव की घटना रविवार देर रात लगभग 9.50 बजे हुई लेकिन त्वरितकार्वाई करके स्थिति को नियंत्रित कर लिया गया और इलाके में किसी अप्रिय घटना की खबर नहीं है। उसने बताया कि इस घटना में धार्मिक स्थल की खिड़कियों के शीशे टूट गए। पुलिस के मुताबिक, कथित पत्थरबाज दो मोटरसाइकिल पर सवार होकर आए थे। घटना के बाद मौके पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। राष्ट्रीय राजमार्ग- 75 से सटे बंटवाल तालुक के बीसी रोड कस्बे में सोमवार सुबह सोशल मीडिया मंचों पर दो समूहों के बीच भड़काऊबयान पोस्ट किए जाने के बाद तनाव व्याप्त हो गया। अधिकारियों ने कहा कि बंटवाल नगरपालिका परिषद के पूर्व अध्यक्ष मोहम्मद शरीफ के एक वॉइस मैसेज के बाद विश्व हिंदू परिषद (विहिप) और बजरंग दल के लोग बड़ी संख्या में जमा हुए। उन्होंने कहा कि शरीफ ने विहिप नेता शरण पंपवेल को चुनौती दी थी कि ईद-ए-मिलाद के जुलूस के दौरान उनके सामने आकर दिखाएं। दक्षिण कन्नड़ जिला पुलिस ने कहा कि इसके बाद एहतियातन बंटवाल के पूर्वी हिस्से में उप्पिनंगडी और पश्चिमी हिस्से में पनमंगलूरु में गश्त तेज कर दी। पुलिस के अनुसार, शरीफ और बंटवाल नगरपालिका के पार्षद मोहम्मद हसैनार के खिलाफ मामले दर्ज किए गए हैं। पुलिस ने बताया कि पंपवेल और बजरंग दल के नेता पुनीत अट्टावर के खिलाफ भी भड़काऊ बयान देने का मामला दर्ज किया गया है। बीसी रोड पहुंचे पंपवेल ने कहा कि उन्होंने (शरीफ की) चुनौती को स्वीकार किया है और हजारों हिंदूवादी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर आए हैं। सोशल मीडिया मंचों पर लगातार नजर रख रही मंगलुरु पुलिस भड़काऊ बयान देने वालों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है और मंगलुरु पुलिस आयुक्त अनुपम अग्रवाल पहले ही इस बारे में चेतावनी दे चुके हैं। इस बीच पुलिस महानिरीक्षक (पश्चिमी क्षेत्र) अमित सिंह ने प्रदर्शनकारियों से कानून व्यवस्था बनाए रखने की अपील की है। इस बीच, मुस्लिम युवाओं ने ईद-ए-मिलाद के तहत बीसी रोड पर मोटरसाइकिल रैली निकाली। इससे पहले बजरंग दल और अन्य हिंदूवादी संगठनों के नेताओं ने इलाके में तीन घंटे तक प्रदर्शन किया था।

### मंदसौर में धार्मिक जुलूस के दौरान व्यक्ति पर हमला , पुलिस बोली- स्थिति शांतिपूर्ण

**मंदसौर (मध्य प्रदेश)।** मध्यप्रदेश के मंदसौर शहर में सोमवार को उस समय तनाव की स्थिति पैदा हो गई, जब एक व्यक्ति ने दावा किया कि ईद मिलाद-उन-नबी के अवसर पर निकाले गए जुलूस के दौरान पथराव और लाठियों से किए गए हमले में वह घायल हो गया। पुलिस अधीक्षक (एसपी) अभिषेक आनंद ने संवाददाताओं को बताया कि व्यक्ति ने कोतवाली थाने में दर्ज कराई शिकायत में दावा किया कि जुलूस के दौरान पथराव और लाठियों से हमले में वह घायल हो गया। उन्होंने कोई विवरण दिए बिना कहा, "हम उसका बयान दर्ज कर रहे है। एसपी ने बताया कि शहर में स्थिति नियंत्रण में है और शांतिपूर्ण है। उन्होंने लोगों से अनुरोध किया कि वे फोटो और वीडियो को बिना पुष्टि किए सोशल मीडिया पर अपलोड करने से बचें। मंदसौर से पूर्व विधायक और प्रदेश भाजपा प्रवक्ता यशपाल सिंह सिसोदिया ने दावा किया कि नेहरू बस स्टैंड के पास जुलूस के दौरान पथराव के कारण स्थिति तनावपूर्ण हो गई। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि इससे भगदड़ जैसी स्थिति पैदा हो गई और क्षेत्र के व्यापारियों को अपनी दुकानें और व्यावसायिक प्रतिष्ठान बंद करने पड़े। भाजपा नेता ने अधिकारियों से मंदसौर में शांति और सौहार्द सुनिश्चित करने को कहा। ईद मिलाद-उन-नबी पैगंबर मोहम्मद की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है।

### भारत एआई से सृजित होने वाली नई नौकरियों से लाभ उठाने को अच्छी स्थिति में: मेटा इंडिया

**नई दिल्ली।** भारत कृत्रिम मेधा (एआई) की वजह से आने वाली नई नौकरियों का लाभ उठाने के लिए अच्छी स्थिति में है। मेटा इंडिया की उपाध्यक्ष संध्या देवनाथन ने यह उम्मीद जताई है। उन्होने पीटीआई-भाषा के साथ साक्षात्कार में कहा कि उनका पक्का भरोसा है कि एआई अब भारत के लिए नए अवसरों के रास्ते खोलेगा। देवनाथन ने एआई और नौकरियों पर इसके प्रभाव के बारे में चल रही बहस पर टिप्पणी करते हुए कहा, मुझे लगता है कि भारत एआई के साथ आने वाली नई नौकरियों का लाभ उठाने के लिए अच्छी स्थिति मे है। उन्होंने कहा कि नौकरियो की प्रकृति बदल सकती है, हालांकि इससे नई तरह की नौकरियां तैयार होंगी। उन्होंने कहा कि एआई के चलते नई चीजे सामने आ सकती है... और यह एक देश के रूप में हमारे लिए नए अवसरों के रास्ते खोलेगा।

### वोग की ब्रांड एंबेसडर बनी तापसी पन्नू

**मुंबई।** वोग आईवियर ने अपने नवीनतम कलेक्शन के लॉन्च की घोषणा की है, जिसे प्रसिद्ध अभिनेत्री और ब्रांड एंबेसडर तापसी पन्नू के साथ मिलकर तैयार किया गया है। कलेक्शन में 5 ग्लैमरस मॉडल शामिल हैं, 3 सनग्लास और 2 ऑप्टिकल फ्रेम एक अनोखे और नए रंग, टर्कॉइज़ में हैं। इस रेंज में ओवरसाइज़्ड बटरफ्लाई, सिनुअस कैट आई और रेट्रो अनियमित जैसे कई आकार शामिल हैं जो हर मूड और अवसर के लिए उपयुक्त हैं। प्रत्येक आईवियर को विस्तार से ध्यान में रखकर तैयार किया गया है और इसमें कंट्रास्टिंग मेटल नोज़ ब्रिज और एक्सक्लूसिव डीबॉस्ड पैटर्न जैसे डेकोर एलिमेंट शामिल है। गुंजन सैगल, ब्रांड ग्रुप हेड . लग्ज़री, प्रीमियम और फास्ट फैशन ने कहा कि वोग आईवियर आत्म,अभिव्यक्ति को रेखांकित और मनाता रहता है।

### एनजीटी ने झारखंड पर 50,000 का जुर्माना लगाया

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने झारखंड मे गंगा प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण से संबंधित कार्यवाही मे सहायता करने मे विफल रहने पर झारखंड सरकार पर 50,000 रुपए का जुर्माना लगाया है। एनजीटी ने एक विशेष पीठ का गठन किया है, जिसका कार्य प्रत्एक राज्य और जिले मे गंगा प्रदूषण से निपटना है। इसमे ऐसे राज्य और जिले आते है, जहां से गंगा और उसकी सहायक नदियां बहती है। पिछले साल नवंबर मे एनजीटी ने पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के मुख्य सचिवों से गंगा प्रदूषण पर विशिष्ट जानकारी मांगी थी। राष्ट्रीय हरित अधिकरण के अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव की पीठ ने 6 सितंबर को सुनाए गए आदेश मे कहा, डिजिटल माध्यम के जरिए उपस्थित झारखंड राज्य के वकील ने कहा कि उनके पास फाइल नही है। वे अधिकरण की सहायता करने मे असमर्थ है। अधिकरण की सहायता के लिए झारखंड से कोई सक्षम अधिकारी मौजूद नही है। इसलिए, हमारे पास आज मामले को स्थगित करने के अलावा कोई विकल्प नही है।

### भगवान वाल्मीकि की तस्वीर को विकृत करने पर विरोध प्रदर्शन, एक गिरफ्तार

**फगवाड़ा।** वाल्मीकि समुदाय के सदस्यों ने सोमवार को यहां भगवान वाल्मीकि के चित्र को कथित रूप से विकृत किए जाने के विरोध में प्रदर्शन किया। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ धार्मिक भावनाएं भड़काने का मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार यह चित्र वाल्मीकि जयंती से पहले लगाए गए पोस्टर पर था। इस घटना के बाद वाल्मीकि समुदाय के लोगों ने प्रदर्शन किया।पुलिस अधीक्षक रूपिंदर कौर भट्टी ने घटना में शामिल लोगों को गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया जिसके बाद प्रदर्शन समाप्त हुआ।

## विवक न्यूज

### दोपहिया वाहनों पर फलस्तीनी झंडा लगाकर घूमने के आरोप में छह लड़के हिरासत में

**चिक्कमगलुरु (कर्नाटक)।** कर्नाटक के चिक्कमगलुरु में फलस्तीनी झंडा लगाकर कथित तौर पर दोपहिया वाहन चलाने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद छह नाबालिगों को हिरासत में लिया गया। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि घटना रविवार को यहां चिक्कमगलुरु कस्बे में दंतामक्की मार्ग पर दोपहर करीब एक बजे की है। पुलिस के मुताबिक, हिरासत में लिए गए छह लड़के दोपहिया वाहन पर थे और उनमें से सबसे पीछे बैठा 17 वर्षीय लड़का फलस्तीनी झंडा कथित तौर पर पकड़कर लहरा रहा था जबकि उसके तीन अन्य साथी दूसरी मोटरसाइकिल पर उनके पीछे-पीछे चल रहे थे। पुलिस ने बताया कि वे आजाद फलस्तीन के नारे लगा रहे थे। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, हमने घटना में शामिल सभी छह लड़कों को पकड़ लिया है। वे सभी नाबालिग हैं। हमने सांप्रदायिक सद्भाव को बिगाड़ने सहित भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत एक मुकदमा दर्ज कर लिया है। झंडे के साथ दोनों वाहनों को भी जब्त कर लिया गया है। अधिकारी के मुताबिक, पूछताछ के दौरान लड़कों ने बताया कि उन्होंने उत्तर प्रदेश में जुलूस के कुछ वीडियो देखे थे, जिसमें लोग फलस्तीनी झंडा लेकर चल रहे थे इसलिए वे भी इंस्टाग्राम पर उसी तरह की रील बनाना चाहते थे। इससे पहले दिन में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व राष्ट्रीय महासचिव और विधान परिषद सदस्य सी टी रवि ने आरोप लगाया था कि कल (रविवार) एक रैली निकाली गई, जिसमें 20 से ज्यादा दोपहिया वाहनों और एक चौपहिया वाहन पर फलस्तीनी झंडा लगा हुआ था।

### सारण में चांद-तारे वाले तिरंगा फहराने के आरोप में दो लोग हिरासत में लिए गए

**सारण।** बिहार के सारण जिले की पुलिस ने सोमवार को ईद मिलाद-उन-नबी जुलूस के दौरान अशोक चक्र की जगह चांद और तारे वाला तिरंगा ध्वज फहराने के आरोप में दो लोगों को हिरासत में लिया है। सारण पुलिस ने एक बयान में बताया कि सोशल मीडिया के माध्यम से एक वीडियो मिला है जिसमें तिरंगे झंडे में अशोक चक्र के स्थान पर चांद तारा बना हुआ है और यह भारतीय ध्वज संहिता 2002 सहित कई कानूनों का उल्लंघन है। सारण के पुलिस अधीक्षक (एसपी) कुमार आशीष ने बताया कि कोपा थाना अंतर्गत ईद मिलाद-उन-नबी के जुलूस के दौरान कथित रूप से इस तरह का झंडा फहराने के मामले में पुलिस टीम ने त्वरित कार्वाई करते हुए एक पिकअप वाहन समेत झंडे को जब्त कर लिया है और दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। उन्होंने कहा कि जिसने उन्हें यह झंडा बनाकर दिया है, पुलिस उसकी भी तलाश कर रही है। बयान में पुलिस ने बताया कि इस बाबत संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और अग्रिम कार्वाई की जा रही है।

### छत्तीसगढ़ की छात्रा को राहतः बंबई उच्च न्यायालय ने कश्मीर छात्रों के कोटे से प्रवेश देने को कहा

**मुंबई।** बम्बई उच्च न्यायालय ने मुंबई विश्वविद्यालय को छत्तीसगढ़ की एक छात्रा को जम्मू कश्मीर के विद्यार्थियों के लिए आरक्षित अतिरिक्त कोटे के तहत प्रवेश देने के निर्देश दिए है। छात्रा दुर्घटना के कारण प्रवेश पाने मे असफल रही थी। विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर एक्सीलेंस इन बेसिक साइंस (सीईबीएस) द्वारा आयोजित काउंसलिंग मे शामिल नही हो पाने पर छात्रा को दाखिला नही मिल सका था। अपनी याचिका मे उसने कहा कि दो दिन पहले वह एक दुर्घटना के कारण चलने मे असमर्थ थी। न्यायमूर्ति जी. एस. कुलकर्णी और न्यायमूर्ति सोमशेखर सुंदरेशन की खंडपीठ ने 12 सितंबर के अपने आदेश मे कहा कि लाम्या खुर्शीद सिद्दीकी का शैक्षणिक इतिहास उत्कृष्ट है और उसने इस पाठ्यक्रम के लिए आयोजित राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षा में 98 प्रतिशत अंक प्राप्त किए थे। उच्च न्यायालय ने कहा, हम नही मानते कि किसी असाधारण स्थिति मे ऐसी सत्यापन प्रक्रिया मे भाग लेने मे असमर्थता के कारण किसी प्रतिभाशाली छात्र की शैक्षणिक संभावनाओ को गंभीर नुकसान पहुंचने दिया जाना चाहिए। अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ता ने अपनी 12वी कक्षा की परीक्षा पूरी करने के बाद राष्ट्रीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, भुवनेश्वर (एनआईएसईआर) और सीईबीएस द्वारा संचालित पांच वर्षीय एकीकृत मास्टर ऑफ साइंस पाठ्यक्रम मे प्रवेश को राष्ट्रीय प्रवेश स्क्रीनिंग परीक्षा के लिए पंजीकरण कराया था। उसने राष्ट्रीय स्तर पर 491वी रैंक हासिल की, जिससे वह पाठ्यक्रम के लिए योग्य हो गई। याचिकाकर्ता को एनआईएसईआर मे प्रवेश नही मिल सका। अगस्त मे, उसे सीईबीएस से एक ईमेल प्राप्त हुआ जिसमे उसे काउंसलिंग मे भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया था।

### ग्रीव्स इलेक्ट्रिक देगा लाभ

**नई दिल्ली।** ग्रीव्स इलेक्ट्रिक मोबिलिटी ने अपनी 3 सब्सिडिएरी के माध्यम से घोषणा की है कि जबरदस्त मांग और श्रेणी में सबसे बढ़िया फीचर्स को लेकर ग्राहकों की जबरदस्त प्रतिक्रिया को देखते हुए इसका इलेक्ट्रिक 3.व्हीलर यात्री वाहन, ग्रीव्स एल्ट्रा सिटी अब 3,66,999 रुपये की किफायती कीमत पर उपलब्ध है। एल्ट्रा सिटी में आराम, दक्षता और इनोवेशन को सबसे अधिक महत्व दिया गया है और यह इस साल की शुरुआत में लॉन्च होने के बाद से ही यात्रियों और ड्राइवरों दोनों के लिए एव्रीथिंग एक्स्ट्राश के अपने वादे को पूरा कर रहा है। एल्ट्रा सिटी एक बार चार्ज करने पर लगभग 160 किलोमीटर तक चलती है, जो सेगमेंट में अग्रणी फीचर है। हाल ही मेंए ग्रीव्स की एल्ट्रा सिटी ने सिंगल चार्ज पर सबसे लंबी यात्रा का रिकॉर्ड सफलतापूर्वक बनाया है। एल्ट्रा सिटी ने बैंगलोर से मैसूर तक 225 किलोमीटर की प्रभावशाली दूरी तय की। यह यात्रा वाहन के इको मोड में आयोजित की गईए जो ग्राहकों को यह दिखाने के लिए महत्वपूर्ण है कि रेंज प्रदर्शन को अधिकतम कैसे किया जाए और रेंज विसंगतियों से किसी भी संभावित असंतोष को कैसे कम किया जा सकता है। जीईएमपीएल को ग्रीव्स कॉटन लिमिटेड की 163 वर्षों से अधिक की विरासत और व्यापक नेटवर्क का सपोर्ट हासिल है और इसका लक्ष्य ईरिक्शा स्वामित्व के अनुभव को बेहतर बनाना है। यह ग्राहकों को शानदार अनुभव देने के साथ ही उनकी संतुष्टि के लिए बेजोड़ ऑफ्टर.सेल्स सपोर्ट मुहैया करा रही है।

### कार्यस्थल पर उत्पीड़न : कर्नाटक महिला आयोग ने योजना बनाने के लिए 15 दिन का समय दिया

**बेंगलुरु।** कर्नाटक राज्य महिला आयोग ने सोमवार को कन्नड़ फिल्म चैबर से यौन उत्पीड़न के खिलाफ एक समिति गठित करने के लिए कार्ययोजना पेश करने को कहा या फिर कारण बताने को कहा कि ऐसा करना क्यो संभव नही है। इस संबंध मे हुई बैठक मे शामिल कर्नाटक फिल्म चैबर ऑफ कॉमर्स (केएफसीसी) के निदेशक एन एम सुरेश और फिल्मकार कविता लंकेश ने चैबर को दिए गए आयोग के निर्देश की पुष्टि की। राज्य महिला आयोग के निर्देशानुसार, कुछ दिन पहले केएफसीसी द्वारा महिला कलाकारो के साथ बुलाई गई बैठक मे, कलाकारो को पीओएसएच (कार्यस्थल पर महिलाओ के यौन उत्पीड़न की रोकथाम) समिति गठित करने के लिए कार्ययोजना बनाने या ऐसा न कर पाने के कारण बताने के लिए 15 दिन का समय दिया गया था। फिल्म इंडस्ट्री फॉर राइट्स एंड इक्वैलिटी (एफआईआरई) की अध्यक्ष लंकेश ने कहा, यह फिल्म उद्योग मे महिलाओ को न्याय दिलाने की लड़ाई मे एक छोटा कदम है। आज वाकई ऐसा लगा कि हम इस छोटे से लाभ के लिए भी लड़ाई लड़ रहे है। लंकेश बैठक मे मौजूद थी।

### बीएमडब्ल्यू ने नवाचार पर दिया जोर

**मुंबई।** बीएमडब्ल्यू इंडिया ने भारत में रीटेल नेक्स्ट डीलरशिप के शुभारंभ की घोषणा की है। रीटेल नेक्स्ट में नए सिरे से सोची गई सेवाएं और सुविधाएं होंगी जोकि आधुनिक जरूरतों को पूरा करेंगी और यहां शानदार अनुभव मिलेगा। रीटेल नेक्स्ट को 36 महीनों में 33 शहरों में 56 फैसिलिटीज में लाया जाएगा। विक्रम पावाह प्रेसिडेंट एवं चीफ एक्जीक्यूटिव आफिसर बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने कहा कि बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया में हम लग्जरी अनुभव को नए अंदाज में पेश कर रहे हैं। रीटेल नेक्स्ट की पेशकश के साथ हम सिर्फ अनुभव को बेहतर ही नहीं बना रहे हैं बल्कि उसे बदल रहे हैं। बीएमडब्ल्यू डीलरशिप में हर बार आने पर आपको एक अनोखी दुनिया में आने का अहसास होगा, आप खुद को ऐसे स्पेस में पाएंगे जहां आधुनिकता, प्रगति और वाकई में लग्जरी अहसास मिलेगा। रीटेल नेक्स्ट डीलरशिप्स को फिजिटल् इनोवेशंस से ग्राहकों को शानदार अनुभव देने के लिए डिजाइन किया गया है। भारत में रीटेलण्नेक्स्ट को लाने के लिए 3 सालों में उल्लेखनीय निवेश कर रहे हैं। रीटेलण्नेक्स्ट लग्जरी ऑटोमोटिव सेगमेंट में ऑटोमोटिव रिटेल के अनुभव को नए सिरे से पेश करेगा। बीएमडब्ल्यूंडिया ने गुरूग्राम में बर्ड ऑटोमोटिव के रीटेल नेक्स्ट शोरूम के शुभारंभ की घोषणा की है।

### इलेक्ट्रिक तिपहिया में मिलेगी छूट

**नोएडा।** दुनिया की सबसे वैल्यूअबल टू व्हीलर और थ्री व्हीलर कंपनी बजाज ऑटो लिमिटेड ने अपने नए इलेक्ट्रिक तिपहिया वाहन आरई-टी-ईसी 9.0 पर त्योहार से पहले का खास ऑफर दिया है। इस सीमित समय के ऑफर के तहत यूपी में हर खरीदारी पर 15,000 का फ्लैट कैश डिस्काउंट पा सकते हैं। इसके अलावा ई.रिक्शा एक्सचेंज पर 7,500 का अतिरिक्त डिस्काउंट मिलेगा। जिससे कुल बचत 22,500 तक हो सकती है। शहरी परिवहन को नए सिरे से परिभाषित करने के लिए तैयार किया गया आरई-टी-ईसी 9.0 इलेक्ट्रिक तिपहिया वाहन को विश्वसनीयता और उत्कृष्ट परफॉर्मेंस के लिए डिज़ाइन किया गया है। एक चार्ज पर 178 किमी की शानदार रेंज के साथ, यह ऑटो ड्राइवरों और फ्लीट ऑपरेटर्स के लिए एक आदर्श विकल्प है जो प्रभावीए किफायती और भरोसेमंद सवारी की तलाश में हैं। मजबूत ऑल.मेटल बॉडी के साथ बनाया गया यह इलेक्ट्रिक तिपहिया वाहन सड़क पर लंबे समय तक चलने और मुश्किल परिस्थितियों में भी मजबूती से टिके रहने के लिए बनाया गया है, जिससे रिस्क फ्री सवारी सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित होती है। आरई-टी-ईसी 9.0 में उद्योग की पहली कॉम्प्रिहेन्सिव 5 साल की वारंटी या 1.2 लाख किमी तक की बैटरी वारंटी भी शामिल है, जो टेक्नोलॉजी की लंबी उम्र को लेकर किसी भी चिंता को दूर करती है।

# गाजा में इजराइली हवाई हमलों में 16 की मौत

## चार बच्चों भी शामिल

भाषा। यरूशलेम

**इजराइली हवाई** हमलों में गाजा पट्टी में 16 लोग मारे गए हैं, जिनमें पांच महिलाएं और चार बच्चे शामिल हैं। फलस्तीनी अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सोमवार को तड़के हुए हमले में मध्य गाजा स्थित नुसेरात शरणार्थी शिविर में एक घर ध्वस्त हो गया, जिसमें चार महिलाओं और दो बच्चों सहित कम से कम 10 लोग मारे गए। अवादा अस्पताल (जहां शव लाए गए) ने मृतकों की संख्या की पुष्टि की और बताया कि 13 अन्य लोग घायल हुए हैं। अस्पताल के रिकॉर्ड से पता चलता है कि मृतकों में एक महिला, उसका बच्चा और उसके पांच भाई-बहन शामिल हैं। हमास द्वारा संचालित सरकार के तहत काम करने वाले प्रथम प्रतिक्रिया दल, सिविल डिफेंस के अनुसार गाजा शहर में एक घर पर हुए एक अन्य हमले में एक महिला और दो बच्चों सहित छह लोगों की मौत हो गई। वहीं गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय का कहना है कि इस युद्ध (इजराइल-हमास) में अबतक 41,000 से अधिक फलस्तीनी मारे गए हैं।



## हैतीः टैंकर ट्रक में विस्फोट में मरने वालों की संख्या बढ़कर 26 हुई

पोर्ट ऑ प्रिंस। दक्षिणी हैती में बीते सप्ताहांत पेट्रोल ले जा रहे एक टैंकर ट्रक में विस्फोट होने की घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर 26 हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। ले नोवेलिस्टे समाचार पत्र ने नागरिक सुरक्षा अधिकारियो के हवाले से रविवार को एक खबर मे बताया कि कम से कम 40 अन्य लोग घायल हुए है और उनमे से छह लोगो को राजधानी पोर्ट-ऑ-प्रिंस मे स्थानांतरित कर दिया गया है।खबर के मुताबिक, अधिकारियो ने गंभीर रूप से झुलसे 12 अन्य लोगो को भी स्थानांतरित करने की योजना बनाई है। हैती की नागरिक सुरक्षा एजेंसी ने सोमवार तक घटना पर किसी तरह की कोई टिप्पणी नही की है। शनिवार को दक्षिणी तटीय शहर मीरागोआने में ट्रक पलट जाने के कारण यह विस्फोट हुआ।

## यमन के हूती विद्रोहियों ने अमेरिका निर्मित एमक्यू-9 रीपर ड्रोन को मार गिराया

**दुबई।** यमन के हूती विद्रोहियों ने सोमवार को अमेरिका निर्मित एक और एमक्यू-9 रीपर ड्रोन को मार गिराने का दावा किया। इस घटना का कथित वीडियो ऑनलाइन प्रसारित हुआ है, जिसमें सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल को हमला करते और जमीन पर बिखरा जलते ड्रोन का मलबा देखा जा सकता है। अमेरिकी सेना ने यमन के दक्षिण-पश्चिमी धमार प्रांत में हूती विद्रोहियों द्वारा ड्रोन को मार गिराए जाने के दावे पर टिप्पणी के अनुरोध का तुरंत जवाब नहीं दिया। हूती विद्रोहियों ने गाजा पट्टी में इजराइल-हमास युद्ध के विरोध में लाल सागर में जहाजों को निशाना बनाकर किए जा रहे हमलों के संबंध में अतीत में बढ़ा-चढ़ाकर दावे किए है। हालांकि, ऑनलाइन प्रसारित वीडियो ने उनके दावे को बल दिया है, क्योंकि हूती विद्रोहियों द्वारा पिछले दिनों किए गए दोनों हमलों के बारे में कोई सबूत उपलब्ध नहीं कराया गया था। अन्य वीडियो में सशस्त्र विद्रोहियों को जलते ड्रोन के मलबे के चारों ओर एकत्र होते दिखाया गया है। आग की लपटों में सशस्त्र ड्रोन का इस्तेमाल किए गए प्रोपेलर के समान ही प्रोपेलर नजर आ रहा है। हूती विद्रोहियों के प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल याह्या सारी ने वीडियो में दिखाए गए ड्रोन की पहचान एमक्यू-9 के रूप में की। हालांकि, उन्होंने इस बात का विवरण नहीं दिया कि वह इस निष्कर्ष पर कैसे पहुंचे।

# अमेरिकाः ब्रुकलिन स्टेशन पर पुलिस की गोलीबारी में चार लोग घायल

**न्यूयॉर्क (अमेरिका)।** अमेरिका के ब्रुकलिन स्टेशन पर रविवार को अधिकारियों ने चाकू लेकर घूम रहे एक संदिग्ध को काबू में करने के लिए गोलीबारी की। संदिग्ध पर की गई गोलीबारी में अनजाने में यात्रियों को भी गोलियां लग गईं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि घटना में संदिग्ध व्यक्ति, एक पुलिस अधिकारी समेत दो अन्य लोग घायल हो गए। उन्होंने बताया कि किराया नहीं चुकाने को लेकर पुलिस अधिकारियों ने जब व्यक्ति को रोका तो उसने अधिकारियों की ओर चाकू दिखाकर उन्हें धमकी दी। उन्होंने बताया कि 49 वर्षीय एक यात्री को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया। गोली व्यक्ति के सिर में लगी है। एक यात्री द्वारा पोस्ट किए गए एक वीडियो में गोलीबारी के दौरान दहशत में यात्री इधर-उधर भागते नजर आ रहे हैं। जब पुलिस घायलों की मदद के लिए पहुंची तो अचानक एक पुलिसकर्मी को एहसास हुआ कि उसे भी गोली लग गई है। अंतरिम पुलिस आयुक्त थॉमस डोनलॉन ने मामले में गहन जांच का वादा किया और घटना के लिए पूरी तरह से आरोपी को जिम्मेदार ठहराया। डोनलॉन सिर्फ शुक्रवार के लिए पुलिस आयुक्त का कार्यभार संभाल रहे थे। विभाग के प्रमुख जेफ्री मैड्रे ने कहा, घटना सटर एवेन्यू स्टेशन के प्लेटफॉर्म पर दोपहर तीन बजे के बाद हुई। उन्होंने कहा, अधिकारियों ने जब किराया नहीं चुकाने को लेकर संदिग्ध को रोका तो उसने उनकी ओर चाकू लहराया। उसने अधिकारियों को धमकी देते हुए कहा कि अगर उन्होंने उसका पीछा करना नहीं छोड़ा तो वह उन सभी मार डालेगा। उन्होंने बताया कि 37 वर्षीय व्यक्ति को निशाना बनाकर कई बार गोलियां चलाई गईं, लेकिन वे उसे पकड़ नहीं पा रहे थे। आखिरकार पुलिस की गोली लगने से व्यक्ति घायल हो गया, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उसकी हालत स्थिर है। इस घटना में 26 वर्षीय एक महिला भी घायल हुई है।



## कनाडा में उत्तरी ब्रिटिश कोलंबिया के तट पर आए दो भूकंप

**वैंकूवर (कनाडा)।** कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत के उत्तरी तट पर रविवार को दो भूकंप आए जिनमें से एक की तीव्रता 6.5 मापी गई। इन भूकंपों के कारण जान माल का कोई नुकसान होने की फिलहाल कोई खबर नही मिली है। अमेरिकी भूगर्भीय सर्वेक्षण ने बताया कि पहले आए भूकंप की तीव्रता 6.5 मापी गई जो स्थानीय समयानुसार अपराह्न तीन बजकर 20 मिनट पर आया। उसने बताया कि इसका केंद्र वैंकूवर से लगभग।,720 किलोमीटर उत्तर में स्थित हैदा ग्वाई द्वीपसमूह के पास 33 किलोमीटर की गहराई में था। प्राकृतिक संसाधन कनाडा ने बताया कि लगभग एक घंटे बाद उसी क्षेत्र मे 4.5 तीव्रता का दूसरा भूकंप आया। अमेरिकी सुनामी चेतावनी केंद्र ने बताया कि इन भूकंपों के कारण सुनामी आने का कोई खतरा नही है और किसी प्रकार का नुकसान होने की कोई खबर नही मिली है।

## सिंगापुर के मंत्री ने इस दिवाली समारोहों के जरिए एकता का आह्वान किया

**सिंगापुर।** सिंगापुर के वरिष्ठ मंत्री तियो ची हीन ने अपने दिवाली संदेश में देशवासियों से एकता और मानवता की साझा भावना को बढ़ावा देने के लिए सभी समुदायों के त्योहारों में भाग लेने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि दिवाली का त्योहार अंधकार पर प्रकाश की जीत का त्योहार है। उन्होंने कहा कि इस त्योहार का न सिर्फ हिंदुओं के लिए धार्मिक महत्व है बल्कि इसमे एक सार्वभौमिक संदेश भी है जिसे हर कोई अपना सकता है। द स्ट्रेट टाइम्स ने तियो के हवाले से लिखा, ऐसा करके हम आपसी समझ के ऐसे संबंध बनाते है जो जाति, धर्म और संस्कृति की सीमाओ से परे होते है। सिंगापुर के लिटिल इंडिया परिसर मे 14 सितंबर से 17 नवंबर तक दीपमाला कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। रोशनी का यह कार्यक्रम 31 अक्टूबर को मनाए जाने वाले दिवाली के त्योहार से जुड़े समारोहो का हिस्सा है।

## बीबीसी के पूर्व समाचार प्रस्तोता को निलंबित सजा

**लंदन।** ब्रिटेन मे एक समय सबसे प्रमुख मीडिया हस्तियो मे शामिल रहे बीबीसी के पूर्व समाचार प्रस्तोता ह्यू एडवर्ड्स को फोन मे बाल यौन शोषण से संबंधित तस्वीरें रखने के मामले मे सोमवार को निलंबित जेल की सजा सुनाई गई।एडवर्ड्स (63) ने जुलाई मे वेस्टमिंस्टर मजिस्ट्रेट अदालत में बच्चों की अश्लील तस्वीरें रखने के तीन मामलो मे दोष स्वीकार किया था। आरोप व्हाट्सऐप पर उन्हे भेजी गई तस्वीरो से संबंधित था, जो बाल यौन शोषण की तस्वीरें वितरित करने के दोषी एक व्यक्ति द्वारा भेजी गई थी।मुख्य मजिस्ट्रेट पॉल गोल्डसप्रिंग ने एडवर्ड्स को छह महीने की जेल की सजा सुनाई, जिसे दो साल के लिए निलंबित कर दिया गया।

# पापुआ न्यू गिनी में हुई हिंसा में 20 से 50 लोग मारे गए

## संयुक्त राष्ट्र अधिकारी ने दी जानकारी

भाषा। मेलबर्न

**पापुआ न्यू गिनी** में अवैध खननकर्ताओं के बीच हिंसा में 20 से 50 लोग मारे गए हैं। संयुक्त राष्ट्र के एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। दक्षिण प्रशांत द्वीपीय राष्ट्र की सरकार के अनुसार यह हिंसा कुछ दिन पहले शुरू हुई थी और पोर्गेरा घाटी में अब भी जारी है। यह जगह मई में हुए भूस्खलन वाले स्थान के पास स्थित है, जिसमें दो हजार से अधिक लोगों की मौत हो गई थी। पापुआ न्यू गिनी के लिए संयुक्त राष्ट्र के मानवीय सलाहकार मेट बागोसी ने कहा कि रविवार तक कम से कम 20 लोगों की मौत की जानकारी एंगा प्रांत में समुदाय के सदस्यों और स्थानीय अधिकारियों से प्राप्त हुई है। बागोसी ने एसोसिएटेड प्रेस को बताया, "अब तक पुष्टि हुई है कि कम से कम 20 लोग मारे गए हैं, लेकिन मेरे पास जो खबर है, उसके अनुसार यह संख्या 50 तक हो सकती है।उन्होंने बताया कि हिंसा जारी है। बागोसी ने सेना और पुलिस का जिक्र करते हुए कहाआज कुछ सुरक्षा कर्मियों ने इलाके में प्रवेश करना शुरू कर दिया है... इसलिए यह देखना बाकी है कि इसका क्या प्रभाव होगा। बागोसी के पास घायलों की संख्या के बारे में जानकारी नहीं थी। राष्ट्रीय पुलिस आयुक्त डेविड मैनिंग ने कहा कि क्षेत्र में हिंसा बढ़ने के बाद शनिवार को आपातकाल घोषित कर दिया गया तथा निवासियों एवं बुनियादी ढांचे की सुरक्षा के लिए पुलिस को तैनात किया गया है। मैनिंग ने एक बयान में कहा, "अवैध खननकर्ताओं और अवैध प्रवासियों के कारण स्थिति खराब हुई है, जो पारंपरिक भूस्वामियों को निशाना बना रहे हैं और स्थानीय समुदायों को आतंकित करने के लिए हिंसा कर रहे हैं। हिंसा के कारण निकटवर्ती न्यू पोर्गेरा स्वर्ण खदान ने कम से कम बृहस्पतिवार तक अपना अधिकांश परिचालन रोक दिया है। न्यू पोर्गेरा के महाप्रबंधक जेम्स मैकटियरन ने रविवार को एक बयान में कहा, "पिछले 24 घंटों में हिंसा में वृद्धि ने हमारे कई स्थानीय कर्मचारियों को प्रभावित किया है। घरों को नष्ट कर दिया गया है, परिवार और दोस्त घायल हो गए हैं या मारे गए हैं, और लोग डर के साए में हैं। उन्होंने कहा, "मैं इन विनाशकारी घटनाओं से बेहद दुखी हूं और आशा करता हूं कि सरकार जल्द ही घाटी में शांति बहाल करेगी। जनजातीय संघर्ष पापुआ न्यू गिनी की अहम समस्या है और यह एंगा में भी व्याप्त है, जहां 24 मई को भारी भूस्खलन में सैकड़ों ग्रामीणों के दब गए थे। संयुक्त राष्ट्र ने अनुमान लगाया था कि उस भूस्खलन में 670 ग्रामीण मारे गए थे, जबकि पापुआ न्यू गिनी सरकार ने कहा था कि 2,000 से अधिक लोगों की मौत हुई है।



## तालिबान ने अफगानिस्तान में पोलियो टीकाकरण अभियान रोका : संयुक्त राष्ट्र

**दुबई।** तालिबान ने अफगानिस्तान में पोलियो टीकाकरण अभियान रोक दिया है। संयुक्त राष्ट्र ने सोमवार को यह जानकारी दी। अफगानिस्तान और पाकिस्तान ही केवल दो ऐसे देश हैं, जहां पोलियो पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है। सितंबर में टीकाकरण अभियान शुरू होने से ठीक पहले इसे रोकने की खबर संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों को दी गई है और इसके पीछे किसी कारण भी उल्लेख नहीं किया गया है। तालिबान सरकार की तरफ से इस बारे में तत्काल कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा कि उन्हें घर-घर जाकर टीकाकरण करने के बजाय मस्जिदों जैसे स्थानों पर टीकाकरण करने की चर्चाओं की जानकारी मिली है।

# एमी अवॉर्ड्स में द बीयर ने सर्वश्रेष्ठ हास्य अभिनेता समेत चार पुरस्कार जीते

भाषा। लॉस एंजिलिस (अमेरिका)

**मनोरंजन की दुनिया** के प्रतिष्ठित पुरस्कार समारोह एमी में रविवार रात को द बीयर ने जलवा बिखेरा और उसने सर्वश्रेष्ठ अभिनेता, सर्वश्रेष्ठ सह-अभिनेता और सह-अभिनेत्री समेत हास्य सीरीज की श्रेणी में चार पुरस्कार जीते। जेरेमी एलेन व्हाइट ने लगातार दूसरे साल सर्वश्रेष्ठ हास्य अभिनेता का पुरस्कार जीता और एबॉन मॉस बाचराच ने सर्वश्रेष्ठ हास्य सह-अभिनेता का पुरस्कार दोबारा जीता। लीजा कॉलोन जायस ने सर्वश्रेष्ठ हास्य सह-अभिनेत्री का एमी पुरस्कार अपने नाम किया। द बीयर के निर्माता क्रिस्टोफर स्टोरर ने हास्य श्रृंखला श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार हासिल किया। इस पुरस्कार समारोह की मेजबानी यूजीन और डैन लेवी की पिता-पुत्र की जोड़ी ने की। जीन स्मार्ट ने हैक्स के लिए सर्वश्रेष्ठ हास्य अभिनेत्री का पुरस्कार जीता। वह हैक्स के सभी तीनों सीजन के लिए यह पुरस्कार जीत चुकी हैं और कुल छह एमी पुरस्कार अपने नाम कर चुकी हैं। एमी पुरस्कारों में एफएक्स के कार्यक्रम शोगुन ने भी धूम मचाई और कई पुरस्कार जीते। यह सीरीज क्रिएटिव आर्ट्स समारोह में 14 पुरस्कार जीत चुकी है। इसके बाद द क्राउन के छठे और अंतिम सीजन ने भी पुरस्कार जीते। इस सीरीज में प्रिंसेज डायना का किरदार निभाने वाली एलिजाबेथ डेबिकी ने ड्रामा श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ सह-अभिनेत्री का पुरस्कार जीता। नेटफ्लिक्स के ब्रिटिश कार्यक्रम बेबी रीनडीर ने सीमित श्रृंखला श्रेणी में बड़े पुरस्कार अपने नाम किए।



## भारत भागने की कोशिश कर रहे तीन पत्रकार बांग्लादेश में गिरफ्तार

**ढाका।** बांग्लादेश में तीन पत्रकारों और एक अन्य व्यक्ति को उस समय हिरासत में लिया गया जब वे मैमनसिंह जिले में सीमा के जरिए भारत जाने का प्रयास कर रहे थे। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। निजी चैनल एकटूर टीवी के मुख्य संपादक पत्रकार मोजम्मल बाबू और भोरेर कागोज के संपादक श्यामोल दत्ता समेत चार लोगों को सोमवार तड़के एक कार से भागने का प्रयास करते समय हिरासत में लिया गया। इन पत्रकारों को पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की सरकार का करीबी माना जाता था और वे ढाका में कई मामलों का सामना कर रहे हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि हिरासत में लिए गए अन्य लोगों में एकटूर टीवी के रिपोर्टर महबुर रहमान और ड्राइवर सलीम शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि उन्हें सुबह छह बजे मैमनसिंह जिले के धोबौरा सीमा की जीरो लाइन के पास स्थानीय लोगों ने पकड़ा। बाद में ग्रामीणों ने उन्हें मैमनसिंह पुलिस के हवाले कर दिया। निजी चैनल समय टीवी की खबर के मुताबिक बाबू और दत्ता पर स्थानीय लोगों द्वारा हमला किया गया और पुलिस के पहुंचने से पहले उनके पास मौजूद पैसे छीन लिए गए।

# संवैधानिक संशोधन मुझे जेल में रखने का एक प्रयासः इमरान खान

भाषा। इस्लामाबाद

**पाकिस्तान के** पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने सोमवार को अपेक्षित संवैधानिक परिवर्तनों को खारिज किया और दावा किया कि यह न्यायपालिका को नियंत्रित करके उन्हें जेल में रखने का एक प्रयास है। जेल में बंद खान (71) ने यह टिप्पणी अदियाला जेल में पत्रकारों के साथ अनौपचारिक बातचीत के दौरान की, जहां वह पिछले साल अगस्त से बंद हैं। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक खान ने कहा कि संविधान संशोधन का उद्देश्य केवल मुझे जेल में रखना है। यह सब चुनावी धोखाधड़ी को छिपाने के लिए किया जा रहा है। खान ने दावा किया कि यदि वास्तविक चुनाव परिणाम सामने आ गए तो सब कुछ उलट जाएगा। पीटीआई नेता खान ने दावा किया कि सरकार उच्चतम न्यायालय के डर से एक नई संवैधानिक अदालत स्थापित करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा, संवैधानिक न्यायालय की स्थापना इसलिए की जा रही है क्योंकि वे उच्चतम न्यायालय से डरते हैं। उन्होंने कहा कि नए संशोधन देश के भविष्य को नष्ट कर देंगे।



## क्विक न्यूज

### पाकिस्तान की आतंकवाद रोधी अदालत ने इमरान की पार्टी के गिरफ्तार सांसदों की रिहाई का आदेश दिया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की एक आतंकवाद रोधी अदालत ने सोमवार को पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के उन सभी सांसदों को तत्काल रिहा करने का आदेश दिया, जिन्हें आठ सितंबर को इस्लामाबाद में पार्टी के शक्ति प्रदर्शन के बाद संसद भवन से गिरफ्तार किया गया था। जियो न्यूज की खबर के अनुसार, आतंकवाद रोधी अदालत के न्यायाधीश अबुल हसनत जुल्करनैन ने जमानत याचिकाओं पर सुनवाई की और पार्टी के उन सांसदों को जमानत दे दी, जिन्हें इस्लामाबाद पुलिस ने हिरासत में लिया था और उनके खिलाफ संगजानी पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया था। इस बीच, अदालत ने इमरान खान नीत पार्टी के नेता अली बुखारी द्वारा रैली के दौरान अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) का उल्लंघन करने और पुलिस कर्मियों पर हमला करने से संबंधित मामले में दायर की गई अग्रिम जमानत याचिका को भी मंजूरी दे दी। सुनवाई के बाद अदालत ने नोटिस जारी कर मामले की सुनवाई एक अक्टूबर तक के लिए स्थगित कर दी। पुलिस ने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी के अध्यक्ष और करीब एक दर्जन सांसदों सहित कई नेताओं को गिरफ्तार किया था।

### चीन के सुरक्षा प्रमुख ने तिब्बती क्षेत्रों में अलगाववादियों के खिलाफ सख्त कार्वाई का निर्देश दिया

बीजिंग। चीन के शीर्ष सुरक्षा अधिकारी ने पिछले हफ्ते तिब्बत की यात्रा के दौरान स्थानीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि वह अलगाववादियों के खिलाफ कार्वाई को और सख्त करें। यह निर्देश उस पृष्ठभूमि मे दिया गया जिसके तहत अमेरिका एक नया कानून पारित करके तिब्बत के प्रति अपना समर्थन बढ़ाने के साथ बीजिंग पर दलाई लामा के साथ बातचीत करने का दबाव डाल रहा है। सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी के शीर्ष सुरक्षा निकाय केंद्रीय राजनीतिक और कानूनी मामलों के आयोग के प्रमुख चेन वेनकिंग ने पिछले सप्ताह तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र (टीएआर) और युन्नान, सिचुआन, गांसु और किंघई में 10 तिब्बती स्वायत्त प्रान्तों में से कुछ का दौरा करके सुरक्षा की समीक्षा की थी। उन्होंने अलगाववादियों के खिलाफ सख्त कार्वाई करने का निर्देश दिया। हांगकांग स्थित साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की खबर में सोमवार को बताया गया कि उन्होंने स्थानीय अधिकारियों से स्थिरता बनाए रखने और स्वतंत्रता गतिविधियों के प्रति सावधान रहने के लिए कहा। उनकी यात्रा ऐसे समय में हुई है जब चीन एक अक्टूबर को पीपुल्स रिपब्लिक की स्थापना की 75वी वर्षगांठ से पहले तिब्बत मे सुरक्षा कड़ी कर रहा है। चीन के शीर्ष न्यायाधीशों और अभियोजकों ने भी तिब्बत का दौरा किया है।

### पाक सरकार ने संसद में विवादास्पद संविधान संशोधन विधेयक एक बार फिर पेश नहीं किया

इस्लामाबाद। पाकिस्तान की गठबंधन सरकार ने सोमवार को एक बार फिर संसद मे विवादास्पद संविधान संशोधन विधेयक को पेश नही किया। ऐसा स्पष्ट तौर पर इसे पारित कराने के लिए आवश्यक संख्याबल की कमी के कारण हुआ। संशोधनों का विवरण अभी भी रहस्य बना हुआ है, क्योंकि सरकार ने आधिकारिक तौर पर इसे मीडिया के साथ साझा नही किया है या सार्वजनिक रूप से इस पर चर्चा नही की है। अब तक जो रिपोर्ट मिली है, उससे पता चलता है कि सरकार न्यायाधीशों की सेवानिवृत्ति की आयु बढ़ाने और उच्चतम न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश का कार्यकाल तय करने की योजना बना रही है। सत्तारूढ़ पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के सीनेटर इरफान सिद्दीकी ने मीडिया को बताया कि संशोधन विधेयक सोमवार को संसद मे पेश नही किया जाएगा। सिद्दीकी ने जियो न्यूज से कहा कि सोमवार को दोनों सदनो का सत्र स्थगित रहेगा और अगली बार यह तब बुलाया जाएगा, जब हम संवैधानिक संशोधन पेश करने के लिए सभी पहलुओं से तैयार होंगे।यह पूछे जाने पर कि क्या इस मामले मे महीनो तक देरी हो सकती है, पीएमएल-एन सीनेटर ने कहा कि विधेयक एक या दो सप्ताह के भीतर पेश किए जाने की संभावना है। सीनेटर ने कहा, हमारी इच्छा थी कि यह विधेयक दो दिन के भीतर पारित हो जाए। जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम (जेयूआई-एफ) के प्रमुख मौलाना फजलुर रहमान का समर्थन पाने के प्रयास विफल होने के बाद सरकार को संसद मे संशोधन विधेयक पेश करने के कदम को टालने पर मजबूर होना पड़ा। संशोधन पारित करने के लिए सरकार को नेशनल असेंबली में 224 और सीनेट में 64 वोट की आवश्यकता है। नेशनल असेंबली मे गठबंधन का संख्याबल 213 और सीनेट मे 52 है। नेशनल असेंबली के आठ सदस्यों और पांच सीनेटरों के साथ जेयूआई-एफ प्रमुख भूमिका निभाने की स्थिति में है।

### नेपाल के प्रधानमंत्री ओली बर्फ पिघलने, समुद्र के बढ़ते जल स्तर का मुद्दा संरा महासभा में उठाएंगे

**काठमांडू,।** नेपाल के प्रधानमंत्री के.पी. शर्मा ओली ने सोमवार को कहा कि वह संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वे सत्र के दौरान बर्फ पिघलने और समुद्र के बढ़ते जल स्तर के मुद्दे पर दुनिया का ध्यान आकर्षित करेंगे। संयुक्त राष्ट्र महासभा के सत्र में हिस्सा लेने के लिए अपनी आगामी अमेरिका यात्रा के बारे मे प्रतिनिधि सभा को बताते हुए ओली ने कहा कि वह समिट ऑफ द फ्यूचर मे मानव जाति व पृथ्वी के साथ-साथ हिमालय और महासागरो के पारिस्थितिकी तंत्र की सुरक्षा पर नेपाल का स्पष्ट दृष्टिकोण प्रस्तुत करेंगे। ओली 20 सितंबर को अमेरिका की यात्रा पर रवाना होंगे। यह प्रधानमंत्री का पद संभालने के बाद उनकी पहली विदेश यात्रा होगी। समिट ऑफ द फ्यूचर का आयोजन 22 और 23 सितंबर को संयुक्त राष्ट्र के मुख्यालय में किया जाएगा। ओली ने कहा, मै यात्रा के दौरान देश की प्रतिष्ठा और गरिमा को कम नही होने दूंगा। उन्होंने कहा कि वह संयुक्त राष्ट्र को नेपाल की इस नीति से अवगत कराएंगे कि वह संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुसार अन्य देशो के आंतरिक मामलो मे दखल नही देता और दूसरे देशों को भी अपने आंतरिक मामलो मे हस्तक्षेप करने की इजाजत नही देता। ओली ने कहा, मै संयुक्त राष्ट्र महासभा मे नेपाल के संविधान, लोकतांत्रिक मूल्यों, एक संप्रभु स्वतंत्र राष्ट्र के रूप मे उसकी पहचान, उचित राष्ट्रीय हित और अंतरराष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं पर अपने विचार स्पष्ट रूप से रखूंगा।

### ड्यूरोप्लाई इटली की वास्तुकला भारत में लाएगा

**नई दिल्ली।** भारत की प्रमुख और अनुभवी प्लाईवुड कंपनी ड्यूरोप्लाई ने अपनी नई प्रीमियम डाइडवीनियर्स की रेंज रोमा कलेक्शन् लॉन्च की है। इस खास कलेक्शन में इटली की सुंदर वास्तुकला और बारीकियों को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है, जो इसे और भी खास बनाता है। ड्यूरो ने यह कलेक्शन अपने सिग्नेचर ब्रांड ड्यूरो नेचर् के तहत लॉन्च किया हैए खासकर उन लोगों के लिएए जो अपनी रोजमर्रा की जिंदगी में खूबसूरत और लग्जरी चीजों को महत्व देते हैं। ड्यूरोप्लाई के एमडी और सीईओ अखिलेश चितलंगिया ने रोमा कलेक्शनश् के लॉन्च पर कहा कि हमारी रिसर्च से पता चला है कि शहरों में रहने वाले लोग अपने घर की खूबसूरती बढ़ाने के लिए प्रीमियम डाइडवीनियर्स की खोज में हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए हमने साल के ट्रेंडिंग रंगों का अध्ययन कर रोमा कलेक्शनश् पेश किया है। यह कलेक्शन खूबसूरती के नए मानकों के साथ-साथ अपने समय से आगे रहने वाले आकर्षण को भी साथ लाता है। ये वीनियर्स उन लोगों के लिए हैंए जो अपनी जिंदगी में स्टाइल और सुंदरता को महत्व देते हैं। इटली में डिजाइन किए गए ये वीनियर्स आठ खूबसूरत रंगों में आते हैंए जो रोमन वास्तुकला से प्रेरित हैं। इन वीनियर्स का इस्तेमाल रिसॉर्ट्स, बंगले, विला, होटलए डिजाइनर शोरूम, और शानदार फ्लैट्स में किया जा सकता है। इनकी बनावटए रंग और मोटाई हर जगह की सजावट को और निखार देती है। चितलंगिया ने कह कि रोमा कलेक्शन इस बात का उदाहरण है कि ड्यूरोप्लाई हमेशा अपने ग्राहकों की जरूरतों को ध्यान में रखकर प्रॉडक्ट बनाता है। ड्यूरोप्लाई ने यह दिखाया है कि वह डिजाइन ट्रेंड में हमेशा सबसे आगे रहता है।

# शंघाई में 75 वर्ष में सबसे शक्तिशाली तूफान बेबिन्का ने दी दस्तक, जनजीवन ठप



भाषा। बीजिंग

**चीन के शंघाई शहर** में सोमवार को बेबिन्का तूफान ने दस्तक दी जो पिछले 75 साल में शहर में आया सबसे शक्तिशाली तूफान है।

इस तूफान के कारण जनजीवन ठप हो गया। शंघाई की केंद्रीय मौसम विज्ञान वेधशाला ने बताया कि तूफान 42 मीटर प्रति सेकंड की रफ्तार से चली हवाओं के साथ शंघाई की पुडोंग डिस्ट्रिक्ट के लिंगांग इलाके में पहुंचा। शहर प्रशासन ने किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पहले ही हजारों राहत एवं बचाव कर्मियों को तैनात किया है। बेबिन्का शंघाई में 75 वर्षों में आया सबसे शक्तिशाली तूफान माना जा रहा है। यह इस साल चीन में आया 13वां तूफान है। चीन की सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने बताया कि राज्य बाढ़ नियंत्रण एवं सूखा राहत मुख्यालय ने रविवार को चीन के पूर्वी अन्हुई प्रांत तथा शंघाई और झेजियांग के लिए राहत उपाय बढ़ाए। बेबिन्का के कारण शंघाई में विमान सेवाएं रद्द कर दी गई हैं। शंघाई रेलवे स्टेशन ने रविवार से सोमवार तक शहर से गुजरने वाले कई मार्गों पर यात्रीट्रेन निलंबित करने की घोषणा की है। हांगकांग स्थित साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट ने बताया कि रविवार तक 2.5 करोड़ की आबादी वाले इस विशाल शहर से 4,14,000 से अधिक लोगों को अन्य स्थानों पर ले जाया गया और शहर में सभी राजमार्गों को बंद कर दिया गया है।

# यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष के नेतृत्व पर सवाल उठाने वाले फ्रांसीसी अधिकारी का इस्तीफा

भाषा। ब्रसेल्स

**यूरोपीय संघ (ईयू)** की शक्तिशाली कार्यकारी शाखा के एक सदस्य व प्रभावशाली फ्रांसीसी अधिकारी ने यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेएन के नेतृत्व पर सवाल उठाने के बाद सोमवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। फ्रांसीसी उद्यमी और ईयू के विशाल आंतरिक बाजार के आयुक्त थिएरी ब्रेटन ने ऐसे समय में वॉन डेर लेएन के नेतृत्व पर सवाल उठाए हैं, जब वह अगले पांच साल के लिए एक नई टीम बनाने की कोशिशों में जुटी हैं। ब्रेटन ने आरोप लगाया कि वॉन डेर लेएन भावी आयोग में उनकी जगह एक अन्य फ्रांसीसी अधिकारी को नामित करने के लिए उनके पीछे पड़ गई थीं। ईयू की शीर्ष अधिकारी को भेजे अपने त्यागपत्र की प्रति एक्स पर साझा करते हुए ब्रेटन ने कहा कि वॉन डेर लेएन का कदम आपत्तिजनक शासन का एक और सबूत है... मैं इस निष्कर्ष पर पहुंचा हूं कि अब मैं कॉलेज ऑफ कमिश्नर में और सेवाएं नहीं दे सकता। यूरोपीय आयोग ईयू के 27 सदस्य देशों के लिए कानून का प्रस्ताव करता है और यह सुनिश्चित करता है कि दुनिया के सबसे बड़े व्यापारिक समूह को नियंत्रित करने वाले नियमों का सम्मान किया जाए। यह आयोग कॉलेज ऑफ कमिश्नर से लैस है, जिसमें कृषि, वित्त, प्रतिस्पर्धा, सुरक्षा और प्रवासन नीति सहित अन्य सरकारी मंत्रियों के समान पोर्टफोलियो वाले कमिश्नर शामिल होते हैं। अपने दूसरे कार्यकाल के दौरान आयोग में लैंगिक संतुलन सुनिश्चित करने के लिए वॉन डेर लेएन ने हर सदस्य देश से नीति कमिश्नर पद के लिए एक पुरुष और एक महिला दावेदार का नाम उपलब्ध कराने के लिए कहा था।

## तेहरान अपने परमाणु कार्यक्रम पर बातचीत करना चाहता हैः ईरान के राष्ट्रपति

**तेहरान।** ईरान के नए सुधारवादी राष्ट्रपति ने सोमवार को जोर देकर कहा कि तेहरान यूरेनियम का संवर्धन हथियार स्तर के करीब नहीं करना चाहता था, लेकिन विश्व शक्तियों के साथ परमाणु समझौते से अमेरिका के हटने के कारण उसे ऐसा करने के लिए मजबूर होना पड़ा। राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान द्वारा अपने पहले संवाददाता सम्मेलन में एसोसिएटेड प्रेस द्वारा पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में की गईं टिप्पणियाँ इस्लामिक गणराज्य पर अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों को हटाने के लिए किए गए उनके चुनावी वादे को रेखांकित करती हैं। हालाँकि, यह स्पष्ट नहीं है कि पेजेशकियान के पास बातचीत के लिए कितनी गुंजाइश होगी और अगले साल अमेरिका का राष्ट्रपति कौन होगा। उन्होंने कहा, मुझे लगता है, हमने कई बार कहा है, हम ऐसा बिलकुल नहीं करना चाहते। हम अपनी तकनीकी और वैज्ञानिक जरूरतों को हल करना चाहते हैं।

# भारतीय हाकी टीम फाइनल में पहुंची

**एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में लगाया जीत का छक्का, हरमनप्रीत के दो गोल से कोरिया को 4-। से हराया**



भाषा। हुलुनबुइर (चीन)

**बेहतरीन फॉर्म में** चल रहे कप्तान हरमनप्रीत सिंह के दो गोल की मदद से गत चैंपियन भारत ने सोमवार को यहां दक्षिण कोरिया को 4-। से हराकर पुरुष एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी (एसीटी) हॉकी टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। भारत के लिए कप्तान हरमनप्रीत सिंह (19वें और 45वें मिनट) ने दो गोल दागे जबकि उत्तम सिंह (13वें मिनट) और जरमनप्रीत सिंह (32वें मिनट) ने एक-एक गोल किया।कोरिया की तरफ से एकमात्र गोल यैंग जिहुन (33वें मिनट) ने पेनल्टी कॉर्नर पर किया। भारत मंगलवार को होने वाले फाइनल में मेजबान चीन से भिड़ेगा। भारत ने लीग चरण के मैच में चीन को 3-0 से हराया था। इससे पहले चीन ने दिन के पहले सेमीफाइनल में पाकिस्तान को शूटआउट के जरिए 2-0 से हराया था। निर्धारित समय के बाद दोनों टीम।-। से बराबरी पर थी। तीसरे स्थान के क्लासिफिकेशन मैच में पाकिस्तान और कोरिया की टीम आमने सामने होंगी। यह मैच भी मंगलवार को ही खेला जाएगा।इस बीच पांचवें-छठे स्थान के क्लासिफिकेशन मैच में जापान ने निर्धारित समय में 4-4 से बराबरी के बाद शूटआउट में मलेशिया को 4-2 से हराया। उम्मीद के मुताबिक भारत ने शुरुआत से ही आक्रामक रवैया अपनाया और कोरिया के डिफेंस को लगातार दबाव में रखा।दूसरी तरफ कोरिया ने डिफेंस पर ध्यान दिया और बीच-बीच में पलटवार करने की रणनीति अपनाई।अभिषेक चौथे ही मिनट में भारत को बढ़त दिलाने के करीब पहुंचे लेकिन रिवर्स हिट से लगाए उनके शॉट को कोरिया के गोलकीपर किम जेइहेन ने रोक दिया।भारतीय टीम पहले क्वार्टर में लगातार कोरिया के सर्कल को भेदने में सफल रही जिसका फायदा टीम को 13वें मिनट में मिला जब उत्तम ने दाएं छोर से अराइजीत सिंह हुंदाल के पास पर गोल दाग दिया।दूसरे क्वार्टर की शुरुआत में कोरिया को लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन टीम इनका फायदा नहीं उठा सकी। दूसरे क्वार्टर के चौथे मिनट में भारत को पहला पेनल्टी कॉर्नर मिला जिस पर कप्तान हरमनप्रीत ने टूर्नामेंट का अपना छठा गोल दागते हुए टीम को 2-0 से आगे कर दिया। मध्यांतर तक भारतीय टीम 2-0 से आगे थी।तीसरे क्वार्टर की शुरुआत में ही भारत ने स्कोर 3-0 कर दिया जब सुमित ने स्कूप करके बाएं छोर पर जरमनप्रीत को पास दिया और उन्होंने इसे गोल में पहुंचाने में कोई गलती नहीं की। टूर्नामेंट के शीर्ष स्कोरर जिहुन ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके कोरिया का खाता खोला। तीसरे क्वार्टर में जब सिर्फ एक सेकेंड बचा था तब भारत को एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला जब कोरिया के गोलकीपर जेइहेन को सर्कल के बाहर गेंद को हाथ से रोकने के लिए पीला कार्ड दिखाया गया। हरमनप्रीत ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके भारत को 4-। से आगे किया।चौथे और अंतिम क्वार्टर में भारत के गोलकीपर सूरज करकेरा ने पार्क चियोलियोन के दो प्रयासों को नाकाम किया। कोरिया को पेनल्टी कॉर्नर भी मिला लेकिन टीम इस पर भी गोल करने में नाकाम रही और भारत ने छठी बार टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई।

# ग्लास्गो को 2026 राष्ट्रमंडल खेलों का मेजबान घोषित करने की तैयारी: रिपोर्ट

भाषा। लंदन

**ऑस्ट्रेलियाई** राज्य विक्टोरिया के बढ़ती लागत के कारण पीछे हटने के एक साल बाद स्कॉटलैंड की राजधानी ग्लास्गो को 2026 में छोटे पैमाने पर होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों का मेजबान शहर घोषित करने की तैयारी है। रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। राष्ट्रमंडल खेल 2026 विक्टोरिया के कई शहरों में आयोजित किए जाने थे लेकिन ऑस्ट्रेलिया राज्य ने जुलाई 2023 में चौंकाने वाली घोषणा करते हुए अनुमानित व्यय में भारी वृद्धि का हवाला देते हुए इस बहु-खेल आयोजन से हाथ खींच लिया। मेजबानी से पीछे हटने के कारण विक्टोरिया सरकार ने राष्ट्रमंडल खेल महासंघ (सीजीएफ) को 38 करोड़ ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (लगभग 25 करोड़ 60 लाख अमेरिकी डॉलर) का मुआवजा दिया। मेजबान का पीछे हटना हालांकि एक ऐसे खेल आयोजन को बड़ा झटका लगा जिसने हाल के वर्षों में प्रासंगिकता खो दी है। लेकिन यह पता चला है कि ऑस्ट्रेलियाई अधिकारियों ने इस बहु-खेल आयोजन को बचाने के लिए ग्लास्गो के प्रस्ताव को अंतिम रूप देने में मदद करने के लिए लाखों पाउंड के निवेश का वादा किया है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, 2014 में खेलों की मेजबानी करने वाला ग्लास्गो कम खेलों वाले एक छोटे आयोजन की पुष्टि करने के करीब है। रिपोर्ट में कहा गया, स्कॉटलैंड की सरकार 2026 में ग्लास्गो की मेजबानी में राष्ट्रमंडल खेलों के आयोजन के समझौते पर सहमत होने के करीब है। ग्लास्गो ने 2014 में राष्ट्रमंडल खेलों का आयोजन 57 करोड़ 56 लाख पाउंड (करीब 76 करोड़ अमेरिकी डॉलर) के बेहद कम बजट में किया था। शहर में पहले से ही 70 प्रतिशत आयोजन स्थल मौजूद हैं और ऐसे में शहर ने 2026 की प्रतियोगिता की अप्रैल में मेजबानी करने की पेशकश की है।

## सेबेस्टियन को सहित सात उम्मीदवार आईओसी अध्यक्ष पद की दौड़ में

जिनेवा। थॉमस बाक की जगह अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) का अध्यक्ष बनने की दौड़ में सात उम्मीदवार मैदान में है जिनमें दो पूर्व ओलंपिक चैंपियन भी शामिल हैं।आईओसी ने सोमवार को उन सात उम्मीदवारों की सूची जारी की जो मार्च में होने वाले अध्यक्ष पद के चुनाव में अपना भाग्य आजमाएंगे। बाक की जगह नया अध्यक्ष आठ साल के लिए चुना जाएगा।इन उम्मीदवारों में एक महिला आईओसी कार्यकारी बोर्ड की सदस्य जिम्बाब्वे की किर्स्टी कोवेंट्री भी शामिल है। आईओसी के 130 साल के इतिहास में कोई महिला अध्यक्ष नहीं बनी है। अभी तक जो नौ सदस्य आईओसी के अध्यक्ष बने है उनमें आठ यूरोप और एक अमेरिका का है।ब्रिटेन के मध्यम दूरी के धावक सेबेस्टियन को भी अध्यक्ष पद की दौड़ में शामिल है। उन्होंने ओलंपिक में दो स्वर्ण पदक जीते है। कोवेंट्री भी तैराकी में दो बार की ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता है। जॉर्डन के प्रिंस फैसल अल हुसैन भी आईओसी अध्यक्ष पद की दौड़ में है।

## कर्नाटक, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और पंजाब सेमीफाइनल में

जालंधर। कर्नाटक, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और पंजाब ने सोमवार को यहां 14वी हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में जगह बनाई। दिन के पहले क्वार्टर फाइनल में कर्नाटक ने मध्य प्रदेश को शूट आउट के जरिए 5-4 से हराया। निर्धारित समय के बाद दोनो टीमें 2-2 से बराबर थी।हरियाणा और पंजाब ने भी शूट आउट में जीत दर्ज की। हरियाणा ने झारखंड को शूट आउट में 3-। जबकि पंजाब ने ओडिशा को 4-3 से हराया।

## अनमोल जैन ने टॉपगन कप में स्वर्ण पदक जीता

गुरुग्राम। भारतीय निशानेबाज अनमोल जैन ने अपने कौशल का शानदार नमूना पेश करते हुए टॉपगन कप में पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता।पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा का स्वर्ण पदक अमेरिका के निशानेबाज जैफ ब्राउनिंग ने हासिल किया।इस दो दिवसीय प्रतियोगिता का आयोजन टॉपगन शूटिंग अकादमी में किया जा रहा है जिसका हाल में उद्घाटन किया गया था।

## डेविस कप अंतिम आठ में जगह बनाने से चूका ब्रिटेन

मैनचेस्टर। कनाडा से आखिरी ग्रुप मैच में 2-1। से हारने के बाद ब्रिटेन डेविस कप फाइनल्स के अंतिम आठ में जगह बनाने में नाकाम रहा जबकि नोवाक जोकोविच के शानदार प्रदर्शन से सर्बिया ने अगले साल के क्वालीफायर में जगह बनाई। ब्रिटेन को कनाडा पर 2-। से जीत दर्ज करनी थी लेकिन डेनिस शापोवालोव ने डैन इवांस को 6-0, 7-5 से हराकर उसकी उम्मीदे खत्म कर दी। फेलिक्स आगर एलियास्सिमे ने इसके बाद जैक ड्रैपर को 7-6, 7-5 से हराया। इंग्लैंड ने आखिरी युगल मैच जीता। ग्रुप डी से कनाडा और अर्जेंटीना अगले दौर में पहुंचे।

## लाहिड़ी लिव गोल्फ शिकागो में संयुक्त छठे स्थान पर रहे

बोलिंगब्रूक (अमेरिका)। भारत के अनिर्बान लाहिड़ी अंतिम दौर मे तीन अंडर 67 के स्कोर से लिव गोल्फ शिकागो में संयुक्त रूप से छठे स्थान पर रहे जबकि जॉन राहम ने तीन टूर्नामेंट मे दूसरी जीत दर्ज करते हुए खिताब और व्यक्तिगत चैंपियनशिप जीती।लाहिड़ी ने अंतिम दौर में चार बर्डी की लेकिन वह एक बोगी भी कर गए। तीन दौर मे उन्होंने 67, 71 और 67 के स्कोर से कुल पांच अंडर का स्कोर बनाया।

## शुभंकर आयरिश ओपन गोल्फ में संयुक्त 42वें स्थान पर रहे

**डबलिन।** भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा आखिरी नौ होल में खराब प्रदर्शन के कारण आयरिश ओपन गोल्फ में एक ओवर 72 का कार्ड खेल कर संयुक्त रूप से 42वे स्थान पर रहे। शुरुआती दो दिनों के खेल के बाद शीर्ष 15 में रहे शुभंकर ने कुल चार ओवर 288 का स्कोर बनाया। उन्होने चौथे दौर मे 12वें से 18वें होल के बीच दो बर्डी और तीन बोगी की।

## रोनाल्डो एलीट टूर्नामेंट के पहले मुकाबले से बाहर

**रियाद (सऊदी अरब)।** फुटबॉल जगत के महानतम खिलाड़ियों मे से एक क्रिस्टियानो रोनाल्डो वायरल होने के कारण अल - शॉर्टा के खिलाफ होने वाले एएफसी चैंपियंस लीग एलीट टूर्नामेंट में अपने पदार्पण मैच के लिए अल - नासर टीम के साथ इराक नही गए। रोनाल्डो की कप्तानी वाले सऊदी अरब क्लब अल - नासर ने आधिकारिक बयान में कहा , पुर्तगाल के फॉरवर्ड की तबीयत ठीक नही थी और वह वायरल से संक्रमित पाए गए थे । उन्होंने कहा कि टीम के चिकित्सक ने पुष्टि की है कि रोनाल्डो को फिलहाल आराम करने की ज़रूरत है।

# भारतीय टीम ने अभ्यास सत्र में जमकर बहाया पसीना

भाषा। चेन्नई



**रोहित शर्मा की** अगुवाई में भारतीय टीम के सभी 16 खिलाड़ियों ने बांग्लादेश के खिलाफ खेली जाने वाली दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला से पहले सोमवार को यहां चेपॉक मैदान में अभ्यास सत्र के दौरान जमकर पसीना बहाया। टीम के खिलाड़ियों ने रविवार को विश्राम के बाद अपने तीसरे अभ्यास सत्र में भाग लिया। बांग्लादेश के खिलाफ श्रृंखला का शुरुआती मैच यहां 19 सितंबर से खेला जाएगा। अभ्यास सत्र में बल्लेबाजी के लिए दिग्गज विराट कोहली सबसे पहले पहुंचे और उनके पास वाले नेट में युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल अभ्यास कर रहे थे। इन दोनों बल्लेबाजों ने तेज गेंदबाजों जसप्रीत बुमराह और रविचंद्रन अश्विन के खिलाफ ज्यादा बल्लेबाजी की। इन दोनों के बाद कप्तान रोहित, शुभमन गिल और सरफराज खान बल्लेबाजी अभ्यास के लिए पहुंचे। सरफराज दलीप ट्रॉफी के दूसरे दौर के मैच के बाद टीम से देर से जुड़े हैं। रोहित ने अभ्यास सत्र के दौरान स्पिन गेंदबाजों के खिलाफ ज्यादा बल्लेबाजी की। हरफनमौला रविंद्र जडेजा, विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत और तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने भी स्थानीय गेदबाजों और थ्रोडाउन विशेषज्ञों के खिलाफ जमकर बल्लेबाजी अभ्यास की। अभ्यास पिच से गेंदबाजों को अच्छी उछाल मिल रही थी। दो मैचों की श्रृंखला के शुरुआती मुकाबले से पहले भारतीय टीम दो और अभ्यास सत्र में भाग लेगी।

## सलामी बल्लेबाज जायसवाल नेट अभ्यास किया, तेज गेंदबाजों के खिलाफ संघर्ष करते दिखे



**चेन्नई।** अपने टेस्ट करियर में शानदार आगाज करने वाले युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल सोमवार को यहां भारतीय टीम के नेट सत्र के दौरान जसप्रीत बुमराह और अन्य तेज गेंदबाजो के खिलाफ जूझते दिखे। जायसवाल को भारतीय क्रिकेट का भविष्य का सितारा माना जाता है और उन्होंने टेस्ट प्रारूप मे अपने करियर के शुरुआती साल में बल्ले से काफी प्रभावित किया है। इस वामहस्त बल्लेबाज ने अपने शुरुआती नौ टेस्ट मैच में 68.53 की औसत से 1028 रन बनाए हैं। उन्होंने ने हालांकि इसमे से 700 से ज्यादा रन इंग्लैंड के खिलाफ पिछली घरेलू श्रृंखला में बनाए। तेज गेंदबाजों की मददगार परिस्थितियों मे दक्षिण अफ्रीका के दौरे पर दो टेस्ट मैचों में वह उम्मीदों के मुताबिक प्रदर्शन नही कर पाए थे। भारत को इस सत्र में 10 टेस्ट मैच खेलने है। इसमे पांच टेस्ट मैच ऑस्ट्रेलिया मे तेज गेंदबाजो की मददगार पिचो पर होंगे, ऐसे मे जायसवाल को अपनी इस कमजोर कड़ी से जल्द ही निजात पाना होगा। मिशेल स्टार्क, जोश हेजलवुड और पैट कमिंस जैसे गेंदबाजो का सामना करने से पहले जायसवाल के सामने 19 सितंबर से बांग्लादेश के खिलाफ दो टेस्ट मैचो की श्रृंखला मे शानदार लय में चल रहे तस्कीन अहमद और नाहिद राणा जैसे तेज गेंदबाजों की चुनौती होगी। तस्कीन और राणा ने पाकिस्तान दौरे पर अपनी गति, स्विंग और उछाल से बल्लेबाजो को काफी परेशान किया और टीम को पहली बार पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला मे जीत दिलाने मे मदद की।

## बांग्लादेश ने भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के लिए अभ्यास शुरू किया

**चेन्नई।** बांग्लादेश ने भारत के खिलाफ 19 सितंबर से शुरू होने वाली दो टेस्ट मैच की श्रृंखला के लिए सोमवार को यहां एमए चिदंबरम स्टेडियम में अभ्यास शुरू किया जिसमें सभी की निगाहें युवा तेज गेंदबाज नाहिद राणा पर टिकी थी। पाकिस्तान के खिलाफ उसकी धरती पर 2-0 से ऐतिहासिक जीत दर्ज करने वाली बांग्लादेश की टीम आत्मविश्वास से भरी है लेकिन विश्व रैंकिंग में दूसरे नंबर पर काबिज भारत के सामने उसकी कड़ी परीक्षा होगी। भारतीय टीम विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की तालिका में अभी शीर्ष पर है। नजमुल हसन शंटो की अगुवाई वाली टीम ने पाकिस्तान के खिलाफ अपना जोश और जज्बा दिखाया था लेकिन भारत का उसकी धरती पर सामना करना अलग तरह की चुनौती होती है। भारत ने 2012 के बाद अपनी धरती पर लगातार 17 टेस्ट श्रृंखला जीती हैं।बांग्लादेश ने भारत के खिलाफ अभी तक जो 13 टेस्ट मैच खेले हैं उनमें से 11 में उसे हार का सामना करना पड़ा जबकि दो मैच ड्रॉ समाप्त हुए। बांग्लादेश की टीम रविवार को यहां पहुंची थी और उसने सोमवार को पहली बार अभ्यास सत्र में भाग लिया जिसमें उसके बल्लेबाजों ने आक्रामक रवैया दिखाया।लिटन दास, महमुदुल हसन जॉय, जाकिर हसन और शादमान इस्लाम ने नेट पर पर्याप्त समय तक बल्लेबाजी की। पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में 191 रन पारी खेलने वाले मुश्फिकर रहीम ने भी अभ्यास सत्र में भाग लिया।इस श्रृंखला में स्पिनरों की भूमिका अहम होगी और ऐसे में ताइजुल इस्लाम और नईम हसन ने भी जमकर पसीना बहाया।

# भारत ने अजरबैजान व कजाखस्तान को दी मात

शतरंज ओलंपियाड



भाषा। बुडापेस्ट

**शानदार फॉर्म** में चल रहे विश्व चैम्पियनशिप चैलेंजर डी गुकेश और अर्जुन एरिगेसी के शानदार प्रदर्शन के दम पर भारतीय पुरूष टीम ने 45वें शतरंज ओलंपियाड के पांचवें दौर में अजरबैजान को 3- से हराया। गुकेश ने अइदिन सुलेमानी को और अर्जुन ने रउफ़ मामेदोव को हराया। प्रज्ञानानंदा ने ड्रॉ खेला जबकि विदित गुजराती और शखरियार मामेदियारोव की बाजी भी ड्रॉ रही। लगातार पांचवीं जीत के बाद भारतीय पुरूष टीम दस अंक लेकर वियतनाम के साथ शीर्ष पर है। वियतनाम ने पोलैंड को 2.5 . 1.5 से मात दी। टूर्नामेंट के छह दौर अभी खेले जाने हैं। नॉर्वे ने तुर्की को 3 .। से जबकि ईरान ने कनाडा को 3.5 . 0.5 से हराया। महिला वर्गमें ग्रैंडमास्टर डी हरिका को बीबीसारा असाउबाएवा के खिलाफ अप्रत्याशित पराजय झेलनी पड़ी। वंतिका अग्रवाल ने अलुआ नूरमैन को हराया।

## गुकेश शायद जीत का दावेदार, मेरे खेल में गिरावट आई है: लिरेन ने विश्वशतरंज खिताबी मुकाबले पर कहा

**बुडापेस्ट।** गत चैंपियन डिंग लिरेन का मानना है कि नवंबर में होने वाले विश्व शतरंज के खिताब के लिए उनके भारतीय चैलेंजर डी गुकेश जीत के दावेदार है क्योंकि पिछले एक साल मे उनके खेल मे काफी गिरावट आई है। लिरेन और गुकेश इस समय यहां 45वें शतरंज ओलंपियाड में प्रतिस्पर्धा कर रहे है। गुकेश, आर प्रज्ञानानंदा, विदित गुजराती और अर्जुन एरिगैसी की चौकड़ी से सजी भारतीय टीम वर्तमान में लिरेन के चीन और मेजबान हंगरी के साथ शीर्ष स्थान पर है। लिरेन ने अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फिडे) के द्वारा आयोजित बातचीत में कहा, मै अपने प्रतिद्वंद्वी (गुकेश) को इस टूर्नामेंट में बहुत अच्छा खेलते हुए देख रहा हूं। वह विश्व चैम्पियनशिप मे शायद मुझ से ज्यादा जीत का दावेदार है।

# साक्षी, अमन और गीता ने कुश्ती चैंपियंस सुपर लीग की घोषणा की



**नई दिल्ली।** ओलंपिक पदक विजेता साक्षी मलिक और अमन सहरावत ने पूर्व विश्व चैम्पियनशिप कांस्य विजेता गीता फोगाट के साथ सोमवार को कुश्ती चैंपियंस सुपर लीग (डब्ल्यूसीएसएल) शुरू करने की घोषणा की। देश के उभरते पहलवानों के लिए आयोजित होने वाली इस लीग का समर्थन करने से हालांकि राष्ट्रीय महासंघ ने मना कर दिया है। साक्षी ने बजरंग पूनिया और विनेश फोगाट के साथ मिलकर भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ पहलवानों के विरोध का नेतृत्व किया था। बृजभूषण पर महिला पहलवानों का यौन उत्पीड़न का आरोप है।बजरंग और विनेश के अगले महीने होने वाले हरियाणा विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस में शामिल होने के बाद साक्षी ने खुद को उन दोनों से अलग कर लिया। साक्षी ने 2016 रियो ओलंपिक में 58 किग्रा भार वर्ग में कांस्य पदक जीता था। उन्होंने सोशल मीडिया पर गीता के साथ इस लीग की घोषणा की। गीता 2012 विश्व चैम्पियनशिप में 55 किग्रा भारवर्ग की कांस्य पदक विजेता है इन दोनों ने बताया कि इस लीग में उनके साथ पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता अमन भी हैं। उन्होंने हालांकि अमन के इस लीग से जुड़ाव को लेकर विस्तार से जानकारी नहीं दी। गीता ने उम्मीद जताई की इस लीग के लिए उन्हें महासंघ और सरकार से समर्थन मिलेगा। गीता ने पीटीआई-भाषा कहा, साक्षी और मैं लंबे समय से इस लीग की योजना बना रहे हैं। जल्द ही यह अंतिम रूप ले लेगा। हमने अभी तक डब्ल्यूएफआई से बात नहीं की है लेकिन यह बहुत अच्छा होगा अगर महासंघ और सरकार हमारा समर्थन करें। यह पहली लीग होगी जिसका संचालन सिर्फ खिलाड़ी करेंगे। उन्होंने कहा, यह लीग खिलाड़ियों और उनके फायदे के लिए है। हमने इसी विचार और दृष्टिकोण के साथ इसे शुरू करने की योजना बनाई है इसलिए किसी को इससे कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए। यह हमारे लिए गौरव का क्षण है। हम किसी को भी इसमें शामिल होने से नहीं रोकेंगे, अगर डब्ल्यूएफआई या सरकार इसमें शामिल हो तो और भी अच्छा होगा। हमने अभी तक उनसे बात नहीं की है। गीता ने कहा, इसमें अंतरराष्ट्रीय पहलवान और कोच भी शामिल होंगे, इसलिए इससे हमारे जूनियर पहलवानों को मदद मिलेगी। उनके प्रदर्शन में सुधार आएगा।

# डालीगंज ने बाराबंकी को हराया

**लखनऊ।** वाल्मीकि विकास सेवा संस्थान के तत्वावधान में डीपी फाउंडेशन द्वारा आयोजित 23वां आदिकवि महर्षि वाल्मीकि टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट में सोमवार को डालीगंज क्लब ने बाराबंकी घंटाघर इलेवन को एकतरफा 10 विकेट से हराया। एलडीए स्टेडियम, अलीगंज पर अन्य मुकाबलों में सीतापुर एमबी क्लबए पीएमसी व लवकुश नगर गौरी वारियर्स ने भी अपने,अपने मैच जीते। पहले मैच में सीतापुर एमबी क्लब ने खदरा इलेवन को 98 रन से हराया। सीतापुर एमबी क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में 6 विकेट पर 153 रन बनाए। अनुराग ने 60 रन और सौरभ ने 22 रन का योगदान किया। खदरा इलेवन से ईशान को तीन विकेट की सफलता मिली। जवाब में खदरा इलेवन 9 ओवर में 55 रन ही बना सका। दिन के चौथे मैच में डालीगंज क्लब ने बाराबंकी घंटाघर को 10 विकेट से हराया। जीत में मैन ऑफद मैच विशाल ने 4 विकेट पाने के साथ 20 गेंदों पर 4 चौके व 4 छक्के से आतिशी 46 रन भी बनाए। बाराबंकी घंटाघर पहले बल्लेबाजी करते हुए 9.4 ओवर में 78 रन बना सका। जवाब में डालीगंज क्लब ने 6 ओवर में बिना विकेट गंवाए 81 रन बनाकर मैच जीत लिया। बेस्ट कैच का पुरस्कार डालीगंज क्लब के कमल को मिला। दूसरे मैच में पीएमसी ने मैन ऑफद मैच राज के आलराउंड खेल से केजीएमयू क्लब को 23 रन से हराया। पीएमसी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में 7 विकेट पर 138 रन बनाए। जवाब में केजीएमयू 7 विकेट पर 115 रन ही बना सका। पीएमसी से राज ने 4 विकेट की सफलता पाई। तीसरे मैच में लवकुश नगर गौरी वारियर्स ने बाराबंकी संतोषी माता मंदिर को 83 रन से हराया। लवकुश नगर गौरी वारियर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 3 विकेट पर 162 रन बनाए। मैन ऑफद मैच विजय ने 54 और अविनाश ने 42 रन की पारी खेली। जवाब में बाराबंकी संतोषी माता मंदिर 79 रन पर आल आउट हो गया। लवकुश नगर गौरी वारियर्स से आशीष को चार विकेट की सफलता मिली। बेस्ट कैच का पुरस्कार लवकुश नगर के विकास को मिला।

## पिकलबाल को खेल की मुख्य धारा में लाने का प्रयास : अरविंद

**लखनऊ।** उभरते हुए खेल पिकलबॉल को बढ़ावा देने के लिए उत्तर प्रदेश पिकलबॉल एसोसिएशन का गठन कर लिया गया। नवगठित एसोसिएशन के अध्यक्ष अंकित त्रिपाठी व महासचिव अरविंद शर्मा होंगे। एसोसिएशन के महासचिव अरविंद शर्मा ने बतायाए हम इस खेल के प्रचार के लिए आगामी नवंबर, दिसम्बर माह में उत्तर प्रदेश स्टेट पिकलबॉल चैंपियनशिप लखनऊ में कराएंगे। पिकलबाल को खेल की मुख्य धारा में लाना ही मेरा मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश पिकलबॉल एसोसिएशन को उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन ने भी मान्यता प्रदान कर दी है। इस एसोसिएशन में संरक्षक दिनेश चंद्र द्विवेदीए उपाध्यक्ष राजीव कुमार सिंहए कोषाध्यक्ष सनी गुप्ता होंगे। इस अवसर पर सभी पदाधिकारियों एवं उत्तर प्रदेश पिकलबॉल एसोसिएशन को उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के महासचिव डाण्आनन्देश्वर पाण्डेयए लखनऊ ओलंपिक संघ के महासचिव डाण्सैयद रफत जुबैर रिजवी वा लखनऊ ओलंपिक संघ के संयुक्त सचिव डॉ आनंद किशोर पांडेय ने बधाई दी।

## क्विक न्यूज

## केएससीए आमंत्रण टूर्नामेंट: अर्जुन तेंदुलकर के नौ विकेट से गोवा सीए एकादश की बड़ी जीत

**अलूर (कर्नाटक)।** अर्जुन तेंदुलकर ने डॉ. (कैप्टन) के थिमप्पैया स्मारक टूर्नामेंट में मेजबान कर्नाटक के खिलाफ नौ विकेट झटककर गोवा को पारी और 189 रन से बड़ी जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। घरेलू सत्र से पहले होने वाले इस आयोजन को केएससीए (कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ) आमंत्रण टूर्नामेंट के नाम से भी जाना जाता है। केएससीए एकादश की टीम में निकिन जोश और विकेटकीपर शरत श्रीनिवास के अलावा सभी खिलाड़ी अंडर 19 और अंडर 23 टीम के थे महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन ने इस मैच की दोनो पारियो में 26.3 ओवर की गेंदबाजी की और 87 रन देकर नौ विकेट लिए। अर्जुन ने पहली पारी में 13 ओवर में 41 रन देकर पांच विकेट लिए जिससे कर्नाटक की टीम महज 103 रन पर सिमट गई। गोवा सीए एकादश ने अभिनव तेजराणा की 109 रन की पारी के दम पर 413 रन बनाए। केएससीए की दूसरी पारी 30.4 ओवर में 121 रन पर सिमट गई। अर्जुन ने इस दौरान 13.3 ओवर में 46 रन देकर चार विकेट लिए। अर्जुन ने प्रथम श्रेणी के 13 मैचों में 21 विकेट लिए है।

## टी20 विश्व कप से पहले मानसिक मजबूती पर काम कर रहे हैं भारतीय खिलाड़ी: हरमनप्रीत

मुंबई। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा कि भारतीय खिलाड़ी लंबे समय से मानसिक रूप से मजबूत बनने पर काम कर रहे है जिससे उन्हें अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप मे मदद मिलेगी।भारत 2020 मे टी20 विश्व कप मे उपविजेता रहा था। उसे छह बार के विजेता और मौजूदा चैंपियन ऑस्ट्रेलिया, पाकिस्तान, श्रीलंका और न्यूजीलैंड के साथ ग्रुप ए मे रखा गया है।रमनप्रीत ने सोमवार को कहा कि भारतीय खिलाड़ी मानसिक रूप से मजबूत बनने पर काम कर रहे है ताकि मैच के महत्वपूर्ण अवसरो पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकें।उन्होंने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, हम लंबे समय से मानसिक मजबूती पर काम कर रहे हैं। मैच के दौरान आखिरी तीन चार ओवर बेहद महत्वपूर्ण होते है। टी20 क्रिकेट कोई छोटा प्रारूप नही है क्योंकि आखिरकार आप इसमे 40 ओवर खेलते है। रमनप्रीत ने कहा, मैच के आखिरी चार-पांच ओवर मे मानसिक रूप से मजबूत टीम बाजी मारती है। हम पिछले कुछ समय से इस पर ध्यान दे रहे हैं।

## वीरो देगा रफ्तार का रोमांच

**मेरठ।** यूटिलिटी वाहनों के भारत के अग्रणी निर्माता और एलसीवी 3.5 टी सेगमेंट में अग्रणी महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड ने महिंद्रा वीरो के लॉन्च की घोषणा की। ये रफ्तार केरोमांच को और बढ़ाएगा। कीमतें 7.99 लाख से शुरू होती हैं। एलचीवी 3.5 ज सेगमेंट को नए सिरे से परिभाषित करने के लिए डिज़ाइन किया गया। वीरो सर्वश्रेष्ठ इन.क्लास माइलेज, मजबूत कई इंजन विकल्पों द्वारा संचालित असाधारण प्रदर्शनए उद्योग.अग्रणी सुरक्षा सुविधाओंए बेहतर यात्री सुरक्षा और एक प्रीमियम केबिन अनुभव के साथ बेजोड़ बचत प्रदान करता है। महिंद्रा का इनोवेटिव अर्बन प्रॉस्पर प्लेटफॉर्म भारत का पहला ग्राउंड.अप मल्टी.एनर्जी मॉड्यूलर सीवी प्लेटफॉर्म है। अपनी श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ कुल स्वामित्व लागत और सेगमेंट.फर्स्ट सुरक्षा प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया, यह प्लेटफ़ॉर्म उद्योग में एक नया मानदंड स्थापित करता है। महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड के ऑटोमोटिव टेक्नोलॉजी और प्रॉडक्ट डेवेलपमेंट के प्रेसिडेंट आर वेलुसामी ने कहा कि नए अर्बन प्रॉस्पर प्लेटफ़ॉर्म पर निर्मित महिंद्रा वीरो दरअसल इनोवेशन और वर्सेटीलिटी के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड के ऑटोमोटिव डिविजन के प्रेसिडेंट वीजय नाकरा ने कहा कि महिंद्रा वीरो एलसीवी 3.5टी सेगमेंट में हमारी लीडरशिप पोजीशन को और मजबूत करेगा।

## अगस्त के लिए आईसीसी के महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए वेलालागे और हर्षिता

दुबई। श्रीलंका के दुनिथ वेलालागे और हर्षिता समरविक्रमा को सोमवार को अगस्त 2024 के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) का महीने का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया।वेलालागे ने भारत के खिलाफ घरेलू एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला मे शानदार प्रदर्शन किया जबकि हर्षिता ने आयरलैंड दौरे पर प्रभावित किया।इससे पहले सिर्फ एक बार किसी महीने मे एक ही देश के दोनों पुरुष और महिला खिलाड़ियों को महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार मिला है। इस साल जून मे भारत के जसप्रीत बुमराह और उनकी हमवतन स्मृति मंधाना को महीने का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया था। वेलालागे ने दक्षिण अफ्रीका के स्पिनर केशव महाराज और वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज जेडन सील्स को पछाड़कर यह पुरस्कार जीता।वेलालागे को भारत के खिलाफ श्रीलंका के 2-0 से श्रृंखला जीतने के दौरान श्रृंखला का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया था।

## वरीवो हाई स्पीड वाहन का देगा आनंद

**नई दिल्ली।** वरीवो मोटर ने अपने पहले हाईस्पीड इलेक्ट्रिक स्कूटर सीआरएक्स के लॉन्च के साथ हाईस्पीड सेगमेन्ट में प्रवेश किया है। भारतीय उपभोक्ताओं की दैनिक आवागमन संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए बनाया गया यह आधुनिक स्कूटर आकर्षक कीमत पर सर्वश्रेष्ठ फीचर्स के साथ उपलब्ध है। यह स्कूटर चालकों का पसंदीदा संसाधन बनने के लिए तैयार है। कॉलेज जाने वाले युवाओं से लेकर आरामदायक स्कूटर की चाह रखने वाले व्यस्कों तक सीआरएक्सहर उम्र के चालकों के लिए बेहतरीन है। 42 लीटर के स्पेशियस बूट,मोबाइल चार्जिंग पॉइन्ट टाईपसी और यूएसबीद्ध तथा 150 किलोग्राम की ऊँची लोडिंग क्षमता के साथ यह इलेक्ट्रिक स्कूटर न सिर्फआवागमन का साधन होगा बल्कि आरामए स्टाइल और व्यवहारिकता का शानदार संयोजन बन जाएगा। पावर और परफोर्मेन्स का बेहतरीन संयोजन 55 किलोमीटर प्रति घण्टा की टॉप स्पीड देने वाला सीआरएक्स दो राइडिंग मोड्स में आता है। ईको और पावरए जो हर तरह के चालक के स्टाइल और उनकी पसंद पर खरा उतरेगा। इस अवसर पर राजीव गोयल डायरेक्टर वरीवो मोटर ने कहा कि एक स्कूटर से कहीं बढ़कर है। हमारी जलवायु एवं परिवहन संभी चुनौतियों का समाधान है।

## यमाल के दो गोल, बार्सिलोना ने गिरोना को 4-। से हराया

**मैड्रिड।** लामिन यमाल ने दस मिनट से भी कम समय में दो गोल दागकर स्पेनिश लीग सत्र की शुरुआत में बार्सिलोना को लगातार पांचवी जीत दिलाई। यमाल के दोहरे गोल के साथ-साथ दानी ओल्मो और पेड्री के दूसरे हाफ में किए गए गोल से बार्सिलोना ने रविवार को गिरोना पर 4-। से जीत हासिल की। इस जीत से टीम चार अंकों की बढ़त बनाकर तालिका में शीर्ष पायदान पर है। एटलेटिको मैड्रिड ने एंटोनी ग्रीजमैन एवं नए खिलाड़ी जूलियन अल्वारेज और कॉनर गैलाघर के गोल की बदौलत अंतिम स्थान वाले वालेंसिया को 3-0 से हराया, जबकि रीयल मैड्रिड ने शनिवार को किलियन एमबाप्पे और विनीसियस जूनियर के गोल की मदद से रीयल सोसिदाद पर 2-0 से जीत दर्ज की। अन्य मैचों में विलारियल ने मैलोर्का पर 2-। से जीत दर्ज की। इस जीत के बाद टीम एटलेटिको मैड्रिड और रीयाल मैड्रिड के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर है। ए तीनों टीमें बार्सिलोना से चार अंक पीछे है।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ ( फोन: 0522-4036600 ) से प्रकाशित। प्रधान सम्पादक: शोबोरी गाँगुली, स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।